


■ फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह - 12




■ ईरान संकट : पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक- 12



■ कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया - 13



■ ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की- 14


आज का मौसम 26.0° अधिकतम तापमान 14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.37 सूर्यास्त 06.12

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 05:55 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 2 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 6, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि, रक्षामंत्री समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मारे गए

## खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती की भी मौत, राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली ईरान की बागडोर

- भारी बमबारी से बुरी तरह तबाह दिखाई दिया खामेनेई का कार्यालय
- शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी आईआरजीसी के नए कमांडर

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की इजराइल और अमेरिका की ओर से किए गए बड़े हमले में मौत हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इसकी पुष्टि की। तेहरान पर हुए हमलों में इसके अलावा ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह, सेना प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवीं और आईआरजीसी कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों के भी मारे जाने की खबर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन के शोक का एलान किया गया है और देश की बागडोर तीन सदस्यीय समिति को सौंपी गई है। इनमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं।

यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी 'एयरबस' की ओर से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई। खामेनेई के कई रिश्तेदार भी इस हमले में मारे गए, जिनमें उनकी एक बेटी, दामाद, बहू और एक पोता-पोती शामिल हैं। सरकारी टीवी ने कहा कि खामेनेई की अपने कार्यालय में हुई मौत दिखाती है कि वह लगातार जनता के बीच खड़े रहे और अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहे। ईरान सरकार ने खामेनेई की हत्या को बड़ा अपराध बताते हुए कहा कि यह घटना इस्लामी दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। इस बीच अमेरिकी मीडिया ने इजराइली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों में 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है।



तेहरान में रविवार को हुए हमले के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार। ● एजेंसी



### खामेनेई की मौत का बदला लेंगे: पेजेशकियन

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा है कि इजराइल और अमेरिका के हमलों का बदला लेना ईरान का कानूनी हक और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, खामेनेई दुनिया के सबसे बुरे खलनायक के हाथो मारे गए। उन्होंने खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पछताना पड़ेगा। यह अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा।

### इजराइल-अमेरिका के ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमले, तेहरान में सैन्य ठिकानों पर गिरीं मिसाइलें

- कई जगह उठे घने काले धुएं के गुबार तीन अमेरिकी सैनिकों की भी मौत

इजराइल और अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के भीतर सैकड़ों ठिकानों पर हवाई हमले किए। तेहरान के बीचोबीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्यालय थार-अल्लाह, सेना के अस्पताल और बासिज मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों को पूरी तरह नष्ट करने का दावा किया है। उपग्रह चित्रों में ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर भारी नुकसान देखा गया। इजराइली हमलों का निशाना इराक का जुर्फ अल-सखर बेस भी बना जहां ईरान समर्थित 2 लड़ाकों की मौत हो गई। इस अभियान के दौरान 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं और 5 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इजरायल ने आईआरजीएस मुख्यालय को भी निशाना बनाया और सेना के अस्पताल भी उसकी गोलीबारी की जद में आ गए। इजराइल ने कई सैन्य ठिकानों पर भी मिसाइलें दागीं। इजराइली रक्षा बल के अनुसार, ऑपरेशन रोरिंग लायन शुरू होने के बाद पहली बार तेहरान के शासकीय केंद्रो पर हमला किया जा रहा है। तेहरान से मिली खबरों के मुताबिक, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में धमाके हुए। तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए।

### ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर मिसाइलें दागीं, इजराइल और खाड़ी देशों को भी बनाया निशाना


- यूएई में तीन की मौत, इजराइल के बेत शेमेश में नौ मारे गए, 20 लापता

ईरान ने रविवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ हमले किए। समुद्री सीमा पर मौजूद अमेरिका के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर ईरानी सेना ने चार मिसाइलें दागीं। ईरान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 58 लोग घायल हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ईरान ने कुल 165 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इसके अलावा 541 ड्रोन भी लॉन्च किए। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर भी हमला किया। इस दौरान पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई जिसके बाद आपातकालीन सेवाएं सक्रिय होती नजर आईं। इजराइल के बेत शेमेश में बेत शेमेश में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। करीब 20 लोग लापता हैं। ईरानी मिसाइल एक आवासीय क्षेत्र में गिरी, जिससे एक यहूदी उपासना स्थल नष्ट हो गया और आसपास के घरों को भारी नुकसान हुआ।

**ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों की ओर भी दागीं मिसाइलें** : ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने बताया ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दौ सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। हीली ने कहा, हमें पूरा यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है।

### ऐसा हमला करेंगे जो कभी पहले देखा नहीं होगा: ट्रंप

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की चेतावनी के जवाब में उसे चेताते हुए कहा, उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया। अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है। नेतन्याहू ने ईरानियों से शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान किया।



- शासन को उखाड़ फेंके ईरान की जनता: नेतन्याहू



खामेनेई की मौत के विरोध में श्रीनगर में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन।

### भारत में छायी गम-गुस्से की लहर

नई दिल्ली। खामेनेई की मौत के बाद कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक भारत के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर गम और गुस्से का इजहार किया। कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद के पास बड़ी संख्या में लोग जुटे और उन्होंने नारे लगाए। शोकाकुल महिलाएं ईरानी नेता की तस्वीर से लिपटकर रोती दिखीं।



जम्मू: बुजुर्ग महिलाओं ने भी जताया गुस्सा।

ब्रीफ न्यूज

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 28 रुपये महंगा

नई दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने होली से ठीक पहले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि घरेलू सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,768.50 रुपये का हो गया है। यह मार्च 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इस साल लगातार तीसरी बार वृद्धि हुई है।

### विमान ईंधन की कीमत भी 5.74 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपये (5.74 प्रतिशत) बढ़कर 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाए गए थे। दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपये की कटौती की गई थी जो 9.06 प्रतिशत के बराबर है।

# होली पर 9.57 लाख पेंशनरों को मुख्यमंत्री धामी ने दी सौगात

- सीएम ने एक क्लिक में जारी की फरवरी की 141.91 करोड़ की पेंशन-एरियर किश्त
- समीक्षा बैठक में पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के सख्त निर्देश दिए

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेंशनरों को होली की सौगात देते हुए समाज कल्याण विभाग की फरवरी की पेंशन किश्त का वन क्लिक के माध्यम से रविवार को भुगतान कर दिया। इस अवसर पर 9,57,651 लाभार्थियों को 141 करोड़ 91 लाख 61 हजार रुपए की धनराशि वितरित की गई। इस राशि में मासिक पेंशन के साथ एरियर भुगतान भी सम्मिलित है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर आर्थिक संबल मिला है।

फरवरी माह में वृद्धावस्था पेंशन में 5,93,184 लाभार्थियों को 8897.76 लाख, विधवा पेंशन में 2,31,593 लाभार्थियों को 3473.895 लाख, दिव्यांग में 87,477 लाभार्थियों को 1312.155 लाख, किसान पेंशन में 27,638 लाभार्थियों को 331.656 लाख, परित्यक्ता में 8,096 लाभार्थियों को 97.24 लाख, भरण-पोषण अनुदान योजना में 7,409 लाभार्थियों को 51.86 लाख, तीलू रौतेली पेंशन योजना में 2,125 लाभार्थियों को 25.5 लाख जबकि बौना पेंशन में 129 लाभार्थियों को 1.55 लाख की धनराशि हस्तांतरित की गई।

मुख्यमंत्री ने शासकीय आवास पर समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पेंशन प्रकरणों का निस्तारण पूर्ण तत्परता और समयबद्धता के साथ करें। सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। पेंशन योजनाओं की जानकारी अधिकतम योग्य लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान संचालित करें और वंचित व कमजोर वर्गों को योजनाओं से जोड़ने के लिए नवाचार आधारित प्रभावी कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करें।

### जन-जन अभियान से बढ़े पेंशनार्थी

सीएम ने कहा कि 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यभर में आयोजित शिविरों का व्यापक सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है, जिसके परिणामस्वरूप पेंशनार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनशील और प्रतिबद्ध कार्यशैली का प्रमाण बताते हुए निर्देश दिए कि दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में ऐसे विशेष अभियान निरंतर जारी रखें ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

# टी-20 विश्वकप : भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**संजू सैमसन**

97 रन नाबाद
12 चौके, 4 छक्के

- सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी भिड़ंत, वानखेड़े स्टेडियम में 5 मार्च को होगा मुकाबला

**कोलकाता।** संजू सैमसन की नाबाद 97 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में भारत 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

संजू सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज ने भारत को 196 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करने उतरी भारत की टीम के लिए संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 29 रन जोड़े। तीसरे ओवर में अकील हुसैन ने अभिषेक (10) और फिर जेसन होल्डर ने इशान किशन (10) को पवेलियन भेजा। कप्तान सूर्यकुमार यादव (18), तिलक वर्मा 15 गेंदों में (27) और हार्दिक पंड्या 17 रन बनाकर आउट हुए। संजू सैमसन एक छोर थामे बनाते रहे। भारत ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम कर लिया।

# मिडिल ईस्ट में फंसे कई भारतीय उत्तराखंड में बेचैनी का माहौल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- राज्य में हाई अलर्ट जैसी स्थिति, इंटरनेट बाधित होने से परेशान हैं परिवार के लोग



**अमृत विचार:** ईरान और इजराइल के बीच जंग का दायरा जैसे-जैसे बढ़ रहा है, भारत के तमाम राज्यों के साथ ही उत्तराखंड में भी चिंताएं बढ़ रही हैं।

मिडिल ईस्ट के ताजा परिदृश्य को देखते हुए उत्तराखंड में अघोषित तौर पर हाई अलर्ट जैसी स्थिति है और हालात पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। उत्तराखंड के देहरादून और हरिद्वार जिले के कई युवा मिडिल ईस्ट में या तो नौकरी कर रहे हैं या धार्मिक शिक्षा ले रहे हैं। उनके यहां स्थानीय परेशान उनकी सलामती को लेकर बेचैन हैं। हालांकि जंग के शुरुआती दौर के बाद से ही युवा वहां से अपने परिजनों को कॉल कर कुशलता की जानकारी दे रहे हैं लेकिन इंटरनेट और नेटवर्क बाधित होने से परिजनों की बेचैनी बढ़ रही है।

### भारत-नेपाल सीमा 72 घंटे बंद

**पिथौरागढ़ :** नेपाल में प्रतिनिधि सभा के लिए पांच मार्च को होने वाले चुनाव के मद्देनजर उत्तराखंड के सीमावर्ती पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों में प्रशासन ने सोमवार से 72 घंटों के लिए दोनों देशों के बीच सीमा को बंद करने का निर्णय लिया है। रविवार को डीएम पिथौरागढ़ आशीष भटगांई ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों को पांच मार्च तक सतर्क रहने को कहा गया है।

### एयर इंडिया आज से शुरू करेगी यूरोप, उत्तरी अमेरिका की उड़ानें

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने कहा है कि वह सोमवार को उत्तरी अमेरिका और यूरोप के लिए अपनी अधिकतर उड़ने दोबारा शुरू करेगी। एयरलाइन ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 1 मार्च को उत्तरी अमेरिका और यूरोप की उसकी सिर्फ छह उड़नें रद्द रहेंगी। अन्य उड़ानों को मार्ग बदलकर पश्चिम एशिया में वर्तमान में उपलब्ध हवाई क्षेत्र से होकर गुजारा जाएगा। हालांकि संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इजराइल और कतर री उसकी सभी उड़ानें सोमवार रात 11:59 बजे तक के लिए रद्द कर दी गई हैं।

# हल्द्वानी: हाथियों ने दो भाइयों को कुचला, दोनों की मौत

प्रमुख संवाददाता, हल्द्वानी

- टांडा के जंगल में हादसा, शाहजहांपुर निवासी थे दोनों

**अमृत विचार:** टांडा के जंगल में हाथियों ने मोपेड सवार दो युवकों शकील (26) पुत्र मुन्ना व जफर (28) पुत्र शब्बीर को कुचल दिया।

पुलिस के अनुसार, दोनों युवक रिश्ते में भाई लगते थे। मूल रूप से कटरा शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी थे। वर्तमान में हल्द्वानी में बनभूलपुरा क्षेत्र की गफूर बस्ती में रहकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी और कपड़ों की फेरी लगाते थे। दोनों शनिवार रात मोपेड से हल्द्वानी से रुद्रपुर जा रहे थे। बेलबाबा मंदिर से कुछ दूरी पर टांडा के जंगल में अचानक उनके आगे हाथियों का झुंड आ गया। अंधेरे की वजह से वे हाथियों को देख नहीं पाए और उनसे टकराकर सड़क पर जा गिरे। टक्कर लगने से बिगड़े हाथियों ने दोनों पर हमला कर कुचल डाला। पुलिस ने दोनों को एसटीएच हल्द्वानी पहुंचाया जहां शकील को मृत घोषित कर दिया गया जबकि गंभीर घायल जफर की बरेली ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



शकील (फाइल)



जाफर (फाइल)

पुराना ताल्लुक

किंतूर गांव में गम और गुस्सा, ईरान की इस्लामी क्रांति के दो सबसे बड़े चेहरों की जड़ें इसी गांव से जुड़ीं

# अयातुल्ला खामेनेई के पूर्वजों का था बाराबंकी से गहरा संबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इजराइली हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने से बाराबंकी जिले के किंतूर गांव के लोग गमगीन हैं। खामेनेई के पूर्वजों के बारे में दावा किया जाता है कि वह इसी गांव के थे। लखनऊ के नवाबों संग ईरान की धार्मिक यात्रा पर खामेनेई के पूर्वज बाराबंकी से गए थे।

बाराबंकी जिले का इतिहास महाभारतकाल से जुड़ा है। प्राचीन महाभारत कालीन कुंतेश्वर मंदिर जिस स्थान पर स्थित है उसे ही किंतूर गांव कहा जाता है। इसी किंतूर की धरती से ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई का नाता जुड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि कभी अयातुल्ला खामेनेई इस गांव में नहीं आए मगर उनके पूर्वजों की पीढ़ियां गांव से संबंध थे।



किन्तूर गांव में खामेनेई की मौत पर गम में डूबे लोग।

बाराबंकी के किंतूर से ईरान गए सैयद अहमद मूसवी के पोते रूहुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई थे। बताते हैं कि वर्ष 1790 में जिले की सिरौली गौसपुर तहसील के किंतूर गांव में सैयद अहमद मूसवी का जन्म हुआ था। पढ़ाई-लिखाई के बाद सन् 1830 में 40 वर्ष की उम्र में अहमद मूसवी अवध के नवाब के साथ धार्मिक यात्रा पर इराक गए। पहले नजफ पहुंचे, जहां उन्होंने हज़रत इमाम अली की दरगाह पर ज़ियारत की। बाद में फिर स्थायी रूप से ईरान के एक गांव खुमैन में बस गए थे। उनके पूर्वज बताते हैं कि अहमद मूसवी ने अपने नाम के आगे उपनाम हिंदी जोड़ा ताकि यह अहसास बना रहे कि वह हिंदुस्तान से हैं। उन्हें शेरों शायरी का भी काफी शौक था।

### शाह का शासन उखाड़ फेंका था

अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी ने वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व कर शाह के शासन को उखाड़ फेंका और ईरान को एक शिया इस्लामी गणराज्य में बदल दिया। पश्चिम एशिया की राजनीति को दशकों तक प्रभावित करने वाली इस क्रांति के पीछे खुमैनी के भाषणों की गूंज थी। जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी सम्मोहक और जनभावनाओं को आंदोलित करने वाला बताया। आज ईरान की मुद्रा पर उनकी तस्वीर छपी है और तेहरान में उनका भव्य मक़बरा मौजूद है। लेकिन कम लोग जानते हैं कि उनकी वंश परंपरा की जड़ें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में छिपी हैं।

### मशहद में हुआ परिवार का उदय

नजफ़ के बाद सैयद अहमद मुसवी हिन्दी ईरान के मशहद चले गए, जो इमाम रज़ा की दरगाह के कारण शिया इस्लाम का प्रमुख तीर्थस्थल है। वहीं से मुसवी परिवार ईरान के धार्मिक प्रतिष्ठान में स्थापित हुआ। यह परिवार सातवें शिया इमाम इमाम मूसा अल-काज़िम का वंशज माना जाता है, जिससे इसे धार्मिक नेतृत्व की ऐतिहासिक वैधता मिली। अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म वर्ष 1939 में मशहद में हुआ। उनके पिता सैयद जवाद खामेनेई एक साधारण लेकिन सम्मानित धर्मगुरु थे और सैयद अहमद मुसवी हिन्दी के प्रत्यक्ष वंशज थे।

## स्टेट ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने दी होली की शुभकामनाएं

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी है। होली पर्व की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि होली रंग और उल्लास के त्योहार के साथ ही हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। होली केवल रंगों का ही त्योहार नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है।

### भाजयुमो के जिला महामंत्री बने चंदन

**अल्मोड़ा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर चंदन बहुगुणा को मोर्चा का अल्मोड़ा जिला महामंत्री बनाया गया है। दायित्व मिलने पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जिला अध्यक्ष महेश नयाल, विधायक मोहन सिंह मेहरा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, दर्शन रावत, मेयर अजय वर्मा ने चंदन बहुगुणा को बधाई दी है।

**उत्तर पूर्वी भारत व देश के अन्य हिस्सों में आंशिक चंद्रग्रहण नजर आएगा, ग्रहण दोपहर 3.20 बजे से, पूर्ण ग्रहण की अवधि 5.03 से 5.33 बजे तक रहेगी**

# होली से पहले कल बदले रंग में दिखेगा चंद्रमा, 30 मिनट दिखेगा ब्लड मून

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मंगलवार को वर्ष का पहला चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा कई देशों में देखा जा सकेगा। मगर भारत में पूर्ण चंद्रग्रहण उत्तर पूर्वी हिस्सों में चंद लम्हों के लिए नजर आएगा, जबकि बाकी जगहों पर आंशिक चंद्रग्रहण ही देखा जा सकेगा।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज साइंस सेंटर के प्रभारी डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि यह पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना होगी। इसे ब्लडमून भी कहा जाता है। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा लाल व भूरे रंग में नजर आता है। यानी 4 मार्च को खेली जाने वाली होली से पहले ही लाला रंग का चंद्रमा दिखने की खगोलीय घटना नजर आएगी।



ग्रहण लगे चंद्रमा की तस्वीर। फाइल फोटो

ग्रहण दोपहर 3.20 बजे लगना शुरू होगा। यह ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा, लेकिन अधिकांश हिस्सों में आंशिक चंद्रग्रहण ही देखने को मिलेगा, जबकि उत्तर पूर्वी भारत के हिस्सों में चंद मिनट पूर्ण चंद्रग्रहण नजर आएगा। डॉ. वीरेंद्र यादव के अनुसार भारतीय समय के अनुसार ग्रहण दोपहर 3.20 बजे लगना शुरू हो जाएगा। अधिकतम पूर्ण ग्रहण की अवधि 5.03 से 5.33 बजे तक रहेगी। कुल पूर्णता की करीब 30 मिनट रहेगी। शाम 6. 47 बजे चंद्रमा ग्रहण से मुक्त हो जाएगा। भारत में चंद्रमा उदय होते ही आंशिक रूप से ग्रहण दिखाई देगा, जो जल्द ही समाप्त हो जाएगा।

### नैनीताल में आंशिक चंद्रग्रहण देखा जा सकेगा

**नैनीताल :** डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि नैनीताल में चंद्रोदय का समय शाम 6.15 बजे होगा, तभी आंशिक ग्रहण लगा चंद्रमा नजर आएगा और आधा घंटे बाद चंद्रग्रहण समाप्त हो जाएगा। यह सामान्य खगोलीय घटना है। चंद्रग्रहण का समय बहुत कम होने के कारण अधिक अध्ययन नहीं किया जा सकेगा। अलबत्ता थोड़ा ही समय के लिए ऑब्जर्वेशन संभव हो सकेगा।

## युद्ध, अशांति और भारी उथल-पुथल के संकेत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** चंद्र ग्रहण भारत के अलावा पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और प्रशांत महासागर के क्षेत्रों में दिखाई देगा, जिसका व्यापक असर वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाएगा।

ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय के अनुसार इस चंद्रग्रहण का पृथ्वी पर सकारात्मक प्रभाव कम और नकारात्मक असर अधिक दिखाई दे रहा है। ग्रहण के समय से लेकर अगले 15 दिनों तक विश्व के कई राष्ट्र युद्ध की विभीषिका में उलझ सकते हैं।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, राष्ट्रों के बीच एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़, सीमाओं पर तनाव, अर्थव्यवस्था में गिरावट और राजनीतिक उथल-पुथल की प्रबल संभावना है। साथ ही, भूगर्भीय (भूकंप आदि) और आकाशीय घटनाएं भी समाज को प्रभावित कर सकती हैं। ग्रहण सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में घटित हो रहा है।

### 2 मार्च को जलेगी होली, 4 को मनेगा रंगोत्सव

**हल्द्वानी :** इस वर्ष होली पर भी चंद्र ग्रहण और भद्रा का साया रहने वाला है। प्रसिद्ध ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि शास्त्र सम्मत गणना के आधार पर इस बार होलिका दहन 2 मार्च को और रंगों की होली 4 मार्च को मनाई जाएगी। वार्ष्णेय ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च को सायंकाल 05 :55 बजे से प्रारंभ होकर 3 मार्च को सायंकाल 05 :07 बजे तक रहेगी। 3 मार्च को दोपहर 03 :20 बजे से शाम 06 :47 बजे तक चंद्र ग्रहण रहेगा, जिसका सूतक काल 9 घंटे पूर्व ही प्रारंभ हो जाएगा, इसलिए 3 मार्च को होलिका दहन शास्त्र सम्मत नहीं है। वार्ष्णेय के अनुसार 2 मार्च की रात्रि को भद्रा पुच्छ के समय होलिका दहन करना शुभ फलदायी रहेगा। वहीं 3 मार्च को चंद्र ग्रहण और सूतक के प्रभाव के कारण रंगोत्सव वर्जित रहेगा। 4 मार्च बुधवार को चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि में पूरे हर्षोल्लास के साथ रंगों वाली होली (धुलेंडी) मनाई जाएगी।

### अलग-अलग राज्यों में प्रभाव दिखाएगा ग्रहण

ग्रहण का असर हर राशि पर अलग-अलग होगा। शुभ राशियों में वृषभ, मिथुन, तुला और मकर शामिल हैं, जिनके लिए यह समय पदोन्नति, धन लाभ और सुख-सौभाग्य बढ़ाने वाला रहेगा। वहीं अशुभ राशियों में मेष, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धनु, कुम्भ और मीन हैं, जिनके लिए यह समय मान-सम्मान में कमी, धन हानि, मानसिक या शारीरिक तनाव, काम में बाधा और पारिवारिक परेशानियां ला सकता है।

# आईआईटी रुड़की की टीम ने जीती ट्रॉफी

**लोकभवन में वसंतोत्सव-2026 : प्रतियोगिताओं के विजेताओं को राज्यपाल व सीएम ने किया पुरस्कृत**

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** लोक भवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव का रविवार को भव्य समापन हो गया। वसंतोत्सव के इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों के प्राकृतिक सौंदर्य और अन्य कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। वसंतोत्सव-2026 में इस वर्ष की रनिंग ट्रॉफी आईआईटी रुड़की के नाम रही।

इस वर्ष आईआईटी रुड़की ने 13 श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं, 4 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त कर ओएनजीसी को दूसरा स्थान मिला। वसंतोत्सव में 15 श्रेणियों की 54 उप श्रेणियों में 161 पुरस्कार वितरित किए गए। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं, रंगोली तथा बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता आदि श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।



समापन समारोह में एक बालक को आशीर्वाद देते राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री।

वसंतोत्सव- 2026 में इस वर्ष पहली बार गवर्नर्स अवार्ड की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों, महिला कृषकों तथा स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार कर रहे युवा कृषकों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित कृषकों की श्रेणी में बागेश्वर जनपद के दीपक गड़िया को प्रथम, रुद्रप्रयाग जनपद के कपिल शर्मा को द्वितीय तथा पिथौरागढ़ जनपद के शुभम सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कृषकों की श्रेणी में चंपावत जनपद की राधा राणा को प्रथम, अल्मोड़ा जनपद की कविता मेहरा को द्वितीय तथा पौड़ी गढ़वाल जनपद की शांति जुयाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार कर रहे अग्रणी युवा कृषकों की श्रेणी में टिहरी जनपद के देवेंद्र सिंह चौहान को प्रथम, नैनीताल जनपद के पंकज मेहता को द्वितीय तथा हरिद्वार जनपद के उज्ज्वल सैनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इन तीन दिनों में लोक भवन में आई लगभग साढ़े तीन लाख जनता के चेहरे पर जो प्रसन्नता और संतोष दिखाई दिया, वही इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता है। वसंतोत्सव-2026 की मूल भावना यह रही कि फूलों के माध्यम से व्यक्ति के भीतर सकारात्मकता, संतुलन और रचनात्मकता का संचार हो। शोध के आधार पर उद्यान विभाग द्वारा स्थापित स्टॉलों में यह प्रदर्शित किया गया कि किस प्रकार पुष्प मानव जीवन में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आनंद का स्रोत बन सकते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि वसंतोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की प्राकृतिक संपदा, कृषि शक्ति और उभरती हरित अर्थव्यवस्था का उत्सव है। वसंत ऋतु प्रकृति के श्रृंगार के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक प्रसन्नता का संदेश देती है।

### इनकी रही विशेष मौजूदगी

कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, सविता कपूर, प्रथम महिला गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी गीता धामी, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, सचिव उद्यान एसएन पांडेय, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, निदेशक उद्यान एसएल सेमवाल की उपस्थिति रही।

## फायरिंग में पति पत्नी व पुत्र घायल

**अल्मोड़ा :** भैंसियाछाना ब्लॉक के मंगलता क्षेत्र में आपसी विवाद के दौरान फायरिंग की घटना सामने आई है। इसमें पति-पत्नी और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मंगलता निवासी सुरेश सिंह चम्याल ने धौलछीना थाना में तहरीर देकर बताया कि उनका छोटा भाई अर्जुन सिंह भवन निर्माण कार्य के सिलसिले में मजदूरों के साथ कार्यस्थल पर गया था। इसी दौरान गांव के ही राजेंद्र सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर उतर आया और बाद में बंदूक निकालकर फायर कर दिया। फायरिंग में छर्रे अर्जुन सिंह, उनकी पत्नी और बेटे को लग गए, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

इधर, थानाध्यक्ष सुनील सिंह बिष्ट ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



काशीपुर में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

## होली हमारी सांस्कृतिक व लोक पहचानः धामी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रंगोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजकर उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में माताओं, बहनों, युवा साथियों और सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत प्रसन्नता देती है। रविवार को नगर निगम ग्राउंड में आयोजित रंगोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पर्व और उत्सव केवल परंपराएं नहीं, बल्कि हमारी पहचान हैं। यही हमें अपनी मिट्टी और संस्कृति से जोड़कर रखते हैं। इसी भावना के साथ राज्य सरकार देवभूमि की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व भारत की प्राचीन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और जीवंत परंपराओं की ओर आकर्षित हो रहा है, तब हमारा दायित्व और भी बढ़ जाता है कि हम अपनी लोक संस्कृति को केवल उत्सवों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि आधुनिकता के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

## शानदार उदाहरण बनेगा टिहरी लेक फेस्टिवल

संवाददाता, टिहरी

**अमृत विचारः** टिहरी जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आगामी 6 से 9 मार्च के बीच प्रस्तावित टिहरी लेक फेस्टिवल, शासन- प्रशासन और स्थानीय जन सहभागिता का शानदार उदाहरण बनने जा रहा है। जहां एक और जिला प्रशासन प्रतिभागियों को हर तरह से सुविधा देने का प्रयास कर रहा है। वहीं, स्थानीय होटल, होमस्टे संचालकों से लेकर वाटर स्पोर्ट्स संचालित करने वाले निजी हितधारकों ने भी प्रतिभागियों को शुल्कों में विशेष छूट देने का निर्णय लिया है।

टिहरी जिला प्रशासन और उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के संयुक्त प्रयासों से जिले के विभिन्न स्थानों में आगामी 6 से 9 मार्च के बीच हिमालयन ओट्-टिहरी लेक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन में देशभर से प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। खास बात यह है कि प्रतिभागियों को इस दौरान होटल, होमस्टे, वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी में विशेष छूट मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के लिए पंजीकरण करवाने वाले प्रतिभागियों को इन तिथियों में स्थानीय होटल और होमस्टे के किराए में 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी, जबकि वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी में 25 प्रतिशत तक छूट मिलेगी, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों ने स्वयं यह पहल की है।

## अपहृत किशोरी पानीपत से बरामद

**रुड़कीः** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने अपहृत किशोरी को हरियाणा के पानीपत शहर से सकुशल बरामद करते हुए अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने रविवार को बताया कि, बीती 25 फरवरी को किशोरी के परिजनों ने कोतवाली पर तहरीर दी थी, जिसके आधार पर अभियोग दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की गई थी।

उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह नेगी की टीम ने सर्विलांस और मुखबिर तंत्र के सहयोग से किशोरी को पानीपत से बरामद करते हुए आरोपी देवबंद सहारनपुर निवासी शुभम को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी से पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धाराओं को बढ़ाया गया है।

# गृह मंत्री शाह 7 को हरिद्वार में, सीएम ने ली बैठक

- मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगामी 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाएं ताकि भ्रमण के दौरान सुरक्षा, यातायात, जनसुविधाओं तथा समन्वय से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। कहा कि हरिद्वार एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी है, ऐसे में कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने, यातायात प्रबंधन के लिए प्रभावी योजना बनाने, पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा संबंधित विभागों के मध्य समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यक्रम स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की प्रत्येक व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए, ताकि केन्द्रीय गृह मंत्री का हरिद्वार भ्रमण सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

बैठक में गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कार्यक्रम की तैयारियों की प्रगति से अवगत कराया तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।



### चुनावी बिगुल फूंकने की तैयारी

विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और प्रदेश भाजपा संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का उत्तराखंड आगमन कई मायनों में अहम माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि शाह उत्तराखंड भाजपा की चुनाव के लिहाज से नब्ज टटोलने आ रहे हैं कि सरकार और संगठन के स्तर पर आगामी चुनाव की क्या तैयारियां हैं। माना यह भी जा रहा इसी माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी उत्तराखंड दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में भाजपा द्वारा चुनावी बिगुल फूंकने की तैयारी है।

## होली के चलते अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

**बागेश्वर :** होली के त्योहार के दौरान जनपद में बार व देशी-विदेशी शराब की दुकानों पर अवैध बिक्री में तेजी देखी जा रही है। हालात यह हैं कि कई स्थानों पर नाबालिगों को भी शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बावजूद आबकारी विभाग और पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से उनके दावे सवालों के घेरे में हैं।

सूत्रों के अनुसार पर्व के मौके पर तस्करी और अवैध बिक्री बढ़ जाती है। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बार से बाहर शराब की बोतलों की खुलेआम बिक्री हो रही है। कई गांवों में दुकानों के सेल्समैन घर-घर शराब पहुंचा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश चन्द्र और गोविन्द सिंह ने आरोप लगाया कि नियमों के विपरीत बार से बाहर शराब बेची जा रही है और नाबालिगों को भी शराब दी जा रही है।

# विधायक भगत ने नितिन नवीन से की भेंट

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यालय में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का नेतृत्व संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उनके कुशल नेतृत्व में आगामी चुनावों में पार्टी को मिलने वाली सफलता की कामना की।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट करते विधायक बंशीधर भगत।

विधायक भगत ने इस मुलाकात में उत्तराखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सीएम धामी के कुशल मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने संगठनात्मक स्तर पर मजबूती हासिल की है।

कार्यकर्ताओं का मनोबल उच्च स्तर पर है और पार्टी की सांगठनिक सक्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनावों को लेकर मजबूत संकल्प जताया। भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर ऐतिहासिक हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी के कार्यकर्ता और जनसमर्थन के बल पर उत्तराखंड में एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनेगी।

- पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में आगामी चुनावों में सफलता की कामना
- विधायक भगत ने भेंट के दौरान की मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व की सराहना

विधायक भगत ने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भाजपा के राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत करने और राज्य इकाइयों के साथ समन्वय बढ़ाने की दिशा में काम करने को कहा है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों को और तेज करने को कहा है।

## कैंसर पीड़ित एएसआई सत्यवीर का निधन

**देहरादूनः** कैंट कोतवाली के तैनात अपर उप निरीक्षक (एएसआई) सत्यवीर सिंह का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। कुछ दिन पूर्व अचानक ब्रेन हेमरेज होने के कारण उन्हें परिजनों ने पटेल नगर स्थित इन्द्रेश अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनका निधन हो गया। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल और महकमे ने एएसआई सत्यवीर सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दुख की इस घड़ी में शोक संतृप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने के लिये ईश्वर से कामना की।



सत्यवीर सिंह। (फाइल फोटो)

# गुलदार के हमले में महिला घायल

संवाददाता, लोहाघाट

- रविवार दोपहर बाराकोट के जंगल में बोला हमला, हायर सेंटर रेफर
- साथी महिलाओं के शोरगुल करने पर भागा गुलदार

**अमृत विचारः** बाराकोट में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को बाराकोट से लगे जंगल ने घास काटने गई महिला पर गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

साथ में गई महिलाओं के शोर मचाने पर गुलदार महिला को छोड़कर जंगल की ओर चला गया। घायल महिला को डोली के सहारे सड़क तक लाकर 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। बाराकोट गांव के कांडा तोक निवासी तुलसी देवी (52) पत्नी जीतराम गांव की अन्य महिलाओं के साथ घास काटने के लिए जंगल में गई थी दोपहर करीब 12 बजे घात लगाए गुलदार ने उसपर हमला बोल दिया। साथी महिलाओं द्वारा शोर मचाने पर गुलदार महिला को छोड़कर जंगल की ओर चला गया। जंगल से जान बचाकर भागी साथी महिलाओं ने घटना की जानकारी गांव वालों को दी। स्वजन और ग्रामीण घायल महिला को जंगल से डोली के सहारे सड़क तक लाए। जहां से उसे 108 आपात सेवा से लोहाघाट उप जिला अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।



चिकित्सकों के अनुसार महिला के चेहरे और गले में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। रेंजर राजेश कुमार जोशी ने घटना की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल में घायल महिला का हालचाल जाना। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी। बाराकोट क्षेत्र में इससे पहले भी गुलदार के हमले के कई मामले सामने आ चुके हैं। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है।

सिटी ब्रीफ

## होली पर 4 मार्च को दिन में भी होगी पानी की सप्लाई

**हल्द्वानी :** होली पर्व के अवसर पर शहरवासियों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े, इसके लिए जल संस्थान ने विशेष व्यवस्था की है। 4 मार्च को होली के दिन नियमित सुबह-शाम की आपूर्ति के अतिरिक्त दिन में भी पानी की सप्लाई की जाएगी। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि सामान्य दिनों में सुबह और शाम निर्धारित समय पर जलापूर्ति की जाती है, लेकिन होली को देखते हुए 4 मार्च को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक अतिरिक्त पानी की आपूर्ति दी जाएगी। आगे ईई लोशाली ने बताया कि त्योहार के दौरान पानी की अधिक खपत को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जल संस्थान ने लोगों से अपील की है कि पानी का उपयोग आवश्यकतानुसार और संयमपूर्वक करें, जिससे सभी क्षेत्रों में सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## कूड़े में लगी आग, चपेट में आए डंपर

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा के इंद्रानगर में कूड़े में लगी आग ने दो डंपरों को चपेट में ले लिया। दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि रविवार की शाम के समय सूचना मिली कि गौला गेट के पास खड़े दो खनन वाहनों में आग लग गई है। सूचना पर टीम को भेजा गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने दोनों डंपर वाहनों में लगी आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहे। एफएसओ एमपी सिंह ने बताया कि डंपर के इंजन में आग लगी थी। समय रहते दमकल की टीम पहुंची और काबू पाया। बताया कि पास में कूड़े का ढेर जल रहा था। हवा के साथ आग फैल गई। हालांकि समय रहते आग को बुझा लिया गया। उन्होंने कहा कि अब गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में लोग विशेष एहतियात बरतें।

# नहरों-नदियों में जाने पर पाबंदी, हुड़दंगियों के लिए हवालात खाली

### एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को दी सख्त हिदायत, त्योहार पर पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर रखेंगे कड़ी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** होली के दिन पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए इस बार पुलिस ने फुलप्रूफ योजना तैयार की है। ऐसे में नहरों और नदियों में जाने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है। लोगों को रोकने की जिम्मेदारी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों की होगी। बावजूद इसके अगर लोग नही मानते तो फिर पुलिस कार्रवाई करेगी। पुलिस ने साफ संदेश दे दिया है- होली का त्योहार जमकर मनाएं, अगर हुड़दंग किया तो ऐसे लोगों के लिए हवालात खाली कर दी गई है।

**जबरदस्ती किसी पर रंग न डालें :** होली के दौरान शहर में पुलिस बल के साथ पीएसी भी लगाई जाएगी। होली के दौरान रमजान भी चल रहे हैं और ऐसे में होली खेलने वाले इस बात का ध्यान रखेंगे कि बिना किसी के मर्जी के उस पर रंग न डालें। यदि इसकी शिकायत मिलती है तो फिर कार्रवाई निश्चित है। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सीसीटीवी कंट्रोल को भी सतर्क रहने के लिए कहा है।



हल्द्वानी में पीस कमेटी की बैठक लेते एसपी क्राइम। ● अमृत विचार



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद विभिन्न समुदायों के लोग। ● अमृत विचार

- नदियों और नहरों में नहाते पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई
- एसएसपी बोले, जमकर मनाएं त्योहार, हुड़दंग बर्दाश्त नहीं

> सड़कों पर हुड़दंग रोकने के लिए शहर के लगभग सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए चौराहों पर बेरीकेडिंग लगाई जाएगी। ट्रिपलिंग करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों को भी चेतावनी दी गई है। नदियों की ओर जाने वालों को रोकने के लिए थानाध्यक्ष काठगोदाम, मुखानी, बनभूलपुरा, चोरगलिया और लालकुआं को निर्देश दिए हैं।
> – डॉ.मंजूनाथ टीसी, एसएसपी

### जनप्रतिनिधियों से शांति कमेटी बनाने को कहा

**हल्द्वानी :** होली के दौरान हुड़दंगियों पर नकेल कसने की जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस पर नहीं होगी। एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्र ने सभी पार्षदों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वह अपने क्षेत्रों के गणमान्य लोगों के साथ एक शांति कमेटी गठित करें। अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरुक करें। इसके बाद भी अगर क्षेत्र में विवाद की स्थिति पैदा होती है तो आगे बढ़कर निपटाने का प्रयास करें और पुलिस को भ सूचित कर दें। ताकि विवाद को बढ़ने से पहले ही उसे रोका जा सके।

### इन अफसरों ने बनायी योजना दिए निर्देश

बैठक की अध्यक्षता एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्र ने की। इस दौरान उपजिलाधिकारी नैनीताल विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ अमित कुमार सैनी, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेन्द्र शर्मा, कोतवाल हल्द्वानी विजय मेहता, कोतवाल बनभूलपुरा दिनेश फर्त्याल, अग्निशमन अधिकारी इन्द्रपाल, थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी, थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा, एसएसआई रोहिताश सागर आदि मौजूद रहे।

## होलिका ग्राउंड नो वेंडिंग जोन घोषित, हॉक की नजर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** होली पर शहर के प्रमुख होलिका ग्राउंड (मंगलपड़ाव) को नो-वेंडिंग जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन ने होली और रमजान के दौरान शहर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को हल्द्वानी कोतवाली के सभागार में पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या और सुझाव रखे।

पीस कमेटी की बैठक में सभी समुदायों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर भ्रामक, उत्तेजक व अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा न करने तथा केवल सत्यापित सूचना ही प्रसारित करने का आग्रह किया गया। संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त और पिकेट ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डीजे व लाउडस्पीकर का उपयोग मानकों व समय-सीमा के अनुरूप ही करने को कहा गया। होलिका दहन के दौरान उमड़ने वाली भीड़ को चेन स्नेचर और चोर-उच्चकों से बचाने के लिए सीपीयू की हॉक तैनात की जाएगी। रमजान माह में नमाज व इफ्तार के समय विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पानी और गंदगी की शिकायत की। जिसका प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लिया।

## आंखों और त्वचा का रखें ध्यान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रंगों के त्योहार होली को लेकर जहां बाजारों में उत्साह है, वहीं चिकित्सकों ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। रासायनिक रंग, गुलाल में मिले कृत्रिम तत्व, तेज धूप और पानी की बौछारें आंखों व त्वचा के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि थोड़ी सतर्कता से त्योहार की खुशियां सुरक्षित रखी जा सकती हैं।

बेस अस्पताल हल्द्वानी के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. केएस दत्ताल ने बताया कि होली के दौरान आंखों में रंग चले जाने के मामले हर साल बढ़ जाते हैं। कई रंगों में मौजूद रसायन कॉर्निया को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आंख में रंग जाने पर उसे रगड़ना नहीं चाहिए, बल्कि तुरंत साफ और ठंडे पानी से धोना चाहिए। यदि जलन, लाली, सूजन या धुंधलापन बना रहे तो तुरंत नेत्र चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने कॉन्टैक्ट लेंस लगाने वालों को होली के दिन लेंस की जगह चश्मा पहनने की सलाह दी है, ताकि संक्रमण का खतरा कम रहे।

### बच्चों के मामले में बरते विशेष सतर्कता

चिकित्सकों ने बच्चों के मामले में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। एसटीएच की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि छोटे बच्चे खेलते समय रंग आंख, नाक या मुंह में डाल लेते हैं, जिससे संक्रमण या एलर्जी की आशंका रहती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को केवल सुरक्षित रंगों से खेलने दें और पानी के गुब्बारों से दूर रखें, क्योंकि इससे चोट लगने का खतरा भी रहता है। धूप में लंबे समय तक खेलने से बचाएं और बीच-बीच में पानी पिलाते रहें। रंग छुड़ाने के लिए केरोसिन, पेट्रोल या डिटर्जेंट जैसे कठोर पदार्थों का प्रयोग न करें। हल्के साबुन और गुनगुने पानी से धीरे-धीरे रंग साफ करें और बाद में मॉइश्चराइजर लगाएं। यदि त्वचा पर छाले, तेज जलन या आंखों में लगातार दर्द हो तो तुरंत अस्पताल पहुंचें।

### होली पर बरतें ये सावधानियां

1-होली खेलने से पहले शरीर पर तेल लगाएं।

2-आंखों में रंग जाने पर रगड़ें नहीं, तुरंत पानी से धोएं।

3-कॉन्टैक्ट लेंस की जगह चश्मा पहनें।

4-हर्बल और प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें।

5-बच्चों को पक्के रंगों और पानी के गुब्बारों से दूर रखें।

### हर्बल या प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग बेहतर

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि बाजार में मिलने वाले कई रंगों में हानिकारक रसायन मिलाए जाते हैं, जो त्वचा पर एलर्जी, खुजली, रैशेज और सूजन का कारण बन सकते हैं। होली खेलने से पहले शरीर पर नारियल या सरसों का तेल लगाने से रंग सीधे त्वचा में नहीं समाते। चेहरे पर मॉइश्चराइजर और होंठों पर लिप बाम लगाने की भी सलाह दी गई है। यथासंभव हर्बल या प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग करना बेहतर है।

# ऊर्जा निगम के 32.91 लाख रुपये दबाए बैठे हैं दस सरकारी विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ऊर्जा निगम के ग्रामीण खंड की ओर से जारी ताजा बकाया सूची ने सरकारी विभागों में खलबली मचा दी है। फरवरी 2026 तक के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार क्षेत्र के 10 प्रमुख सरकारी विभागों पर कुल 32.91 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है।

लगातार नोटिस और रिमाइंडर के बावजूद भुगतान न होने पर विभाग अब सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। जारी सूची के अनुसार बकाया भुगतान में शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग सबसे पीछे हैं। शिक्षा विभाग के 85 कनेक्शनों पर 8.13 लाख रुपये से अधिक की धनराशि लंबित है। वहीं स्वास्थ्य विभाग (मेडिकल) के मात्र 14 कनेक्शनों पर 15.92 लाख रुपये का सबसे बड़ा बकाया दर्ज है। अन्य विभागों में बीएसएनएल पर 4.33 लाख रुपये, वन विभाग पर 2.80 लाख रुपये व पुलिस विभाग पर करीब 54 हजार रुपये की देनदारी है। इसके अलावा रेलवे, बाल विकास अधिकारी कार्यालय, लघु सिंचाई विभाग और निदेशक रेशम विभाग पर भी हजारों रुपये का बिल लंबित चल रहा है।

ऊर्जा निगम अधिकारियों के अनुसार कुल 140 कनेक्शनों पर निगम की बड़ी राशि अटकी हुई है। बार-बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से भुगतान में अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो नियमानुसार बकाया विभागों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। ईई ग्रामीण एसके गुप्ता ने बताया कि कई सरकारी विभागों का बिजली बिल अभी तक बकाया है। उन्होंने कहा कि नोटिस और रिमाइंडर भेजने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ है। अगर जल्द भुगतान नहीं किया गया, तो इन विभागों की बिजली के कनेक्शन काटने की प्रकिया शुरू की जाएगी। उन्होंने विभागों से अपील की कि वे जल्द बकाया राशि जमा कराएं।

## घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगाई, मौत

**नैनीताल:** नगर के सात नंबर क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह बच्चों ने पिता को छत की बल्ली से रस्सी के सहारे लटका हुआ देखा, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

सात नंबर क्षेत्र निवासी 36 वर्षीय हेम कुमार मजदूरी का कार्य करता था। देर रात घर लौटने पर उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान हाथ उठाने से आहत होकर पत्नी घर छोड़कर चली गई। देर रात तक पत्नी का पता न चलने से युवक मानसिक रूप से परेशान हो गया और उसने कमरे में फांसी लगा ली। सुबह बच्चों के रोने पर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे।

# दमुवाढूंगा में गलत लाइन जोड़ने से पानी ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जलसंस्थान की गलत कार्यप्रणाली का खामियाजा दमुवाढूंगा में सरदार की कोठी के पास लोग भर रहे हैं। यहां जलसंस्थान ने 12 इंच की पेयजल लाइन को हटाया और उसकी जगह छह इंच की पेयजल लाइन को डाला। इस लाइन को गलत तरीके से जोड़ने की वजह से पेयजल समस्या खड़ी हो गई।

यहां शीशमहल फिल्टर प्लांट से पानी आता है। इस क्षेत्र में पहले पानी की कभी इतनी विकराल समस्या नहीं रही, जितनी अब हो गई है। शुरू में करीब 15 दिन पहले जब जलसंस्थान को समस्या से अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि लोगों के घरों में नल की लीकेज की वजह से समस्या हो रही है। समस्या ठीक करने के बाद भी लोग परेशान रहे। करीब दो सप्ताह बाद छह इंच की जो लाइन नई डाली है उसके ज्वाइंट को ठीक से लगाया गया। पानी तो आया लेकिन प्रेशर कम होने की वजह से पानी की आपूर्ति रुक गई। अब जाकर जलसंस्थान को पता चला कि लाइन को ठेकेदार ने गलत तरीके से लगा दिया है, जिस वजह से लाइन में पानी का प्रेशर कम हो गया है। जलसंस्थान का कहना है जमरानी बांध परियोजना की वजह से यहां लोगों के घरों के संयोजन 12 इंच की पाइपलाइन से हटाए गए थे। करीब एक माह का समय लगेगा और नहर की दूसरी तरफ 12 इंच की पाइप लाइन को शुरू कर दिया जाएगा। उसके बाद छह इंच की पाइपलाइन को इसी लाइन से जोड़ा जाएगा।



दमुवाढूंगा में पेयजल लाइन को ठीक करते कर्मचारी।

### कुमाऊं आयुक्त से भी हुई थी शिकायत

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से भी शिकायत की गई थी। उसके बाद जलसंस्थान के अधिकारी और कर्मचारी 15 दिन बाद भी समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं कर पाए हैं। अलबत्ता वो रोज क्षेत्र का दौरा करने जरूर आते हैं। इधर जलसंस्थान के दमुवाढूंगा रेंज के जेई सोहन ने बताया कि समस्या का समाधान करने की कोशिश की जा रही है।

# दो साल में सबसे गर्म रही 2026 की फरवरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** दो साल बाद फरवरी माह में एक बार फिर से गर्माहट ठीक-ठाक महसूस हुई। माह के अंतिम दिन पारा 29 डिग्री को पार कर गया था। इधर मार्च की शुरूआत भी 29 डिग्री पारे के साथ हुई है।

हल्द्वानी में फरवरी में आज तक सबसे गर्म दिन 26 फरवरी 2006 का रहा है। इस दिन तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके अलावा साल 2021 में 27 फरवरी को पारा 31.9 डिग्री था। बाकी फरवरी में कभी पारा 30 डिग्री पार नहीं गया। इस साल 27 फरवरी को पारा 29.3 डिग्री था। इससे पहले साल 2025 में 21 फरवरी को 28 डिग्री और साल 2024 में भी 21 फरवरी को 27.6 डिग्री पारा था। साल 2023 में 28 फरवरी को पारा 29.7 डिग्री था। दो साल बाद फिर से फरवरी के अंतिम सप्ताह में अपेक्षाकृत गर्मी ज्यादा रही। एक मार्च की बात करें तो हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 29 डिग्री रहा जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है और न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री रहा। दिन के समय अब लोग पंखा भी चलाने लगे हैं। फिलहाल आने वाले दिनों में पारे में और भी उछाल आने का अनुमान है। अनुमान है कि मार्च के पहले सप्ताह बाद ही पारा 32 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

## पुलिस ने अस्सी वर्षीय शराब तस्कर को पकड़ा

**हल्द्वानी :** होली से पहले शराब तस्करी में जुटे एक पेशेवर स्कूटी सवार शराब तस्कर को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने एक और तस्कर को दबोचा, जिसकी उम्र 80 साल है।

कोतवाली हल्द्वानी पुलिस ने चेकिंग के दौरान मंगल पड़ाव क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया, जो स्कूटी से अंग्रेजी शराब की सप्लाई कर रहा था। आरोपी का नाम सोनू शर्मा पुत्र स्व. सतपाल शर्मा निवासी खन्ना फार्म तीनपानी बरेली रोड है। इसके पास से शराब के 144 पव्वे बरामद हुए हैं। वहीं लालकुआं पुलिस ने जयपुर बीसा क्षेत्र से एक वृद्ध को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम लाल सिंह (80वर्ष) पुत्र स्व. बहादुर सिंह है। दोनों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बाघ के आतंक को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते बाघ के आतंक को लेकर सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपा गया।

एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर ने कहा कि हाल के दिनों में बाघ के हमलों में कई लोगों की जान जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। संगठन ने प्रशासन से बाघ को पकड़ने के लिए ठोस और प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही लामाचौड़, फतेहपुर और पनियाली क्षेत्र में जंगल किनारे बसे लोगों को सख्त निर्देश जारी करने तथा जंगल में प्रवेश पर रोक लगाते हुए उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई। अन्वय लोगों ने कहा कि वन विभाग से जंगल क्षेत्र को पूरी तरह कवर करने और चेतावनी संबंधी नोटिस बोर्ड लगाने की मांग की गई, ताकि जंगल में जाने वाले लोग स्वयं अपनी जिम्मेदारी समझें। वन विभाग के अधिकारियों के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण, नगर अध्यक्ष शशि गुप्ता, जमील कुरेशी, मीडिया प्रभारी रोहित दिवाकर, कैलाश आर्य, लक्ष्मी देवी, सलीम अहमद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बाघ के आतंक को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते लोग।

# प्री-एसआईआर में 75 फीसदी मतदाता मैपिंग पूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- वर्तमान में दर्ज मतदाताओं का 2003 की सूची से की जा रही है मैपिंग
- बीएलओ और सुपरवाइजर्स को तैयारियां पूरी करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** प्री-एसआईआर के तहत जारी मतदाताओं की मैपिंग का तेजी से चल रहा है। प्रशासन का दावा है कि 59-हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र में 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग का काम पूरा हो चुका है। इस मैपिंग से जो बच गए हैं, उनके लिए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने केंद्रवार शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी के मुताबिक, वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का वर्ष 2003 की मतदाता सूचियों से मिलान (मैपिंग) का काम चल रहा है। अब तक औसतन 75 प्रतिशत मैपिंग का काम पूरा हो चुका है। जो मतदाता इस प्रक्रिया में छूट गए हैं, उनकी सुविधा के लिए निर्वाचन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर/नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ने मतदान केंद्रवार शिविरों का रोस्टर जारी किया गया है। निर्धारित तिथियों और समय पर अलग-अलग मतदान केंद्रों पर ये कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

सभी बीएलओ और सुपरवाइजर्स को पूर्व से ही आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही राजनीतिक दलों से नियुक्त बूथ लेवल एजेंट और क्षेत्रीय पार्षदों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने क्षेत्रों में शिविरों का प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया गया है। बूथ स्तर पर गठित मतदाता जागरूकता समूह को भी सक्रिय किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि शिविरों में हो रहे मैपिंग की जांच और निगरानी के लिए सहायक नगर आयुक्त, नायब तहसीलदार और तहसीलदार हल्द्वानी को अलग-अलग केंद्र आवंटित किए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी खुद भी मैपिंग की समीक्षा और निगरानी करेंगे। नगर मजिस्ट्रेट मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर मैपिंग प्रक्रिया पूरी कराएं। साथ ही उन्होंने यह भी निवेदन किया है कि जब भी बीएलओ घर पर सत्यापन के लिए आएं, तो उनका सहयोग करें। मतदाता वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के लिए https://election.uk.gov.in/search2003uk लिंक का उपयोग कर सकते हैं।

# नैनीताल के ग्लेनमोर में अग्निकांड, ब्रिटिशकालीन भवन खाक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल के सात नंबर क्षेत्र स्थित ग्लेनमोर इलाके में रविवार को अचानक लगी भीषण आग से एक ब्रिटिशकालीन लकड़ी का भवन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही मिनटों में पूरा भवन धू-धू कर जलने लगा और ऐतिहासिक निर्माण देखते ही देखते राख में तब्दील हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय भवन खाली था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय भवन से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। आसपास के लोगों ने तत्काल बाल्टियों और पाइप की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल विभाग को सूचना दी। आग की ऊंची लपटों से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और एहतियातन लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

**जांच में जुटा प्रशासन:** प्रशासन के अनुसार आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। दमकल विभाग और पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई है।

**पहले दिया गया था नोटिस:** अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि हाल ही में निरीक्षण में पाया गया था कि यह भवन लकड़ी से बना है, जिससे आग का खतरा अधिक था। इसको लेकर संबंधित परिवारों को अग्नि सुरक्षा उपकरण लगाने के निर्देश देते हुए नोटिस दिया गया था।





नैनीताल के एक भवन में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

### 1969 से रह रहा था परिवार

जिस भवन में आग लगी, उसके एक हिस्से में वर्ष 1969 से अनिल तिवारी तथा दूसरे हिस्से में 1982 से चंद्रशेखर जोशी का परिवार रह रहा था। अनिल तिवारी ने बताया कि वे हाल ही में अपने बेटे के पास गुरुग्राम गए हुए थे। रविवार को जब वह नैनीताल लौटे तो घर से धुआं निकलता दिखाई दिया। जब तक वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। उन्होंने बताया कि भवन के मुख्य स्वामी देवी दत्त जोशी हैं, जो वर्तमान में बाहर रहते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### नैनीताल में धूप खिलने से सुहावना रहा मौसम

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में चटक धूप खिली रहने से मौसम सुहावना बना रहा। धूप पूरे दिन खिली रही। अलबत्ता सुबह के समय हवाएं तेज चली। दिन में कुछ समय के लिए हल्के बादल आए , जो जल्द ही छंट भी गए। चटक धूप के कारण गर्माहट का एहसास हुआ तो लोग छांव में बैठने को मजबूर हुए। नगर में सुबह शाम की ठंड बनी हुई है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 21 व न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा।

### काव्य नाटक 'सीता निर्वासन' का लोकार्पण

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद उत्तराखंड के कार्यक्रम में मीना अरोड़ा रचित काव्य नाटक 'सीता निर्वासन' का लोकार्पण अध्यक्ष डॉ. सुशील त्रिवेदी, डॉ. पवनपुत्र बादल, महामंत्री डा. बहादुर सिंह बिष्ट, डॉ. शैलेन्द्र आदि ने किया। सीता निर्वासन से पूर्व इनका काव्य नाटक सम्भवामि युगे युगे भी प्रकाशित हुआ है। मीना अरोड़ा लंबे समय से साहित्य सेवा में साधनारत हैं। उन्होंने साहित्य की लगभग सभी विधाओं पर अपनी लेखनी चलाई है। इस दौरान पद्मश्री डॉ. माधुरी बर्थवाल, डॉ. जगदीश पंत, मयंक मित्तल, गोपाल भट्ट, सौरभ पांडे आदि रहे।

# गोलियों की आवाज से दहला थारी-कांदला गांव

## गांजा पकड़वाने की रंजिश में घरों पर फायरिंग करने का आरोप, पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

संवाददाता, रामनगर


फायरिंग के बाद घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार


मौके पर पड़ा खोखा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पीरूमदारा चौकी क्षेत्र के थारी-कांदला गांव में रविवार सुबह अचानक हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से पूरा इलाका दहशत में आ गया। करीब साढ़े नौ से दस बजे के बीच हुई इस घटना में गोलियों की आवाज से ग्रामीण सहम गए और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम महज कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गई। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की गई।

पीड़ित गुरमीत सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के एक युवक को 8–9 किलो गांजे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जो उनके पड़ोसी अर्जुन सिंह का रिश्तेदार है। तभी से अर्जुन सिंह उन्हें इस मामले में शक की नजर से देख रहा था और रंजिश रखने लगा था। गुरमीत के अनुसार, आरोपी बाहर से आने वाले कुछ युवकों के साथ मिलकर गांव में लोगों को धमकाता था और उनके ट्रैक्टर चालक पर भी दबाव बना रहा था। रविवार सुबह क्रेशर के पास अर्जुन सिंह ने उनके चालक से अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद गुरमीत अपने घर लौट आए।

आरोप है कि कुछ देर बाद अर्जुन सिंह अपने 4–5 साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से घर में मौजूद महिलाएं और बच्चे घबराकर पड़ोसियों के घरों में छिप गए। हमलावरों ने पास के एक अन्य घर पर भी गोलियां चलाईं। पड़ोसन सुखविंदर कौर ने फायरिंग की पुष्टि करते हुए बताया कि छोटे बच्चों को कमरे में बंद कर किसी तरह जान बचाई गई। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गांजा तस्करी से जुड़ी गिरफ्तारी को लेकर गलतफहमी और रंजिश सामने आई है। एक युवक रोहित गुर्जर का नाम प्रकाश में आया है, जिसकी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और गांव में अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार


लालकुआं में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका

संवाददाता, लालकुआं

- युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी पर जताया आक्रोश

**अमृत विचारः** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लालकुआं में जोरदार प्रदर्शन किया। एआई समिट के विरोध के दौरान हुई गिरफ्तारी से नाराज कार्यकर्ताओं ने बुध बाजार के समीप एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका।

प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तारी को गलत बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। उनका कहना था कि शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पाण्डेय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, वरिष्ठ नेता हेमवती नंदन दुर्गापाल सहित कुंदन सिंह मेहता, राजेन्द्र खनवाल, शहीद सिद्दीकी, खीमानंद दुम्का, हेमंत पांडे, गुरदयाल सिंह मेहरा, कमलेश यादव, नरेश चौधरी, हाजी अयूब अली, अमजद खान, सूरज राय, नरेंद्र बिष्ट, विजय सामन्त, गोविन्द दानू, प्रदीप बथ्याल, उमेश सुयाल, मीना कपिल आदि मौजूद रहे।

# नजूल नीति सरल करने की मांग

संवाददाता, भवाली


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन देते पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा।

**अमृत विचारः** भवाली नगर में वर्षों से नजूल भूमि पर आवास बनाकर जीवन यापन कर रहे सैकड़ों लोगों के अपने एक घर का सपना पूरा करने के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सरल नजूल नीति निर्धारित कर उसे लागू करने की गुहार लगाई है।

हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए संजय वर्मा ने बताया कि 1916 की पुरानी नोटिफाइड एरिया, जो वर्तमान में नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आती है, में सैकड़ों लोग नजूल भूमि पर वर्षों से अपने आवास बनाकर रहते आ रहे हैं। समय-समय पर सरकार द्वारा जारी नजूल नीति के तहत इन लोगों ने अपने घरों के लिए आवेदन भी किए थे, जिनमें से कुछ स्वीकृत भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि कई लोगों ने नजूल नीति के तहत प्रथम किस्त के रूप में धनराशि भी सरकारी खाते में जमा कर दी है।

लेकिन वर्तमान में नजूल फ्रीहोल्ड नीति अनुपलब्ध होने के कारण प्रक्रिया ठप पड़ी है। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि भवाली नगर में एक सरल और पारदर्शी नजूल नीति निर्धारित की जाए और उसे जनहित में लागू किया जाए, ताकि सैकड़ों लोग अपने घर का सपना पूरा कर सकें और उन्हें वैधानिक मालिकाना हक मिल सके। बताते चलें कि भवाली नगर की लगभग 70 प्रतिशत भूमि नजूल है, जिसमें सैकड़ों लोग निवास कर रहे हैं। संजय वर्मा की यह पहल लोगों की समस्या का एक सकारात्मक समाधान साबित हो सकती है।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में तीन छात्र-छात्राएं सफल

संवाददाता, भीमताल




सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी जिन्होंने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की।

**अमृत विचारः** सरस्वती पब्लिक स्कूल, निशौला के तीन छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष कक्षा छह में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सफल विद्यार्थियों में कु. प्रियांशी फुलारा, कु. लक्षिता मेहरा एवं कृष्णा सिंह शामिल हैं। तीनों छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के निदेशक हरीश चन्द सिंह रौतेला, प्रधानाचार्या गीता रौतेला, उप-प्रधानाचार्या पुष्पा सुयाल, पीटीए अध्यक्ष रामपाल सिंह गंगोला सहित विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता में विद्यालय के शिक्षकों संजय बिष्ट, नुविन जोशी एवं कु. कोमल सनवाल का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यालय द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# बड़ा मीट महंगा होने पर आक्रोश

संवाददाता, रामनगर


रामनगर में ईओ को ज्ञापन सौंपते सभासद। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बड़े मीट के लगातार बढ़ते दामों और गुणवत्ता को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शनिवार को नगर पालिका के गुस्साए सभासदों ने इस मुद्दे पर मोर्चा खोलते हुए अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

सभासद मोहम्मद नदीम ने आरोप लगाया कि वर्तमान में नगर पालिका का स्लॉटर हाउस बंद है। इसके बावजूद लॉटरी प्रक्रिया के तहत कुछ दुकानों को बड़े मीट की बिक्री के लिए आवंटित किया गया है, जहां बिना वैध बिल के मांस बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाइजीन मानकों की अनदेखी करते हुए बासी मीट बेचा जा रहा है, जिससे गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। सभासद ने बताया कि वर्तमान में 360 रुपये प्रति किलो की दर से मांस बेचा जा रहा है, जो अत्यधिक और अनुचित है। उन्होंने मांग की कि जब तक स्लॉटर हाउस पुनः संचालित नहीं हो जाता, तब तक संबंधित दुकानों को बंद किया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

वहीं, अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि हाइजीन और बासी मीट की शिकायतों को लेकर खाद्य विभाग की टीम से निरीक्षण कराया जाएगा। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नदीम मूसा, मोहम्मद अजमल, शमीम अहमद, सलमान सलमानी, मोहम्मद करीम, मुंतज़िर राजा, मोहम्मद रिजवान और जफर इकबाल रहे।

# वीर नारियों व घायल हुए पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

संवाददाता, रामनगर



वीर नारी को सम्मानित करते अधिकारी।

**अमृत विचारः** हल्द्वानी में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मान समारोह में रामनगर से पहुंचे वीर सैनिकों, वीर नारियों एवं युद्ध आहत पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेना सेवा के बाद समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को भी सम्मान प्रदान किया गया।

पूर्व सैनिक कल्याण एवं उत्थान समिति के सचिव भुवन सिंह डंगवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष उत्तर भारत एरिया द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें नैनीताल व अल्मोड़ा जनपद की वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम में तीन वीर नारियों और दो युद्ध आहत सैनिकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित वीर नारियों में कमला देवी डंगवाल, जयंती देवी और प्रमिला देवी शामिल रहीं, जबकि युद्ध आहत सैनिक हवलदार चंदन राम व बहादुर सिंह भंडारी रहे। कार्यक्रम में 65 पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया। रामनगर से पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कुलवंत सिंह रावत के नेतृत्व में 20 से अधिक पूर्व सैनिक शामिल हुए। मालधन से भी बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

# होली व रमजान शांति से मनाने की अपील

संवाददाता, रामनगर


अमन कमेटी की बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि व पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक संपन्न
- 2 मार्च को होलिका पूजन, 3 को दहन, 4 को रंगोत्सव

**अमृत विचारः** होली और रमजान के पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में होलिका कमेटी के कोषाध्यक्ष रविशंकर शुक्ला ने बताया कि 2 मार्च को सुबह 11 बजे होलिका पूजन, 3 मार्च को शाम 5 बजे होलिका दहन तथा 4 मार्च को रंगोत्सव (छलड़ी) मनाया जाएगा। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर शकील खान ने बताया कि 4 मार्च को रंग वाले दिन जोहर की नमाज का समय एक घंटा बढ़ाकर दोपहर 2 बजे किया जाएगा। इसी तरह खताड़ी क्षेत्र की छप्पर वाली मस्जिद में भी नमाज का समय दो बजे रखने का निर्णय लिया गया।

ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी तथा नगर पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने शांतिपूर्ण होली मनाने और विशेष सफाई अभियान चलाने की जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने अफवाहों से दूर रहने की अपील की। संचालन ट्रैफिक इंस्पेक्टर वेदप्रकाश भट्ट ने किया। बैठक मे एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, मुंशी शेखर बिष्ट, पालिका के प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियॉ, जल संस्थान के जेई शीशपाल सिंह, विद्युत विभाग के जेई दुर्गेश कुमार जोशी, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद शिवि अग्रवाल, सभासद सचिन कुमार, डॉ. जफर सैफी, पुनी शंकर अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अमित मोहन अग्रवाल, विनोद अंजान, तेजपाल, जयदेव सिंह, मौ. अजीम एडवोकेट, राजीव अग्रवााल, जुगेश अरोड़ा बंटी आदि मौजूद रहे।

# डिग्री कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार पर चर्चा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) विषय पर यूकोस्ट द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड प्रो. केके पाण्डे सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. पाण्डे ने आईपीआर के उद्देश्य, महत्व और सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्रों को नवाचार व रचनात्मकता की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने भौगोलिक संकेतक (जीआई) पर विशेष ध्यान देने तथा कारीगरों व शिल्पकारों जैसे कमजोर वर्गों को अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अतिथि वक्ता डॉ. नरेंद्र सिंह ने आईपीआर के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. बीआर पंत ने इसे वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। डॉ. प्रमोद जोशी ने एआई और आईपीआर से जुड़ी चुनौतियों पर विचार रखे। प्रभारी प्राचार्य प्रो. अनीता जोशी ने आयोजन को उपयोगी बताते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डीएन जोशी ने किया। चीफ प्रॉक्टर प्रो.एसएस मौर्या नेअतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। मंच संचालन डॉ.डीएन जोशी ने किया। कार्यशाला में प्रो.जेएस नेगी, प्रो.अनुमिता अग्रवाल, डॉ.लवकुश कुमार, डॉ.सुमन कुमार, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. सिराज अहमद आदि प्राध्यापक एवं समस्त संकायों के शोधार्थी मौजूद रहे।

# ईरान पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी



अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी करते जनवादी संगठन कार्यकर्ता।

**अमृत विचारः** बुद्ध पार्क तिकोनिया में क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन (क्रालोस) और परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने ईरान पर हुए अमेरिकी–इजरायली हमले के विरोध में सभा आयोजित कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी साम्राज्यवाद और इजरायली शासकों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पोस्टरों का दहन भी किया।

वक्ताओं ने कहा कि 28 फरवरी को अमेरिकी साम्राज्यवादियों ने विस्तारवादी इजरायल के शासकों के साथ मिलकर ईरान पर मिसाइल हमला किया, जिसमें कई मिसाइलें दागी गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक मिसाइल हमले में ईरान में 50 से अधिक स्कूली बच्चों की मौत की खबर है और आम नागरिकों तथा संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। वक्ताओं ने इसे अन्यायपूर्ण हमला बताते हुए कहा कि यह अमेरिका की तानाशाही और दबाव की नीति का परिणाम है। परमाणु हथियारों का मुद्दा केवल बहाना बनाया जा रहा है और हमले के बाद ईरान को अमेरिकी मांगें मानने का अल्टीमेटम दिया गया है। इस दौरान टीकाराम पांडे, मुकेश भंडारी, महेश, रियासत, अनिषेख, प्रकाश रहे।

# आरा मशीन में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** तेलीपुरा रोड स्थित एक आरा मशीन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

फायर स्टेशन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि उन्हें तेलीपुरा रोड पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद फायर यूनिट की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि गांव चिलकिया निवासी मोहम्मद उस्मान पुत्र अब्दुल माजिद की 'डे लाइट फर्नीचर' नामक आरा मशीन में रखी लकड़ियों में आग लगी हुई थी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे पूरी तरह बुझा दिया। आग की चपेट में आकर आरा मशीन के पास रखी लकड़ियां और मशीनरी उपकरण जलकर राख हो गए। फायर स्टेशन अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में आरा मशीन स्वामी को दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। प्रशासन ने लोगों से विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग की अपील की है।

# छात्रसंघ कार्यालय का हुआ शुभारंभ

संवाददाता, रामनगर


रामनगर में छात्रसंघ कार्यालय का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में छात्रसंघ द्वारा आयोजित होली महोत्सव के अवसर पर छात्रसंघ कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में होली की खुशियों के साथ विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत एवं पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने छात्रसंघ पदाधिकारियों से छात्रहित में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया। अतिथियों ने कहा कि यह कार्यालय विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान, नेतृत्व विकास और रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। होली मंगल मिलन कार्यक्रम में रंगों, मुस्कानों और भाईचारे ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में छात्रसंघ अध्यक्ष किशन कुमार, उपाध्यक्ष खुशी कश्यप, कोषाध्यक्ष संक्रांत सिंह सहित अनेक छात्र-छात्राएं व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी को होली की शुभकामनाएं दी गईं।



रामपुर रोड में पंचायत घर के पास स्थित एक बैंक्वेट हॉल में होली महोत्सव में लोक गायिका माया उपाध्याय के गीतों पर झूमते मेयर गजराज बिष्ट व अन्य ● अमृत विचार



हिम्मतपुर तल्ला में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री महेश शर्मा के आवास पर आयोजित होली में होली गातीं व नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# होली एकल गायन में बाल कलाकारों ने जमाया रंग

## श्री रामसेवक सभा, मल्लीताल नैनीताल द्वारा आयोजित 30वें फागोत्सव में रविवार को स्व. चंद्रशेखर साह की स्मृति में हुआ कार्यक्रम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** श्री रामसेवक सभा, मल्लीताल नैनीताल द्वारा आयोजित 30वें फागोत्सव के अंतर्गत रविवार को स्वर्गीय चंद्रशेखर साह की स्मृति में सभा प्रांगण में होली एकल गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल कलाकारों सहित वरिष्ठ होली गायकों ने पारंपरिक होली गीतों की सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने "अबीर लगाऊं मैं तेरे", "मोरे कान्हा आए जो पलट के", "मोपे रंग ना डालो गिरधारी", "नदी यमुना के तीर", "सकल बृज धूम मची है", "दिगंबर खेले मसाने में होली", "कान्हा जी खेले फाग", "अँखियन परत गुलाल" सहित अनेक पारंपरिक कुमाऊंनी एवं ब्रज होलियों का भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया। वहीं वृंदावन डांस एंड म्यूजिक एकेडमी के बाल कलाकारों ने मनमोहक होली नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिए।

गायन कार्यक्रम में बाल कलाकार भूमि बुधलाकोटी, लावण्या साह, ऋषभ रैकवाल, दिव्या आर्या, ऋचा सनवाल, पूजा आर्या, मोनिका आर्या, अवर्णिका जोशी, भूमिका गोस्वामी, क्रियांबिका सिंह तोमर, गौरांग पांडे, मृत्युंजय भट्ट, दिशानी कार्की, सार्थक पांडे, मनीष भट्ट, वेदांत लोहनी सहित कई प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी। इसके अलावा श्रीमती मंजू रौतेला, श्रीमती दीपा चौधरी, श्रीमती दीपा जोशी, ज्योति शाक्य, नेहा आर्या, श्रीमती कीर्ति देवी, कैलाश जोशी, सतीश पांडे, अजय कुमार, संजय कुमार, जतिन कुमार, रक्षित साह समेत अनेक होलियारों ने भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के पश्चात अमिता साह एवं रामसेवक सभा के पदाधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों और बाल कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललित तिवारी एवं मुकेश जोशी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष मनोज लाल साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपाध्यक्ष अशोक शाह, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश जोशी 'मंटू' सहित सभा के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि फागोत्सव के अंतर्गत 2 मार्च को दोपहर 1 बजे से होली जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें रंगों के साथ ही होली गायन किया जाएगा।



नैनीताल में होली एकल गायन की एक प्रतिभागी को सम्मानित करते आयोजक।



नैनीताल के सूखाताल में आयोजित होली प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

### बाकी बिहारी तुझे देख कर मेरे नैना उलझ गए...

**नैनीताल :** सूखाताल स्थित नैनी महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा होली उत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला होल्यारों द्वारा गणेश वंदना "सिद्धि के दाता, विघ्न विनाशन होली खेले गिरजापति नंदन" से की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने "मुझे मिल गया नन्दलाल", "होली खेले पति नाथ नगर नेपाला" और "बाकी बिहारी तुझे देख कर मेरे नैना उलझ गए" जैसे पारंपरिक गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समापन अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शैलजा सक्सेना ने होली आशीर्वाद के साथ सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पूर्व सभासद निर्मला चंद्रा, मोहिनी, अंजू, शालिनी, प्रेमा, अनीता, पार्वती, गीता, चंद्रा सती, नेहा आर्य, संगीता, विजयलक्ष्मी थापा, चम्पा, लता, गंगा, मुन्नी, राजकुमारी सहित भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट, कौशल साह जगाती, अदिति खुराना आदि रहे।

# डीजे की धुन पर थिरके युवा, रंगों से हुए सराबोर

- बैंक्वेट हॉल में युवाओं ने किया होली महोत्सव का आयोजन
- रंगों के साथ होली गीतों पर जमकर थिरके होल्यार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रंगों का त्योहार होली पर युवाओं ने रविवार को शहर के एक निजी बैंक्वेट हॉल में 'होली मिलन उत्सव' काआयोजन किया गया, जहां युवाओं की टोली ने अबीर-गुलाल और संगीत के साथ जमकर जश्न मनाया।

समारोह की शुरुआत तिलक लगाकर और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देकर हुई। जैसे ही डीजे पर होली के पारंपरिक और बॉलीवुड गीतों का दौर शुरू हुआ, बैंकट हॉल का माहौल पूरी तरह बदल गया। युवक-युवतियों ने 'रंग बरसे' और 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' जैसे गानों पर जमकर ठुमके लगाए।

कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर चेहरा रंगों से सराबोर था और हर तरफ केवल हंसी-ठिठोली का माहौल था। उत्सव में शामिल युवाओं ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से न केवल आपसी भाईचारा बढ़ता है, बल्कि व्यस्त जीवन के बीच अपनी संस्कृति से जुड़ने का मौका भी मिलता है।

### हिम्मतपुर तल्ला में महिलाओं ने होली में मचाया धमाल

**हल्द्वानी :** हिम्मतपुर तल्ला स्थित पूर्व राज्यमंत्री महेश शर्मा के आवास पर महिलाओं ने परंपरागत उत्साह के साथ होली मनाई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश शर्मा सहित तारा शर्मा, गीता शर्मा, गंगा, रिचा, नीमा, ललिता, दीपाली और अन्य महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने 'जल कैसे भरू यमुना गहरी, मत जाओ पिया परदेश' जैसी पारंपरिक होली गीतों के साथ रंगों की खेल और मिठास का आनंद लिया। इस दौरान सभी ने मिलकर होली की खुशियां साझा कीं। पूर्व राज्यमंत्री महेश शर्मा ने महिलाओं को इस रंगीन आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में भाईचारे और सांस्कृतिक उत्साह को बढ़ाते हैं।



जंगलियागांव में गोली गायन करते होल्यार। ● अमृत विचार

### जंगलिया गांव में खड़ी होली की धूम

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के पंचायत घर में होली पर्व के अवसर पर महिलाओं व पुरुषों ने सामूहिक रूप से होली गायन कर माहौल को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम में खड़ी होली की विशेष प्रस्तुति के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी लोकसंस्कृति से जोड़ने और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पुरुषों ने पारंपरिक खड़ी होली गाकर सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने कहा कि आज समाज तेजी से पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन जंगलिया गांव के लोग अपनी परंपराओं को सहेजने और आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। होली गायन में "सुदामा जी को देख कर राम हंसे", "ब्रज मंडल देश देखो रसिया", "अबीर उड़ता गुलाल उड़ता", "सीता बन में अकेली कैसे रही" सहित कई पारंपरिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिस पर ग्रामीण झूम उठे। इस अवसर पर प्रेम सिंह कुल्याल, मोहन सिंह पड़ियार, पुरन सिंह पड़ियार, राहुल पड़ियार, टीका राम, प्रकाश चंद्र, जगत सिंह कुल्याल, चंदन सिंह कुल्याल, राजेंद्र सिंह कुल्याल, त्रिलोक सिंह, दिनेश सिंह, कमल कुल्याल, नवीन कुल्याल सहित दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने प्रतिभाग किया।



नवाबी रोड स्थित बैंक्वेट हाल में आयोजित युवा होली महोत्सव में झूमते नाचते युवा। ● अमृत विचार

# चकलुवा में महिलाओं ने होली गीतों से जमाया रंग



चकलुवा में होली मनाती महिला होल्यारों की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव चकलुवा क्षेत्र में होली महोत्सव का घर घरों में आयोजन चल रहा है। क्षेत्र में खड़ी होली के उस खूबसूरत रूप, परंपरा की सांस्कृतिक विरासत का सजीव उदाहरण है।

होली महोत्सव के माध्यम से लोहाघाट के बुजुर्ग, महिलाए युवा एवं बच्चे अपनी सांस्कृतिक होली आयोजन की विरासत को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बड़ाने का काम कर रहे हैं। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिला होलियारों की टीम घर-घर में जाकर का पुष्प वर्षा व अबीर गुलाल के रंगों से कर स्वागत किया। रविवार को चकलुवा बाजार में गिरीश पडेलिया के आवास में महिला होली की धूम रही। महिलाओं ने अबीर-गुलाल लगाने के साथ ही एक दूसरे को होली बधाई दी।

इस दौरान महिलाओं ने होली गीतों के साथ ही नृत्य से रंग जमा दिया। महिलाओं ने मतमारो मोहन पिचकारी..., चली बसंत ब्यार, आई फूलों में मयार..., मत जाओ पिया, होली आई रही..., कैसे रंग चढ़ा फागुन में..., आयो फागुन महिनों होली..., आदि होली के गीतों पर झूम उठे। इस मौके मोहनी पड़लिया, विनीता, दिव्या, दीपा, मंजू, भावना, अंजू, चंपा, गीता, गंगा, इंदिरा, मुन्नी और शोभा, शांति, आशा, दिया ईशा आदि महिलाओं ने होली के साथ साथ स्वांग रचकर त्यौहार को खुशियों से मनाया।

### होलिका दहन आज 4 को होगी छलड़ी

**हल्द्वानी :** हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में इस वर्ष होलिका दहन का आयोजन आज को किया जाएगा। मंच की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार होलिका दहन का शुभ मुहूर्त संध्या 6:09 बजे से 8:39 बजे तक रहेगा। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि वे उत्थान मंच परिसर में उपस्थित होकर इस पारंपरिक कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक रूप से मनाई जाने वाली छलड़ी 4 मार्च को होगी।

### बद्रीपुरा में होली गीतों पर थिरके होल्यार

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड सेवानिवृत डिप्लोमा इंजीनियर्स फोरम (फोर्ड) और उत्तराखंड सेवानिवृत्त कार्मिक समन्वय समिति के बैनर तले संघ भवन बद्रीपुरा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 70 सेवानिवृत्त कर्मचारी और साथी संगठन शामिल हुए। सदस्यों ने कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों की होली का आनंद लिया। पीसी जोशी ने गणेश स्तुति के साथ गायन शुरू किया, इसके बाद लीलाधर पांडे, वीर सिंह बिष्ट और अन्य ने होली गीतों से समारोह में रंग और उत्साह बढ़ाया। ढोलक पर जेएस खोलिया और एलएम तिवारी की थाप ने दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में लगभग 30 विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक और अर्धसैनिक बलों के सदस्य शामिल हुए।



बद्रीपुरा में होली मिलन समारोह का किया आयोजन। ● अमृत विचार

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने किया होली मिलन कार्यक्रम

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल का शहर में होली मिलन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर होली गायन में भाग लिया और होलियारों ने पारंपरिक गीतों के साथ उत्सव का आनंद बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, मंडी समिति अध्यक्ष अनिल डब्बू, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, साथ ही बालम सिंह बिष्ट, रमेश जोशी, विजय गुप्ता और अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने होली के गीतों और रंगों के माध्यम से आपसी भाईचारे और सामूहिक उत्साह का प्रदर्शन किया।



देवभूमि व्यापार मंडल के होली मिलन कार्यक्रम में नृत्य करतीं महिलाएं।

होली महोत्सव | ग्रीन सिटी न्यूज पेपर वितरक कल्याण समिति का होली मिलन समारोह

# वितरक बंधुओं ने दी होली की शुभकामनाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ग्रीन सिटी न्यूज पेपर वितरक कल्याण समिति के पदाधिकारियों व वितरकों ने रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। केमू बस अड्डे पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को रंगोत्सव की बधाई दी और जमकर मस्ती की।

इस दौरान नृत्य, संगीत और गीतों का समां बंधा। लोगों ने अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन कर खूब रंग जमाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ होली मिलन में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाये। सभी ने इस मौके पर होली के परंपरागत पकवानों का भी आनंद लिया।

समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी ने इस अवसर पर वितरकों का उत्साहवर्धन कर भाईचारे का संदेश भी दिया। समिति के महामंत्री मनोज डालाकोटी ने भी सभी पदाधिकारियों और वितरक बंधुओं को होली की शुभकामनाएं दीं। उपाध्यक्ष अजय जायसवाल ने सभी सदस्यों को स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान समिति के अन्य पदाधिकारियों, एजेंट व वितरकों में कैलाश रौतेला, रावन विनकाल, विकास चौपड़ा, राकेश दुआ, सुनील गुप्ता पिन्टू गुप्ता, सुनील कश्यप, प्रेम जोशी, राजेश दुआ, समेत अन्य वरिष्ठ वितरक मौजूद रहे।



होली गीतों का आंनद लेते ग्रीन सिटी न्यूज पेपर वितरक कल्याण समिति के सदस्य।

# होली समारोह में झूमे जनप्रतिनिधि व पत्रकार

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की लालकुआं इकाई द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में होल्यारों ने जमकर आनंद उठाया। प्रेस क्लब के समीप अंबेडकर पार्क में हुए कार्यक्रम में पत्रकारों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने ढोलक की थाप पर होली गीतों के साथ जमकर ठुमके लगाए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की लालकुआं इकाई द्वारा किया गया। समारोह में विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, प्रेस क्लब अध्यक्ष बीसी भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, बिंदुखत्ता में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसी मीना कपिल के आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू सहित कई कांग्रेसी नेताओं ने भाग लिया और होलियारों के साथ जमकर रंग-गुलाल खेला।


बाजपुर मोहल्ला में मझरा प्रभु में मोहित उपाध्याय के आवास पर होली गीतों का गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


बाजपुर में जनजाति समाज के होली मिलन कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता राजेश कुमार।


सितारगंज में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के आवास पर होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

# फूलों की होली में सराबोर हुआ रुद्रपुर का सिटी क्लब

## धूमधाम से मनाया गया 10वां होली मिलन समारोह, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने किया आयोजन, अन्य स्थानों पर भी हुए कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा 10वां होली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। बाहर से आए कलाकारों ने बृज और बरसाने की फूलों की होली की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम स्थल फूलों की वर्षा से सराबोर हो गया, लोग राधा-कृष्ण की झांकी के साथ झूम उठे।

शनिवार देर शाम आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, विधायक पुत्र अतुल पांडेय, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शास्त्री, प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी और जिलाध्यक्ष राजीव चावला ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद बक्शी ग्रुप के कलाकारों ने बृज की होली और बरसाने की फूलों की होली की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा सभागार फूलों से आच्छादित हो गया। देखते ही देखते अतिथि भी राधा-कृष्ण की जोड़ी के साथ झूमने लगे। वक्ताओं ने कहा कि होली ऐसा पर्व है, जो सभी मतभेद भुलाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। राजनीति हो या सामाजिक जीवन, सभी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनानी चाहिए, तभी देश और प्रदेश तरक्की के पथ पर अग्रसर होंगे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अजय जोशी, अनिल चौहान, महानगर अध्यक्ष मनोज आर्या, विधिक सलाहकार कुलवीर सिंह ढिल्लो, संजय जुनेजा, अंतरिक्ष शर्मा, पुनीत मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, सतपाल यादव, प्रिया शर्मा, विनोद धामा, प्रवीण खेड़ा, समीप गांधी, विनय मिश्रा, अभिषेक सिंह, प्रवीण अरोरा रहे


रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

### जनजाति समाज के होली मिलन में बुक्साड़ गीतों की धूम

**बाजपुर:** रविवार को विधानसभा क्षेत्र बाजपुर के ग्राम खम्बारी में जनजाति समाज के साथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए और उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया। कार्यक्रम में होली गीतों और पारंपरिक बुक्साड़ गीतों पर सभी ने नृत्य किया और रंगों के साथ खुशियां साझा कीं। मातृशक्ति ने विशेष रूप से बढ़-चढ़कर भागीदारी की और कार्यक्रम को यादगार बनाया। राजेश कुमार ने उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से इसे मिल-जुलकर मनाने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश सिंह, प्रदेश मंत्री राजकुमार, सांसद प्रतिनिधि रमेश गर्ग, ग्राम प्रधान रवि बरुआ, मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह मौजूद थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी भाग लिया। आयोजन के अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और भाईचारे व सामाजिक एकता का संदेश साझा किया।

### मझरा प्रभु में होली गीतों पर झूमीं महिलाएं

**बाजपुर:** क्षेत्र में पर्वतीय समाज की कुमाउनी खड़ी व बैठकी होली की धूम मची हुई है। महिला होल्यारों की टोलियां गांव-गांव और मोहल्लों में पहुंचकर पारंपरिक होली गीतों के माध्यम से लोगों को शुभकामनाएं दे रही हैं। इन गीतों से वातावरण उल्लासपूर्ण और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो गया है। महिला होल्यारों ने मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री, नंदा देवी तेरे भवन में, होलियों में आई है बहार जैसे लोकगीत प्रस्तुत किए। मोहल्ला मझरा प्रभु स्थित मोहित कुमार उपाध्याय के आवास पर डोलक और मजीरा की मधुर धुन पर बैठकी होली का आयोजन किया गया। होली गीतों पर महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य भी किया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इंदिरा उपाध्याय, नेहा उपाध्याय, रेखा उपाध्याय, माया पांडे, गीता सहगल सहित कई महिलाएं इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं। आयोजन ने नई पीढ़ी को लोकसंस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अवसर दिया और सामाजिक सौहार्द को मजबूत किया।


काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान गीत प्रस्तुत करती कलाकार। ● अमृत विचार

### नवचेतना मंच के रंग-तरंग कार्यक्रम में जमकर झूमे दर्शक

**काशीपुर:** भारती नवचेतना सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम रंग-तरंग संगीत संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर दीपक बाली, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड कांग्रेस के महासचिव अनुपम शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मंच के कलाकारों शालिनी कचौड़िया, अमित शर्मा, मयंक शर्मा, श्वेता नागर एवं गायत्री नगर ने सरस्वती वंदना हे शारदे मां प्रस्तुत की। समिति उपाध्यक्षा एवं जानी-मानी गायिका गीतिका पंत अरोरा ने फिल्म हिना के गीत मैं हूं खुश रंग हिना, आजा रे माई तेरा रस्ता उड़ींच दियां, गीत के साथ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं नगर निगम महापौर बाली ने चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना, कभी अलविदा ना कहना। गाने के साथ संगीत की शाम को और सुनहरा बना दिया। गीतों का सिलसिला यहीं नहीं रुका देश विदेशों में अपनी गायकी तथा बड़ी-बड़ी फिल्मी हस्तियों के साथ गीत गा चुके काशीपुर के अपूर्व पंत ने पग घुंघरू बांध मीरा नाची गाने से वाह-वाह लूटी। वहां पर मंच के संरक्षक योगेश कुमार जिंदल, प्रमोद अग्रवाल, संजय चतुर्वेदी, लता शर्मा, देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, खिलेंद्र चौधरी, मुक्ता सिंह, प्रमोद तोमर रहे।

# मंत्री सौरभ ने समर्थकों संग मनाया होली मिलन समारोह

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** सितारगंज में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के आवास पर हजारों लोग होली के गीतों और नृत्यों में झूमते रहे। थारू समाज के होल्यारों ने पारंपरिक गीतों के साथ अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

होली मिलन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा और सुमेधा बहुगुणा ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होल्यारों और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। रविवार को दोपहर 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पर्वतीय समाज, थारू समाज सहित विभिन्न संगठनों के पुरुष और महिला होल्यार पारंपरिक वेशभूषा में सजकर पहुंचे और होली गीतों पर जमकर नाचे। होल्यार चैला आज की रैन सुहावन, रे चुनर भीगै रेलहवरियां मेरी भीगे रे, बांके सेलवा के रंग ले के, आज खेलब हो चाहे भी तू, पिया रंगीन मोर सुनरी रंगई लोरंग लगई लो और बलमा घर आयो फाल्गुन में, मत जाओ पिया होली आयी रही आदि गीतों पर जमकर झूमे। सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के अलावा जनपद यूएस नगर और नैनीताल जनपद के लोग भी होली खेलने मंत्री बहुगुणा के आवास पर पहुंचे। यहां पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, अमरजीत कटवाल, उदय राणा, पलविंदर सिंह औलख, दुग्ध संघ अध्यक्ष प्रभा रावत, जया जोशी, योगेंद्र रावत, राज्य सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष दान सिंह रावत, शिव कुमार मित्तल, सितारगंज सिडकुल इण्डस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण सत्यवली, विनय डबराल, राज्य आंदोलनकारी फकीर सिंह कन्याल, अवनीश त्रिवेदी, संजय गोयल, राकेश ढल, राकेश त्यागी, सौरभ अरोरा आदि रहें।

### नीलकंठ मंदिर व बरी अंजनियां में होली की धूम

**खटीमा:** नीलकंठ महादेव मंदिर, टेडाघाट में कुमाउनी खड़ी होली का शुभारंभ शिव शंकर खेलें होली, सदा शिव शंकर खेलें होली के उद्घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में पं. मनोरथ तिवारी, कैलाश चंद्र जोशी, महेश चंद्र जोशी, बच्ची सिंह धामी, इशान जोशी, नवीन चौड़ा कोटी, दीपक गडकोटी, गंगा दत्त और चंचल सिंह बिष्ट सहित कई लोग मौजूद रहे।इसी प्रकार, ग्राम बरी अंजनियां में अंबादत भट्ट के आवास पर कुमाउनी खड़ी होली का शुभारंभ अंबा के भवन विराजे होली, भलो-भलो जन्म लियो श्याम राधिका आदि होली गीतों के साथ हुआ।



किच्छा में होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग। ● अमृत विचार

### भवानी सेना का होली मिलन समारोह

**किच्छा:** भवानी सेना के तत्वाधान में आयोजित होली मिलन समारोह में सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और देश की खुशहाली व आपसी भाईचारे की प्रार्थना की।भवानी सेना नगर प्रमुख सोनू गुप्ता ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी भेदभाव मिटाकर एकजुट होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। इस अवसर पर अजय तिवारी, प्रहलाद खुराना, अभिषेक सक्सेना, डॉ अमित गुप्ता, राजीव अग्रवाल, आशीष राठौर, संजय अरोड़ा, गुरमीत सिंह, नरेश कुमार, नीतू कुमार, रोहन अरोड़ा, संजय शर्मा, पुष्कर रौतेला रहे।

**सम्मन मुद्दालय**
**न्यायालय असिस्टेंट कलैक्टर, प्रथम श्रेणी खटीमा ऊधमसिंह नगर**
रा. वाद संख्या 22/26 सन् 2024-25
**वादी - भजन सिंह**
**बनाम**
**प्रतिवादी - हरीश चन्द्र आदि**
सम्मन बनाम - हरीश चन्द्र पुत्र वधुमल, निवासी हल्दी, तहसील खटीमा, जिला ऊधमसिंह नगर
चूंकि मुसम्मी वादी ने आपके विरूद्ध एक दावा वास्ते धारा 229B के तहत दायर किया है। जिसमें वास्ते आपत्ति / जवाबदावा दिनांक 06-03-2026 नियत है। अतः आप नियत तिथि को दिन के 10:00 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई कर ली जावेगी।
आज दिनांक 13-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी किया गया।
**मुन्सरिम/रीडर**
**न्यायालय असिस्टेंट कलैक्टर, प्रथम श्रेणी खटीमा ऊधमसिंह नगर**

**आवश्यक सूचना**
विद्यालय श्री पूरन सिंह मोहन सिंह इण्टर कॉलेज कुंवरपुर, नैनीताल के आम सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय प्रबन्ध समिति की नई कार्यकारिणी गठन हेतु चुनाव विद्यालय परिसर में दिनांक 08.03.2026 को निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न कराये जायेगें।
1. नामांकन पत्र विद्यालय कार्यालय से प्राप्त करने व जमा करने का समय प्रातः 11 से 12 बजे तक।
2. नामांकन पत्रों की जांच दोपहर 12 से 12:30 बजे तक।
3. नाम वापसी का समय दोपहर 1 से 1:30 बजे तक।
4. मतदान दोपहर 2:30 से 4 बजे तक सम्पन्न कराये जायेगें।
अतः आम सभा के सदस्य चुनाव में सम्मलित होने हेतु सूचित होवे।
**अध्यक्ष / प्रबन्धक**
**श्री पू0सि0मो0सि0इ0का0**
**कुंवरपुर, नैनीताल।**

# होली के उल्लास में सराबोर हुआ जसपुर का बाजार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। बाज़ारों में रौनक छाई हुई है। होली को लेकर स्थानीय बाजार में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिल रही है। दुकानों पर लाल, पीले, गुलाल और हर्बल रंगों का अंबार लगा है। इस बार बाज़ार में छोटा भीम, एवेंजर्स और स्पाइडरमैन वाली पिचकारियों की भारी मांग है। इलेक्ट्रॉनिक पिचकारियां बच्चों की पहली पसंद बनी हुई हैं। लोग केमिकल वाले रंगों के बजाय हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि त्वचा को नुकसान न पहुंचे। उधर मिठाइयों की दुकानों पर सुबह से ही गुंझिया खरीदने के लिए ग्राहकों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वहीं पर्व से पहले स्कूली बच्चों ने जमकर होली खेली। नगर के रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर, श्रीरामचन्द्र शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, पूर्णानंद इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, सनफ्लावर स्कूल समेत विभिन्न स्कूलों में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की बधाई दी।


जसपुर के बाजार में सजी रंगों की दुकानें। ● अमृत विचार

### चौहानान में आज, जटवारा में बुधवार को होगा होलिका दहन

**जसपुर:** नगर की दोनों मोहल्लों की ऐतिहासिक होली का दहन नियमानुसार समय पर किया जाएगा। मोहल्ला चौहानान के रवि पधान ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके मोहल्ले की होली का दहन आज यानी 2 मार्च सोमवार को पूजन कार्य संपन्न होने के बाद रात आठ बजे किया जाएगा। वहीं मोहल्ला जटवारा के चौधरी ब्रजवीर सिंह ने बताया कि उनके मोहल्ले की होली का दहन बुधवार को रंग खेलने के बाद दोपहर के समय किया जाएगा। बता दें कि सैकड़ों वर्षों की परंपरा के अनुसार नगर की दोनों होली का दहन रंग खेलने के बाद ही दोपहर के समय किया जाता था। लेकिन बीते दो वर्षों से मोहल्ला चौहानान की होली पूजन के दिन ही दहन की जाने लगी। जबकि जटवारा की होली आज भी अपनी पुरानी परंपरा को निभा रही है। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि दोनों मोहल्लों की होली का दहन परंपरा अनुसार ही कराया जाएगा।

### सेहत का ध्यान रखकर मनाएं खुशियां: डॉ. धीरेंद्र

**जसपुर:** होली के हुड़दंग में सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत ने पर्व के मौके पर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बताया कि त्वचा के लिए होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल या सरसों का तेल लगा ले। रंगों से आंखों को बचाने के लिए चश्मा पहनें। अगर आंख में रंग चला जाए तो तुरंत साफ पानी से धोएं। बालों को रसायनों से बचाने के लिए कैप पहनें या अच्छी तरह तेल लगा लें। साथ ही अस्थमा या सांस के मरीज गुलाल और धूल वाले क्षेत्रों से दूर रहें। बताया कि यदि किसी रंग से खुजली या जलन महसूस हो तो उसे तुरंत ठंडे पानी और माइल्ड साबुन से धो लें और समय से उपचार कराएं।




दिनेशपुर में होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश महामंत्री ममता हालदार व अन्य।

### होली का पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं: ममता हालदार

**दिनेशपुर:** कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का होली पर्व खुशियों का त्यौहार है। सभी लोग अपने मनमुटाव और झगड़े भुलाकर अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को गले लगाएं। इस अवसर पर ममता हालदार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को होली का टीका लगाकर बधाई दी। रविवार को कांग्रेस कार्यालय, दिनेशपुर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने होली गीतों पर जमकर थिरककर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक प्रेमानंद महाराज, महिला कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष रीना कपूर, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, बंगाली कल्याण समिति प्रदेशाध्यक्ष दिलीप अधिकारी, डीसीबी पूर्व अध्यक्ष सुभाष बेहड़ तथा कोपा पूर्व प्रधान मनोज देवराड़ी ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल और संचालन नगराध्यक्ष नारायण हालदार ने किया। इस मौके पर युथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मोहित चौहान उर्फ कमांडो, जिला उपाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, वरिष्ठ नेता श्याम सिंह देऊपा, कूल्हा प्रधान गीता देवी, बरीराई जिपं प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कोरंगा, खटोला जिपं प्रतिनिधि तेज सिंह, जयनगर प्रधान प्रतिनिधि जगदीप सिंह विर्क सहित वरुण कपूर, किशोर सामंत, भीम ढुकराल, किशोर हालदार, दिनेश पंत, नारायण मंडल, शिवपद सरकार, अनूप राय, रंजीत मल्लिक, विश्वजीत राय, चंद्रमणि देवराड़ी, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा और सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

# बकाया भुगतान के बहाने बुलाकर किया युवक पर हमला, इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बकाया भुगतान के बहाने क्रशर पर बुलाकर किए गए जानलेवा हमले में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद रविवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।


अमन (फाइल)।

ग्राम रतनपुरा निवासी गंगाराम पुत्र देवकीनंदन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र अमन को 25 फरवरी की सायं करीब सात बजे ग्राम सीता कालोनी, गुलड़िया निवासी विशाल सागर पुत्र तेजपाल ने कोसी कांटा के पास स्थित एक क्रशर पर बकाया भुगतान के बहाने बुलाया था। आरोप है कि वहां पहुंचते ही विशाल सागर ने जान से मारने की नीयत से बेसबॉल डंडे से अमन के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान जब आसपास के लोग बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपी ने उन पर ट्रैक्टर चढ़ाने का भी प्रयास किया। हालांकि, लोग किसी तरह अपनी जान बचा पाए।

घायल अमन को तत्काल काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे मुरादाबाद इलाज के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया। दोपहर में गांव में शोकपूर्ण माहौल के बीच उसका अंतिम संस्कार किया गया। अमन दो भाइयों में छोटा था और ड्राइविंग कर परिवार की आर्थिक मदद करता था। उसकी असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक व्याप्त है। पुलिस ने बताया कि मामले में नामजद आरोपी विशाल सागर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटना की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जयंत मंडल अध्यक्ष और तापस महासचिव मनोनीत




**शक्तिफार्म:** मतुआ अनुयायियों के आराध्य श्री श्री हरिचंद ठाकुर की 215वीं जयंती पर आयोजित होने वाले वारुणी गंगा स्नान महोत्सव के लिए समिति का गठन किया गया। जयंत मंडल को अध्यक्ष और तापस मिस्त्री को महासचिव मनोनीत किया गया। समिति में रबीन खान को उपाध्यक्ष, जयंत विश्वास और कुशल गोलदार कोषाध्यक्ष, हरीश दास उपसचिव, बिजन राय, अमित बैरागी व मंजीत खान ऑडिटर तथा दिलीप मिस्त्री व किरन बसु संरक्षक मनोनीत किए गए। सुधांशु सिकदर, गोकुल विश्वास, श्रीकान्त विश्वास, प्राण बढ़ई, जितेंद्र भुइया, सुकुमार मंडल, दीपक सरकार, आकाश हालदार रहे।

# दो समुदायों में खूनी संघर्ष, कई लोग घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के दूधिया नगर में 28 फरवरी की देर शाम मामूली विवाद के बाद दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूधिया नगर निवासी सचिन कुमार ने बताया कि किच्छा रोड स्थित एक निजी अस्पताल के पास एक युवक का गैराज है। आरोप है कि गैराज स्वामी आए दिन नुकसान की बात को लेकर विवाद करता रहता था। बताया गया कि 28 फरवरी की रात करीब साढ़े दस बजे गैराज के अंदर से सामान फेंकने जैसी आवाजें आ रही थीं। इस पर सचिन कुमार ने बोर्ड पर लिखे मोबाइल नंबर पर फोन कर सूचना दी। आरोप है कि कुछ ही देर बाद गैराज स्वामी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें सचिन कुमार, उनकी पत्नी और बहन सहित बीच-बचाव करने आए अन्य लोग भी घायल हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच संघर्ष बढ़ गया।



अस्पताल में भर्ती घायल पक्ष के लोग।

ब्रीफ न्यूज

### 13.02 ग्राम स्मैक के साथ महिला व नाबालिग पकड़े

**सितारगंज :** पुलिस ने 13.02 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला तस्कर और एक किशोर को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने ग्राम गुरुनानक नगरी, गोठा निवासी समरजीत कौर (30) को 7.89 ग्राम स्मैक तथा एक किशोर को 5.13 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की है। वहीं, किशोर को बाल न्याय बोर्ड, रुद्रपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### चुनावी रंजिश के चलते हिंसक झड़प, कई घायल

**बाजपुर :** ग्राम रामजीवनपुर में 25 फरवरी की देर रात चुनावी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष हो गया। पुलिस ने एक पक्ष के नौ और दूसरे पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डंपी पुत्र मोहन सिंह की तहरीर में आरोप लगाया गया कि पूर्व ग्राम प्रधान बंटी कुमार पर रास्ता रोककर धारदार हथियार, लाठी-डंडे और तमंचों से हमला किया गया। वहीं बाबूराम पुत्र छोटे लाल की तहरीर में आरोप लगाया गया कि दर्जनभर लोग उनके घर पर हमला कर पवन कुमार व बेनीराम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवती के साथ छेड़छाड़ के प्रयास का भी आरोप है।

### मंदिर निर्माण में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

**बाजपुर :** विधायक निधि से 18 लाख रुपये की राशि में मंदिर निर्माण और सुंदरीकरण कार्य में अनियमितताओं के आरोप के चलते बहादुरगंज के ग्रामीणों ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर एसएसआई विक्रम सिंह धामी का घेराव किया। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और धनराशि के दुरुपयोग पर सवाल उठाए, तो ध्यान भटकाने के लिए गांव के ही एक व्यक्ति पर झूठा छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन दे पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी और वित्तीय जांच कराने तथा दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यहां ओमप्रकाश, धर्मेंद्र, पप्पू, हरि सिंह, नीरज, रजनीत, लवलेश, रीना, शांति, प्रेमवती रहे।

### बाइक चोरी का मामला दर्ज

**खटीमा :** पुलिस ने तीन दिन पूर्व तहसील परिसर से चोरी बाइक का मामला दर्ज किया है। जिसमें बनगवां निवासी बक्शीश सिंह पुत्र प्रीतम सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह 26 फरवरी सुबह अपनी बाइक को तहसील परिसर में खासी कर खतौनी निकलने गया था। 15 मिनट बाद जब वह वापस लौटा तो बाइक लापता थी। काफी खोजबीन के बाद बाइक का पता नहीं चला है जिसमें बाइक के सभी कागजात भी है।

# साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को साइबर क्राइम सेल और थाना गदरपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कई सिम कार्ड और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं।


साइबर ठग के साथ साइबर क्राइम सेल की टीम। ● अमृत विचार

एसटीएफ के एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि दिसंबर 2025 में ऊधमसिंह नगर निवासी एक व्यक्ति ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 24.70 लाख रुपये की साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने हेनरिक मार्केटिंग ट्रेडिंग कंपनी में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। प्रकरण की जांच कुमाऊं साइबर क्राइम सेल को सौंपी गई। साइबर क्राइम थाना प्रभारी अरुण कुमार के नेतृत्व में टीम ने बैंक खातों और संबंधित वेबसाइट की जांच की, जिसमें कई अहम सुराग मिले। जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को निवेश के नाम पर ठगता था। 28 फरवरी को मिली सूचना के आधार पर साइबर क्राइम सेल और थाना गदरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मामले में आरोपी मलकीत सिंह निवासी वमनपुरी बकैनिया, गदरपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से कई सिम कार्ड, आधार कार्ड, डेबिट कार्ड तथा विभिन्न बैंकों की फर्जी पासबुक बरामद की गईं। प्रारंभिक जांच में आरोपी के खातों में करोड़ों रुपये के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## घटनास्थल से उठाए गए पिस्टल के खोखे, रवि दिवाकर के पेट में लगी थी गोली

# गोलीकांडः फॉरेंसिक टीम ने किया मौका मुआयना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शनिवार रात्रि हुए रवि दिवाकर गोलीकांड प्रकरण में पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, फॉरेंसिक साइंस टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। चर्चा है कि पुलिस को घटनास्थल से पिस्टल के कई खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि प्रीत विहार कॉलोनी, फाजलपुर महरौला निवासी जितेंद्र पाल ने मुकदमा दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि 28 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे उनका भाई रवि दिवाकर अपने दोस्त संजू के साथ चाय की दुकान पर बैठा था। तभी बाइक पर सवार डिबडिबा, रामपुर निवासी सन्नीया, प्रीत विहार निवासी सोनू जुड़ी, सोड़ी कॉलोनी निवासी प्रवीण सिंह, गांव डिबडिबा निवासी अक्षय कुमार, वार्ड-22 रंपुरा निवासी आशीष श्रीवास्तव और अंकित श्रीवास्तव वहां पहुंचे। आरोप है कि आते ही उन्होंने अभद्रता शुरू कर दी और पिस्टल निकालकर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इससे पहले हमलावरों ने लोहे की रॉड से मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ दिए और जबरन कार में डालकर अपहरण करने का प्रयास भी किया। गोलीबारी के दौरान एक गोली रवि दिवाकर के पेट में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। रविवार सुबह फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कई खोखे बरामद करने का दावा किया। चर्चा है कि हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग की। उधर, कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने कई अहम साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस की एक टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है।


गोलीकांड स्थल का निरीक्षण करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

# वसंतोत्सव में ऊधमसिंह नगर के किसानों का परचम, मिली सराहना

## जनपद के किसानों ने कुल 10 पुरस्कार जीतकर यूएस नगर का नाम किया रोशन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड राजभवन, देहरादून में उद्यान विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2026 का भव्य समापन हो गया। 27 फरवरी से 1 मार्च तक चले इस आयोजन में पुष्प प्रदर्शनी और शहद उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें प्रदेशभर के कृषक, अधिकारी और प्रगतिशील किसान शामिल हुए।

वसंतोत्सव में जनपद ऊधम सिंह नगर, विशेषकर बाजपुर क्षेत्र के प्रगतिशील पुष्प और शहद उत्पादक किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। किसानों द्वारा उगाए गए विभिन्न प्रजातियों के पुष्प और उच्च गुणवत्ता वाले शहद उत्पादों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में पुष्प और शहद श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। जनपद ऊधम सिंह नगर के किसानों ने कुल 10 पुरस्कार जीतकर जिले का नाम रोशन किया। पुष्प श्रेणी में जरवेरा पुष्प के लिए कृष्ण मंडल दिनेशपुर को प्रथम, रजनीश दिनेशपुर को द्वितीय तथा सत्यप्रकाश दिनेशपुर को तृतीय पुरस्कार मिला। ग्लेडूलाई पुष्प में मो.अस्फाक कुंडेश्वरी को प्रथम तथा कैलाश मैठानी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। वहीं ग्लेडूलाई हाइब्रिड श्रेणी में भी प्रथम पुरस्कार हासिल किया गया। शहद प्रदर्शनी में हनी फारेस्ट श्रेणी में देशराज बुधानी किच्छा को प्रथम व सोहिल खान को द्वितीय पुरस्कार मिला। मोनीपाल हनी श्रेणी में साहिल खाल को प्रथम तथा राजेंद्र मदनापुर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राज्यपाल गुरमीत सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर सीएचओ सतीश कुमार शर्मा, ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक शंकर लाल कोहली, एसएचआई किशन लाल सागर, एडीओ मोहित कुमार, अरविंद कुमार, सुनील, अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वसंतोत्सव में किसानों की उत्कृष्ट भागीदारी से जहां उनकी मेहनत और नवाचार को मंच मिला, वहीं प्रदेश में पुष्प उत्पादन और मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में नई संभावनाओं को भी बल मिला। बाजपुर क्षेत्र के किसानों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना हुआ है।


देहरादून में उद्यान विभाग द्वारा आयोजित वसंतोत्सव के दौरान ऊधम सिंह नगर के स्टाल का निरीक्षण करते राज्यपाल डॉ. गुरमीत सिंह।

## जान से मारने की कोशिश में कोर्ट के आदेश पर केस

**रुद्रपुरः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यक्ति पर एक राय होकर जान से मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। हमले में व्यक्ति लहूलुहान हो गया और जब पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई। तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शिवनगर निवासी विष्णु कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ रहता है और पुरानी रंजिश के चलते नौ जनवरी की शाम सात बजे दोस्त मिलने आया था। तभी अरुण नाम का युवक आता है और पैसा मांगने लगता है। बहसबाजी के बीच अचानक अरुण कुमार,अजय सिंह,ज्योति,ममता रानी,सुभाष,राबिना एक राय होकर आते है और कमरा बंद कर हमला बोल देते है। सिर-गर्दन पर कातिलाना वार किया। तो वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। जिसके बाद हमलावर बेरहमी से हमला करते रहे और मरणा सन्न समझ कर फरार हो गए। जाते-जाते हमलावरों ने पत्नी के नाक व कान की सोने के जेवरात भी लूट लि ये। प्रकरण की शिकायत करने पर जब पीड़ित की पुलिस ने नहीं सुनी तो कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कच्ची शराब के खिलाफ अभियान, 18 गिरफ्तार


कच्ची शराब के खिलाफ मुहिम चलाती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि जिले में कच्ची शराब का उत्पादन और बिक्री के मामले सामने आए थे। जिसके खिलाफ विशेष अभियान चलाने का अधीनस्थों को आदेश दिया था और जनपद पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर चलाए गए अभियान के तहत थाना कुंडा में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया व बीस लीटर शराब बरामद की।

इसी प्रकाश में काशीपुर में दो अभियुक्त, 33 लीटर शराब,बाजपुर में एक अभियुक्त गिरफ्तार,चार भट्टियां ध्वस्त, 17 हजार लीटर लहन, गदरपुर में दो अभियुक्त गिरफ्तार, दो अवैध भट्टियां ध्वस्त व दस हजार लीटर लहन नष्ट, 80 लीटर शराब बरामद, दिनेशपुर में एक अभियुक्त दबोचा, दस लीटर शराब बरामद, थाना पंतनगर में एक अभियुक्त पकड़ा, 22 लीटर अवैध शराब पकड़ी, थाना ट्रांजिट कैंप में दो अभियुक्त दबोचे, 28 लीटर शराब जब्त, किच्छा में तीन अभियुक्त दबोचे, 66 लीटर शराब बरामद व एक वाहन सीज, सितारगंज दो अभियुक्त गिरफ्तार, 45 लीटर शराब बरामद, नानकमत्ता में दो अभियुक्त गिरफ्तार, 55 लीटर शराब बरामद, खटीमा में दो अभियुक्त दबोचे, 21 लीटर शराब जब्त की है।

# आग से लाखों का सामान जलकर राख

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** नौगवां ठग्गू गांव के अमित सिंह राणा के घर में शनिवार दोपहर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसमें लाखों रुपये मूल्य का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता और राहत देने का आश्वासन दिया है।घटना के अनुसार, घर से उठता धुआं देख ग्रामीण मदद के लिए दौड़े, लेकिन घर में अचानक आग की लपटें फैल गईं। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण सितारगंज और टनकपुर की फायर ब्रिगेड टीम समय पर नहीं पहुंच सकी, जिससे अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित अमित सिंह राणा ने बताया कि इस अग्निकांड में घर का लगभग चार लाख रुपये मूल्य का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हल्का पटवारी ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और रिपोर्ट शासन को भेज दी। विधायक गोपाल सिंह राणा ने पीड़ित परिवार से मिलकर राहत और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।


खटीमा के नौगवां ठग्गू में आग लगने के बाद जले सामान को देखती गृहस्वामिनी।

# आपसी विवाद के बाद पथराव, कई लोग घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

● ट्रांजिट कैंप इलाके का मामला
पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में कुत्ते को मारने के मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने पथराव कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। आजादनगर वार्ड-7 निवासी कमल मंडल ने बताया कि 27 फरवरी की शाम करीब आठ बजे वह घर के सामने खड़ी थीं।

उसी दौरान सपना राय के दो पालतू कुत्ते बंधे हुए थे। तभी कुछ युवक वहां आए और बेवजह कुत्ते को मारने लगे। कुत्ते की मालकिन सपना राय ने जब इसका विरोध किया तो युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि कुछ देर बाद अंकित उर्फ गट्टी ईंट लेकर आया और अपने साथियों के साथ मिलकर बसंती मंडल (पत्नी) और सुंदरी मंडल (मां) के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद युवकों ने पथराव कर दिया, जिससे परिवार के कई लोग घायल हो गए। बाहर खड़ा ई-रिक्शा और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंकित उर्फ गट्टी, पुल पुलिया उर्फ उदय और वंशू उर्फ ओरा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# साइकिल-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** बीती रात लोहियाहेड रोड पर एक बाइक सवार युवक साइकिल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे वहां से गुजर रहे भाजपा नेता रंदीप पोखरिया ने तत्काल उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


रोहित धामी (फाइल)।

नगरा तराई चौड़ापानी निवासी रोहित धामी (19), पुत्र शेर सिंह शनिवार देर रात खटीमा से अपनी बाइक से घर लौट रहा था। सुखा पुल जंगल के पास उसकी बाइक एक साइकिल से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। रोहित उप जिला चिकित्सालय में फार्मासिस्ट की अप्रेंटिस करने के साथ ही नगर स्थित एक मेडिकल स्टोर में काम करता था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। रोहित का बड़ा भाई दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है, जबकि पिता बिजली का काम करते हैं। झनकईया थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र गौरव ने बताया कि जांच जारी है।

### खड़े भूसे के ट्रक में पीछे से घुसी डीसीएम, चालक घायल

**गदरपुर :** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर ग्राम मोतीपुर के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। किराने का सामान लेकर आ रही एक डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े भूसे से लदे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया।जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम में लदा किराना सामान गदरपुर स्थित लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट पर उतारा जाना था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भूसे से लदा ट्रक पहले से ही सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रही डीसीएम सीधे ट्रक में जा टकराई। प्राथमिक रूप से हादसे का कारण चालक की लापरवाही या संभवतः झपकी आना बताया जा रहा है। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

सतर्कता | सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर साइबर सेल रखेगी कड़ी नजर

# होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक


खटीमा में होली और रमजान पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक लेते कोतवाल शाह।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने के लिए रविवार को कोतवाल विजेंद्र शाह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कोतवाल ने कहा कि किसी को भी त्योहारों के दौरान माहौल खराब करने की अनुमति नहीं होगी। नशे की हालत में हिंसा करने, महिलाओं पर अभद्र व्यवहार करने या सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर साइबर सेल कड़ी नजर रखेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे होली और रमजान को आपसी प्रेम, सद्भाव और सौहार्द के साथ मनाएं। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बाजार चौकी प्रभारी जीवन सिंह, उपनिरीक्षक किशोर पंत, असलम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने होली से पहले चलाया सघन अभियान

**बाजपुर :** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाने के लिए चौकी दोराहा पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। कुल 10 चालान किए गए, जिनमें 6 चालानों पर 3,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया और बिना हेलमेट पाए गए 4 मामलों को न्यायालय में लंबित रखा गया। होली पर्व को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों और होटल-ढाबों में शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान भी चलाया गया। जांच में दोषी पाए गए व्यक्तियों को चौकी लाकर काउंसलिंग की गई और नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस अधिनियम की धारा 81 के अंतर्गत कुल 10 चालान किए गए, जिनमें 2,750 रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने अभियान जारी रहेंगे।

## आम की लकड़ी से भरा पिकअप पकड़ा

**शांतिपुरीः** वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शांतिपुरी नंबर-चार के पास आम की लकड़ी से भरे एक वाहन को पकड़ा। टीम ने वाहन और बरामद लकड़ी को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई को डॉली रेंज स्टाफ के सुपुर्द कर दिया।

मुखबिर की सूचना पर वन सुरक्षा टीम ने अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान टीम ने एक वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वन टीम को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जांच में पाया गया कि वाहन में आम प्रजाति के वृक्षों की अवैध कटाई करके बिना वैध प्रपत्रों के किच्छा की ओर ले जाई जा रही थी, जो कि वन अधिनियम का गंभीर उल्लंघन है। वन विभाग ने फरार चालक की तलाश तेज कर दी है।

# लॉकर तोड़ लाखों की नकदी-जेवर चुराए

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** इस्लामनगर निवासी मुख्तियार अहमद ने आरोप लगाया है कि उसके घर में काम कर रहे बिजली मिस्त्री पर अलमारी का लॉकर काटकर लाखों रुपये की नकदी और सोने के जेवर चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मुख्तियार अहमद ने बताया कि उनके घर में मरम्मत का कार्य चल रहा था। घर में मिस्त्री बिजली फिटिंग और पीवीसी के कार्य कर रहे थे, जिससे घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। उन्होंने बताया कि लोहे की एक अलमारी में उन्होंने लाखों रुपये की नकदी और सोने के जेवर रखे थे, जिन्हें उनके बच्चों ने मजदूरों की मदद से बरामदे में सुरक्षित रखवा दिया था।


घटनास्थल का मौका मुआयना करती पुलिस। ● अमृत विचार

एक मार्च को जब उन्हें रुपए निकालने की आवश्यकता पड़ी, तो अलमारी खोली गई और लॉकर टूटा हुआ पाया गया। साथ ही, अलमारी में रखी नकदी और जेवर गायब थे। पीड़ित ने बताया कि पीवीसी के मिस्त्री पहले ही काम पूरा करके चले गए थे, जबकि बिजली का मिस्त्री घर में काम करता रहा। उन्होंने 19 फरवरी को मिस्त्री को पैसे दिए थे, लेकिन मिस्त्री फिर कभी काम पूरा करने नहीं आया। कई बार बुलाने पर भी वह वापस नहीं आया। पीड़ित ने शक जताते हुए बिजली मिस्त्री के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सिटी ब्रीफ

### दीपक राणा बने कश्यप समाज के अध्यक्ष

**जसपुर :** कश्यप समाज की बैठक में पूर्व प्रतिनिधियों के कार्यों की समीक्षा कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कश्यप समाज की शनिवार को धर्मशाला में बैठक आहूत हुई। बैठक में सर्वसम्मति से दीपक राणा को कश्यप महासभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दीपक राणा ने समाज हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में मौजूद हृदेश कुमार, धर्मवीर कश्यप, राहुल राघव कश्यप, सोनू सिंह, मनोज कुमार, राजकुमार, करतार सिंह, घनश्याम सिंह, लकी, रोहतास सिंह, अजय कुमार, राहुल कुमार, मूर्ति देवी, चंचल रानी, मल्टी सलोनी, वीरवती देवी, रेखा शशि,नीरज, लक्ष्मी रानी,पूनम देवी, दिव्या, ममता, धनवती, प्रेम, पूरन सिंह, अशोक कुमार, जितेंद्र कश्यप, रवि कुमार, बसु कुमार, सोनू ने दीपक राणा का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

### महिला बच्चे समेत लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर** : कुंडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ीनेगी में एक महिला अपने चार वर्षीय बच्चे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। उनके जेठ ने पुलिस को तहरीर देकर सूचित किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला और बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जेठ ने बताया कि महिला की 20 वर्षीय पत्नी 12 फरवरी से लापता है और अपने साथ चार वर्षीय भतीजे को भी ले गई। दोनों की हर संभव जगह तलाश की गई, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चला।

### 81 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**काशीपुर :** कुंडा पुलिस ने नशे के खिलाफ जारी अपनी जीरो टॉलरेंस मुहिम के तहत कार्यवाही करते हुए बाबरखेड़ा से 22 वर्षीय सचिन कुमार को दबोचा, जिसके पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। वहीं नीलकंठ कॉलोनी से यहीं के निवासी मनोज कुमार को कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उधर, कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने एआरटीओ रोड से दोहरी वकील निवासी चेतराम को 21 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने 8 हजार लीटर लहन किया नष्ट

**काशीपुर :** अवैध नशे के विरुद्ध पुलिस का प्रहार जारी है। इसी क्रम में रविवार को कोतवाली आईटीआई पुलिस ने ग्राम बरखेड़ी और ग्राम खाईखेड़ा में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध शराब बनाने वाली कुल चार कच्ची भट्ठियों को मौके पर ही ध्वस्त कर लगभग 8 हजार लीटर लहन नष्ट किया। प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के सौदागरों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके।

### पदग्रहण समारोह का किया आयोजन

**काशीपुर :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) काशीपुर शाखा की ओर से पदग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार की रात एक रिसॉर्ट में मुख्य अतिथि आईएमए प्रदेश सचिव डॉ. डीडी चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया। उन्होंने चिकित्सकों की एकजुटता को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि संगठित प्रयासों से ही चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा और समाज का विश्वास सुदृढ़ होता है। काशीपुर शाखा अध्यक्ष डॉ. यशपाल रावत ने कहा कि आईएमए केवल एक संस्था नहीं, बल्कि चिकित्सकों का एक सशक्त परिवार है। उनके संतुलित नेतृत्व, स्पष्ट दृष्टिकोण ने शाखा को स्थिरता, सम्मान और नई मजबूती प्रदान की है। सदस्यों ने संगठन को नई ऊर्जा, प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



काशीपुर में रंगोत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व महापौर दीपक बाली पर पुष्प वर्षा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान होली गीतों पर थिरकती महिलाएं। ● अमृत विचार

# काशीपुर के समग्र विकास को पूरी निष्ठा से काम रही सरकार

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा-हमारा लक्ष्य है कि काशीपुर आस्था और श्रद्धा की नगरी के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** रविवार को नगर निगम ग्राउंड में आयोजित रंगोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार काशीपुर के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विकास केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीन पर दिखाई दे और हर नागरिक को उसका लाभ मिले।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि काशीपुर में 133 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर पार्क विकसित किया जा रहा है। इसमें 16 औद्योगिक इकाइयों का आवंटन हो चुका है, जो आने वाले समय में युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेगा। इसी प्रकार, काशीपुर, रामनगर राजमार्ग को चार लेन में उन्नत करने के लिए 494 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है, साथ ही 3 किलोमीटर लंबा मिनी बाईपास भी प्रारंभ हो चुका है। इसके अलावा 4 करोड़ रुपए की लागत से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का निर्माण किया गया है और 7 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से काशीपुर, हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की सुविधा शुरू की गई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लगभग 1950 करोड़ रुपए की बड़ी फंडिंग से काशीपुर में पेयजल, सीवरेज, सड़क सुधार और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे महत्वपूर्ण कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मूलभूत सुविधाओं के मामले में काशीपुर किसी भी अन्य क्षेत्र से पीछे न रहे।

रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 1100 करोड़ रुपए की औद्योगिक हब परियोजना तथा 100 करोड़ रुपए की अरोमा पार्क परियोजना पर भी कार्य चल रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर में बहुमंजिला पार्किंग और नए तहसील कार्यालय का निर्माण कार्य भी जारी है। इसके साथ-साथ, हमारी सरकार काशीपुर के चैती मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर से जोड़कर इसे एक प्रमुख सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भी कार्य कर रही है। क्योंकि हमारा लक्ष्य है कि काशीपुर आस्था और श्रद्धा की नगरी के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए।

### मुख्यमंत्री ने लोगों को दी होली की शुभकामनाएं

**काशीपुर :** नगर निगम प्रांगण में होली मिलन कार्यक्रम रंगोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक गायकों व होल्यारों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए अबीर-गुलाल लगाकर काशीपुर वासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। महापौर दीपक बाली द्वारा निजी तौर पर आयोजित इस रंगोत्सव कार्यक्रम में उत्तराखंड की लोक-संस्कृति को आगे बढ़ाते आ रहे लोक गायक इंदर आर्या, गोविंद दिगारी, खुशी जोशी, पूर्वांचल के गायक आलोक कुमार के अतिरिक्त फूलों की होली के लिए विख्यात ब्रज के रास कलाकारों की लोक परंपराओं पर आधारित होली गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इस आयोजन में पारंपरिक लोक धुनों पर मुख्यमंत्री धामी भी ब्रज के रास कलाकारों और होल्यारों के साथ झूमते नजर आए।

### रंगोत्सव में सीएम की मौजूदगी सौभाग्य की बात : बाली

**काशीपुर :** मेयर दीपक बाली द्वारा आयोजित रंगोत्सव कार्यक्रम को लेकर मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का रंगोत्सव में शामिल होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने इस पावन धरती पर होली कार्यक्रम में शामिल होकर नया इतिहास रच दिया। सीएम धामी पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने काशीपुर में होली मिलन समारोह में शामिल होकर नया इतिहास रच दिया। उन्होंने पार्षदों, जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन का भी आभार जताया।

# मेरो रंगीलो देवर घर ऐ रो छ पर थिरकीं महिलाएं

- गायक इंदर आर्या के सांवरी सांवरी पर झूमे दर्शक
- आलोक कुमार के भजन प्रथम यज्ञ भूखंड धरा पर ने भी बांधा समां

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम परिसर में आयोजित रंगोत्सव में गायक खुशी जोशी के मेरा रंगीलो देवर घर ऐ रो छो पर महिला होल्यार जमकर थिरकी। वहीं गायक इंदर आर्या के सांवरी-सांवरी पर भी दर्शक झूम उठे।

कार्यक्रम में गायक खुशी जोशी ने अपनी टीम के साथ हो-हो-हो मोहन गिरधारी, मेरो रंगीलो देवर घर ऐ रो छ की शानदार प्रस्तुति पर महिला होल्यार जमकर थिरकी। वहीं गायक इंदर आर्य के सांवरी-सांवरी और गुलाबी सरारा गीत पर भी दर्शक झूम उठे। गायक गोविंद दिगारी ने भी शानदार प्रस्तुति दी। भोजपुरी गायक के जब प्रथम यज्ञ भूखंड धरा पर ने भी समां बांध दिया। इस दौरान पुष्प वर्षा से पूरा माहौल होलीमय हो गया। ब्रज की होली गायन ने भी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं सीएम धामी ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया।



काशीपुर में रंगोत्सव कार्यक्रम के दौरान होली के गीत गाते कलाकार। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, जसपुर के कांग्रेस विधायक आदेश चौहान, रुद्रपुर के विधायक शिव अरोरा, जसपुर के पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश सचिव गुंजन सुखीजा, रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा, उर्वशी दत्त बाली, ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रभा, महिला आयोग की अध्यक्ष सायरा बानो, मुक्ता सिंह, पंकज टंडन, अमन बाली, मुकेश चावला, प्रमोद मिश्रा, पार्षद राशिद फारूकी, दीपा पाठक, महेश अग्रवाल, सादिक हुसैन, पार्षद बीना नेगी, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, मदन मोहन पंत, संजय भाटिया, सीमा चौहान, मंजू यादव, गूलरभोज के अध्यक्ष सतीश चुघ, पार्षद पुष्कर बिष्ट, महेंद्र खुराना, विकास जिंदल, केपी सिंह, पार्षद सुरेश सैनी, मनोज बाठला, बांके गोयंका, संजय अग्रवाल, ब्राह्मी गोयल, नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त विनोद कुमार, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अमरजीत सिंह साहनी, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट आदि।



खटीमा के नौगवां ठग्गू में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ करते अतिथि।

### नौगवां ठग्गू में चार दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शुरू

**खटीमा :** ग्राम पंचायत नौगवां ठग्गू में उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम द्वारा जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चार माह का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्घाटन ग्राम प्रधान रेखा देवी राणा, पंखुड़ी थारु सांस्कृतिक समिति की सचिव पूजा खड़का और संस्था अध्यक्ष अशोक खड़का ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष रेखा राणा ने महिलाओं से अपील की कि वे प्रशिक्षण का लाभ उठाकर आम महिलाओं को रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि ब्यूटीशियन प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खोलेगा। इस अवसर पर मित्र बिन्दा, वंदना, करीना गुंजन, सोनी राणा, भावना सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# भाजपा में शामिल होंगे चेयरमैन सुमित

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** होली से पूर्व क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। निर्दलीय चुनाव जीतकर अपनी मजबूत पहचान बनाने वाले चेयरमैन सुमित मंडल अब भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। वह कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल होंगे। 2 मार्च को आयोजित इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए भव्य तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थकों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। होली के उत्सवी माहौल में राजनीतिक एकजुटता का यह दृश्य क्षेत्र की राजनीति में नया संदेश देने वाला माना जा रहा है।

ज्ञात हो कि सुमित मंडल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर अपनी लोकप्रियता साबित की थी। उनके भाजपा में विलय से क्षेत्रीय राजनीति के समीकरण प्रभावित हो सकते हैं। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनके आने से संगठन मजबूत होगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान होली मिलन और जनसंवाद भी आयोजित किए जाएंगे। समर्थकों में उत्साह का माहौल है और इसे राजनीतिक दृष्टि से अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है। यह आयोजन न केवल रंगों का पर्व होगा, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकता है।



कुछ समय से एक दूसरे के करीब आए कैबिनेट मंत्री बहुगुणा और चेयरमैन।

### कुछ समर्थकों में देखी गई नाराजगी

**शक्तिफार्म :** निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चेयरमैन बने सुमित मंडल के कुछ कट्टर समर्थकों में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि भाजपा के विरोध में ही वे चुनाव जीते थे, इसलिए अब भाजपा का दामन थामना उनके राजनीतिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है।



खटीमा के जेके पब्लिक स्कूल में अपने विज्ञान मॉडल प्रदर्शित करते बच्चे।

### जेके पब्लिक स्कूल में नन्हें वैज्ञानिकों ने दिखाया दम

**खटीमा** : विज्ञान दिवस के अवसर पर जेके पब्लिक स्कूल, सत्रहमील के प्रांगण में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में चौथी से ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मक एवं वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया।प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल भविष्य की समस्याओं के समाधान पर आधारित थे। इसमें सस्टेनेबल डेवलपमेंट ग्रीन माइंड फ्यूचर, जूलॉजी लेजेंड्स, सोलर पैनल विलेज, भूकंप डिटेक्टर, ह्यूमन आई प्रोजेक्ट, सौर और पवन ऊर्जा से चलने वाले सिंचाई यंत्रों के वर्किंग मॉडल, जल संचय जैसे कई रोचक विज्ञान मॉडल शामिल थे। प्रबंधक अजय मौर्य ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रकाश चंद तिवारी, हेमा शाही, प्रभा जोशी, अजय कुशवाहा सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# छात्रों ने किया केंद्रीय कारागार का भ्रमण

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** सितारगंज स्थित एसआरएम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने केंद्रीय कारागार, सितारगंज का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने कारागार परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आपराधिक न्याय प्रणाली की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था।

शुक्रवार को जेल अधीक्षक अनुराग मलिक ने छात्रों को कारागार की व्यवस्थाओं एवं सुधारात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि एक सुधारात्मक संस्था है, जहां बंदियों के पुनर्वास और कौशल विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, ताकि वे दोबारा समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने छात्रों को जीवन में नशे, नकारात्मक संगति और किसी भी प्रकार की आपराधिक प्रवृत्ति से दूर रहने की प्रेरणा दी। साथ ही सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा माता-पिता और शिक्षकों के साथ स्वस्थ संवाद बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। इस दौरान प्रधानाचार्या नीरू सिंह ने शिक्षकों के साथ छात्रों का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण छात्रों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप-जेलर प्यारे लाल आर्या, वार्डर रईस अहमद, एसपी सिंह, वार्डन अरविंद कुमार, नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कारागार परिसर में पौधरोपण के दौरान मौजूद विद्यार्थी व जेल के अधिकारी।

### खाद्य संरक्षा टीम ने मावे के सैंपल भरे

**काशीपुरः** खाद्य संरक्षा विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर 70 किलो मावा पकड़ा। दुकानों ने अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के तीन सैंपल लिये। जिन्हें जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा गया है। सैंपल जांच में फेल होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। होली के त्योहार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री को देखते हुए खाद्य संरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त ललित मोहन पांडे और वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह ने मुरादाबाद रोड पर मंडी चौकी के पास बाहर से आ रहे वाहनों की जांच की। यूपी की ओर से आ रहे टुकटुक को टीम ने रोक लिया। टुकटुक में 70 किलो मावा बरामद हुआ। जिसका टीम ने सैंपल लिया। वहीं टीम ने रोडवेज बस अड्डे पास रखे मावे के कट्टे में से भी सैंपल लिया। टीम ने 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

- फलदार, छायादार और औषधीय सहित विभिन्न प्रजातियों के 500 पौधों के रोपण का लक्ष्य

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** हाइवे के समीप काशीपुर रोड स्थित प्रस्तावित निर्माणाधीन स्काईलार्क सिग्नेचर कॉलोनी में वृहद वृक्षारोपण के साथ कॉलोनी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सैकड़ों पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

स्काईलार्क सिग्नेचर के एमडी अतुल गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कॉलोनी निर्माण से पूर्व 500 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों के रोपण के साथ उनके संरक्षण और पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी संस्था द्वारा ली गई है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर चेयरमैन अर्जुन गुप्ता, महाप्रबंधक अर्जुन ठक्कर, सेल्स मैनेजर कमलदीप सिंह, मोहनखेड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी, आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल गगनेजा, व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, पब्लिक हेल्प सोसाइटी के अध्यक्ष मोहित अरोड़ा (चेरी), जिला पंचायत सदस्य सिल्की खेड़ा, विजय छाबड़ा, अशोक कुमार, अशोक बाटला, हिमांशु शुक्ला, नरेंद्र सिंह ग्रोवर, दीक्षा, मीना, रति सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



स्काईलार्क सिग्नेचर कॉलोनी में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

### लोगों को लौटाए खोए हुए कीमती मोबाइल

**काशीपुरः** कोतवाली आईटीआई पुलिस ने पांच परिवारों की खुशियां दोगुनी कर दी हैं। पुलिस ने आधुनिक तकनीक का सटीक इस्तेमाल करते हुए क्षेत्र से गुम हुए करीब 88 हजार रुपये की कीमत के पांच मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए हैं।

इसी क्रम में कोतवाली आईटीआई के कांस्टेबल किशोर गिरी द्वारा गुम हुए मोबाइलों का डेटा सीईआईआर पोर्टल पर अपलोड कर निरंतर निगरानी रखी जा रही थी। कोतवाली परिसर में फोन स्वामियों को बुलाकर उनके मोबाइल सौंपे गए। जिनमें पारस सिंह निवासी बाजपुर मुन्त्याज शाह निवासी कचनाल गुसाई, मुख्तार अली निवासी कचनाल गुसाई, इमरान निवासी गुलडिया, गुरदित्ता सिंह निवासी कटैय्या थे। आईटीआई प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि अन्य गुमशुदा फोन की तलाश भी जारी है।



# पश्चिम एशिया पर संकट
# महायुद्ध





# 12 कराची में अमेरिकी दूतावास पर हमला
# की मौत

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई झड़पों में 12 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। अमेरिका-इजराइल के हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध स्वरूप यह हिंसक संघर्ष हुआ। खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही प्रदर्शनकारी वाणिज्य दूतावास की ओर जाने वाली सड़क पर एकत्र होने लगे। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने उन पर गोली चलाई।

सिविल अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. सुमैय्या सैयद ने बताया कि 10 शव अस्पताल में लाए गए हैं, जिनमें कुछ शवों पर गोली लगने से घाव के निशान हैं। सैयद के मुताबिक, करीब 30 घायल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचाराधीन हैं। घायलों में चार पुलिसकर्मी भी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक असद रजा ने कहा कि भीड़ के पुलिस पर हमला करने के बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए और लाठीचार्ज किया गया।



कराची में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए छोड़े जाते आंसू गैस के गोले।

**अमेरिकी मरीन ने नहीं चलाई गोली:** सिंध के गृह मंत्री जिया उल हसन लंजार ने कहा कि “किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।” लंजार ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने उन अटकलों को खारिज किया कि मारे गए लोगों को वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में तैनात अमेरिकी मरीन ने गोली मारी। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास माई कोलाची रोड पर नौसेना की एक आवासीय सोसाइटी के निकट एक किलेबंद इमारत में है, लेकिन आसपास निम्न-आय वर्ग के इलाके हैं।

## इस्लामाबाद, पेशावर और लाहौर में भी सड़कों पर उतरे लोग

- ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के फैसल ईधी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी बेहद हिंसक हो गए और उन्होंने उनके स्वयंसेवकों तथा एंबुलेंस पर भी हमला किया। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने बयान में कहा, “हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के निकट जारी प्रदर्शनों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास और पेशावर स्थित वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शनों के आह्वान की खबरें भी देख रहे हैं।'' हम पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे स्थानीय समाचारों पर नजर रखें और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय अपनाएं। पुलिस के अनुसार, शिया संगठनों ने खामेनेई की मौत के विरोध में कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च निकालने की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में तहरीक-ए-जाफरिया पाकिस्तान ने विरोध प्रदर्शन और अमेरिकी दूतावास का घेराव करने घोषणा की, जिसके बाद अधिकारियों ने 'रेड जोन' सील कर दिया और उससे जुड़ी सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किए। जिला प्रशासन ने बताया कि इस्लामाबाद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। लाहौर में प्रेस क्लब के बाहर इजराइल और अमेरिका की ईरान के खिलाफ सैन्य हमले के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं।

**30** से ज्यादा लोग घायल, लाठी डंडे लेकर पहुंची थी भीड़

- उपद्रवी भीड़ ने गेट और शीशे तोड़े, पथराव व आगजनी
- अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी

## रिएक्शन

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान बोले बदला लेना हमारा वैध अधिकार



- ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद कहा कि इस अपराध के अपराधियों और कमांडरों के खिलाफ रक्तपात और बदला लेना ईरान वैध अधिकार मानता है, और इस महान जिम्मेदारी और कर्तव्य को पूरी ताकत से पूरा करेगा। खामेनेई की हत्या दुनिया के मुसलमानों, विशेषकर शियाओं के खिलाफ एक खुला युद्ध है।

### सनक में की गयी हत्या, नैतिकता और कानून का उल्लंघन : व्लादिमीर पुतिन



- **मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई की लक्षित हत्या को 'सनक में की गयी हत्या' करार दिया है। पुतिन ने खामेनेई की मृत्यु को एक ऐसी हत्या बताया जिसने 'मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों' का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, खामेनेई को रूस में एक 'उत्कृष्ट राजनेता' के रूप में याद किया जाएगा। यूक्रेन के साथ युद्ध में ईरान ने रूस को ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों सहित सैन्य सहायता प्रदान की है और ड्रोन निर्माण सुविधा बनाने में मदद की है।

### चीन ने कहा, ईरान पर हमला और नेता को खुलेआम मारना मंजूर नहीं



- **शिन्हुआ।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि उसने हमेशा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखा है और वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ताकत के इस्तेमाल का विरोध करता है। जब ईरान-अमेरिकी बातचीत चल रही हो, तो उस दौरान अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमला करना मंजूर नहीं है। यह भी मंजूर नहीं है कि वे किसी आजाद देश के नेता को खुलेआम मारें और सरकार बदलने को बढ़ावा दें।

### इतिहास में निर्णायक क्षण, भविष्य अभी अनिश्चित : यूरोपीय संघ



- यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने कहा कि अली खामेनेई की हत्या ईरान के इतिहास में एक निर्णायक क्षण है। आगे क्या होगा यह अनिश्चित है। लेकिन अब एक अलग ईरान की ओर खुला रास्ता है, एक ऐसा ईरान जिसे आकार देने में वहां के लोगों को अधिक स्वतंत्रता मिल सकती है।

### ईरान को परमाणु हथियार की अनुमति नहीं दी जा सकती: ब्रिटेन



- ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने खुलासा किया है कि ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। लेकिन हमें यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरान में एक ऐसा शासन है जो अन्य देशों को परेशान करता है और इसे कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### फ्रांस और ब्रिटेन बोले, फिर से शुरू की जाए ईरान-अमेरिका में वार्ता

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका-ईरान से फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके देश ईरान पर हुए हमलों में शामिल नहीं हैं, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, “हम क्षेत्र के देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ईरान को बिना सोचे समझे सैन्य हमले करने से बचना चाहिए।

### खामेनेई की मौत पर कई जगह जश्न

- ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अमेरिकी हमलों के लिए जहां खुला समर्थन व्यक्त किया है, वहीं खामेनेई की मौत के बाद कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन के बीच कुछ जगह लोग जश्न मनाते भी दिखे। न्यूयॉर्क से लेकर बर्लिन और उससे आगे तक, ईरानी प्रवासी समुदाय के सदस्यों और उनके समर्थकों द्वारा खामेनेई के शासन के अंत का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। शनिवार दोपहर बर्लिन में ईरानी लोग जश्न मनाते हुए तेज संगीत पर नाचते और नारेबाजी करते नजर आए।

## दुबई में बरसीं मिसाइल व ड्रोन निशाने पर होटल-एयरपोर्ट

दुबई, एजेंसी

अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान ने इजराइल के तेल अवीव समेत मिडिल ईस्ट के देशों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसमें संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई को भी निशाना बनाया गया। दुबई के मशहूर लग्जरी होटल बुर्ज अल अरब पर भी हमला होने की खबरें सामने आईं। रिपोर्ट के अनुसार, एक अटैक ड्रोन के बिल्डिंग से टकराने के बाद आग की लपटें उठने लगीं। दुबई मीडिया ऑफिस ने एक्स पर कहा, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एक ड्रोन को रोका गया था। उसका मलबा बुर्ज अरब के बाहरी हिस्से से टकरा गया, जिससे हल्की आग लग गई। ईरान ने दुबई में स्थित सीआईए के ठिकाने और एक अमेरिकी एजेंसी पर भी हमला किया। दुनिया के सबसे व्यस्तम दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन पर भी संदिग्ध हवाई हमले से मामूली नुकसान हुआ है। चार कर्मचारी घायल बताए गए हैं। इसी तरह दुबई के प्रमुख बंदरगाह जेबेल अली पोर्ट पर इंटरसेप्ट किए गए ड्रोन के मलबे से आग लग गई। रिहायशी इलाकों पाम जुमेराह और अल नहदा में भी तेज धमाकों की कई आवाजें सुनी गईं।



तेल अवीव में ईरानी मिसाइल से क्षतिग्रस्त हुई इमारत।

### आसमान में आग और धुएं की लकीरें

- दुबई के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि लगातार धमाकों से उनके फ्लैट की खिड़कियां हिल गईं और रात में एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा इंकमिग प्रोजेक्टाइल्स को इंटरसेप्ट करने से आसमान में आग और धुएं की लंबी रेखाएं बनती रहीं। एक भारतीय नागरिक विष्णु मंचू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इंटरसेप्शन की आवाजों की वजह से उनका घर हिल गया और बेटी आयरा डर गई। उन्होंने शांति की प्रार्थना करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे को जंग की आवाजें सुनते हुए बड़ा नहीं होना चाहिए। एक महिला ने कहा कि लोग पूछते हैं कि दुबई में सुरक्षित महसूस क्यों होता है, आज इसका जवाब मिल गया।

### ओमान के तट पर तेल टैंकर पर हमला, 15 भारतीय थे सवार

- ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल के 15 सदस्यों वाले तेल टैंकर पर हमला हुआ है जिसमें चार व्यक्ति घायल हो गए हैं। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र के अनुसार तेल टैंकर स्काईलाइट पर ओमान के मुसंदम प्रांत के पास तट से लगभग पांच समुद्री मील उत्तर में हमला किया गया। केंद्र ने बताया कि तेल टैंकर पर पालाऊ का ध्वज अंकित था। केंद्र ने कहा कि हमले में 20 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया। केंद्र के अनुसार चालक दल में 15 भारतीय और पांच ईरानी नागरिक शामिल थे। चालक दल के चार सदस्यों को चोट आईं और उन्हें आवश्यक चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। घटना उस समय हुई जब ईरान ने उत्तरी खाड़ी में इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बीच प्रतिरोधी हमले तेज कर दिए हैं।

### श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शन शिया धर्म गुरुओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारत में भी ईरान के सर्वेच्च नेता खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन हुए। श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शनों के बीच अजमेर में शिया मुस्लिम महासभा ने 3 दिन के शोक का ऐलान किया, जबकि कई धर्मगुरुओं ने खामेनेई की मौत पर दुख जताया है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज उठाई, वो चला गया, वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताकतों से भी नहीं। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, “ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज़ उठाई, वो चला गया। वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताक़तों से भी नहीं।”



श्रीनगर में खामेनेई के मौत पर शोकजदा युवक ।

ट्रंप के दामाद, उनके विशेष दूत और ईरान के विदेश मंत्री के बीच जिनेवा में वार्ता स्थगित होने के बाद तेजी से बदला घटनाक्रम

## ...इस तरह लिखी गई ईरान पर हमले की पटकथा

स्पेशल डेस्क

अमृत विचार। ईरान पर इजराइल और अमेरिका का साझा हमला सटीक खुफिया जानकारी और कई घटनाओं के एक साथ घटित होने से अपरिहार्य बन गया। हुआ यह कि ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच जिनेवा में गुरुवार को हुई बातचीत बिना किसी निर्णायक मोड़ पर पहुंचे स्थगित हो गई थी। हालांकि अराघची ने कहा था कि वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है। उधर, ओमान के जिन अधिकारियों ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, उनका भी कहना था कि बातचीत अगले सप्ताह वियना में फिर से शुरू होगी। लेकिन ट्रंप के सलाहकार ईरान में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को सही ठहराने की कोशिश में लगे थे। विटकॉफ और कुशनर को जिनेवा इसी उम्मीद में भेजा गया था कि वे ईरान को न सिर्फ आत्मसमर्पण के लिए राजी कर लेंगे बल्कि जैसा कि इजराइल भी चाहता है कि ईरान को न केवल परमाणु कार्यक्रम बल्कि मिसाइल उत्पादन के लिए राजी कर लेंगे। लेकिन रणनीतिकार मान रहे थे कि ट्रंप ने जिस तरह सैन्य बल एकत्र किया है, उसे देखते हुए ईरान का कोई भी प्रस्ताव युद्ध रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी कारण विटकॉफ और कुशनर के वाशिंगटन लौटने पर, ट्रंप ने खुद को “असंतुष्ट” बताया। अगले दिन, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने ट्रंप को सैन्य विकल्पों पर अंतिम ब्रीफिंग दी, और इसी दौरान दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड फोर्ड हाइफा पोर्ट पर पहुंचा। इसी पोत ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने में भाग लिया था। हाइफा में फोर्ड का काम ईरान की जवाबी कार्रवाई से इजरायल की रक्षा करना था। फोर्ड के तैनात होते ही इजरायल में अमेरिकी राजदूत ने अपने कर्मचारियों से कह दिया कि यदि वे देश छोड़ना चाहते हैं तो आज ही निकल जाएं। माहौल की नजाकत भांपते हुए, ओमान के विदेश मंत्री बदर अलबुसैदी, जिन्होंने वार्ता में मध्यस्थता की थी, तत्काल वाशिंगटन पहुंचे और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस से कुछ और दिन देने का आग्रह किया। इस बीच इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद व अमेरिकी सर्विलांस खामेनेई और रणनीतिकारों की बैठक की सूचना साझा कर चुके थे। इसी के बाद शनिवार सुबह ईरान पर बमबारी शुरू हो गई और ईरान की मिसाइलें भी इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों की ओर बरसने लगीं।





ओशो का मानना था कि जब आप हंस रहे होते हैं, तब आप ईश्वर की इबादत कर रहे होते हैं।

**–ओशो**, दार्शनिक

## इस आग की आंच

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों पर किए गए संयुक्त हवाई हमलों ने न केवल मध्य पूर्व को युद्ध की आग में झोंक दिया है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति के सामने एक अभूतपूर्व संकट भी खड़ा कर दिया है। ईरान के जवाबी मिसाइल हमलों ने इस संघर्ष को "सीधे टकराव" के उस स्तर पर पहुंचा दिया है, जहां से वापसी का रास्ता फिलहाल थोड़ा मुश्किल नजर आता है। यह हमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान 'मानवता' और 'शांति' के आह्वान और उसकी प्रशंसा तथा स्वीकारोक्ति के ठीक बाद हुआ। जाहिर है यह किसी आकस्मिक प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि महीनों से तैयार एक सोची-समझी समीक्षित सैन्य रणनीति है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह ध्वस्त करना और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने और अपने सहयोगियों के पक्ष में मोड़ना है, लेकिन 'सत्ता परिवर्तन' का ट्रंप प्रशासन का सपना खामनेई की मौत के बावजूद आसान नहीं है?

इतिहास गवाह है कि थोपे गए बदलाव अक्सर लंबे और विनाशकारी गृहयुद्धों में तब्दील हो जाते हैं। इस युद्ध का सबसे भयावह पहलू आर्थिक है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है, अब एक युद्ध क्षेत्र बन चुका है, इसके बाधित होने का अर्थ है तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाना। हमारे लिए यह दोहरी मार का बायस बनेगा। अपनी जरूरत का 85-90 फीसद तेल आयात करने वाले भारत के लिए तेल महंगा होने का सीधा अर्थ है, परिवहन लागत में वृद्धि और खुदरा महंगाई। आयात बिल में वृद्धि और डॉलर की मांग मजबूत होने से रुपया कमजोर होगा, जिससे हमारा व्यापार घाटा बढ़ेगा। निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों में लगा रहे हैं, जिससे घरेलू बाजारों में अस्थिरता बढ़ेगी और इन धातुओं के दाम भी। इस वैश्विक संकट के बीच भारत की भूमिका 'सतर्क संतुलन' की रही है। भारत ने न तो किसी पक्ष का अंधा समर्थन किया है और न ही तटस्थता के नाम पर चुप्पी साधी है। भारत का रुख संवाद और शांति पर आधारित है, जो उसके दीर्घकालिक सामरिक हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है। एक तरफ इजरायल के साथ हमारे रक्षा संबंध हैं, तो दूसरी तरफ खाड़ी देशों में रहने वाले लाखों भारतीय प्रवासियों और ऊर्जा सुरक्षा की चिंता। ऐसे में भारत को संतुलित विदेश नीति पर कायम रखना होगा।

समय की मांग है कि भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाए और एक मजबूत कूटनीतिक कवच तैयार करे। मध्य पूर्व का यह तनाव आने वाले महीनों में और गहरा सकता है। ऐसे में केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक लचीलापन और कूटनीतिक समझदारी ही भविष्य की दिशा तय करेगी। यह संघर्ष तीन देशों तक सीमित नहीं है, इसके चपेट में कई देश हैं। ऐसे में यह 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' की दिशा में एक जोखिम भरा कदम है, जो अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना और ऊर्जा राजनीति को फिर से परिभाषित करेगा। इस जंग की भीषण होती आग दिन-ब-दिन बढ़ी तो इसकी आंच तमाम देशों तक पहुंचेगी।

### प्रसंगवश

## विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में एक नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है, बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह एक उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है, तो विदेश जाना ही पड़ेगा, लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है। क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं?



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है। विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहां की पढ़ाई बेहतर है या वहां अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं, क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना एक विकल्प बन जाता है, लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है।

आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं, लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है, जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विोदेश जाना एक अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं, लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज तीनों की भूमिका यहां महत्वपूर्ण है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि सफलता किसी देश की मोहताज नहीं होती। आज जरूरत है संतुलित सोच की। हमें अपने युवाओं को यह बताना होगा कि दुनिया खुली है, अवसर हर जगह हैं, लेकिन अपने देश की ताकत और संभावनाओं को कम नहीं आंकना चाहिए। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं की एक विशाल भूमि है। यहां चुनौतियां भी हैं और अवसर भी। विदेश जाना विकल्प हो सकता है, लेकिन लक्ष्य नहीं होना चाहिए। लक्ष्य होना चाहिए योग्यता, आत्मनिर्भरता व सार्थक जीवन। यह सोच समाज में मजबूत होगी, शायद विदेश भेजने की अंधी दौड़ अपने आप धीमी पड़ जाएगी। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# तेहरान की आग और इतिहास की परछाइयां





डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

पश्चिम एशिया की तप्त रेत पर आज जो रक्त-रंजित इबारत लिखी जा रही है, वह केवल दो या तीन राष्ट्रों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, वह उस अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का संकट है, जिसने नियम बनाए भी और उन्हें अपने हितों के अनुसार तोड़ा भी। तेहरान के आसमान में उठी आग को यदि केवल एक सैन्य कार्रवाई माना जाए, तो यह इतिहास की लंबी पृष्ठभूमि को नजरअंदाज करना होगा। यह टकराव किसी एक निर्णय, किसी एक घटना या किसी एक नेता की सनक का परिणाम नहीं है। यह दशकों से जमा अविश्वास, हस्तक्षेप, वैचारिक टकराव और शक्ति-राजनीति की निरंतरता का विस्फोट है। अयातुल्ला अली खामनेई की मृत्यु के बाद अब यह सत्ता-संक्रमण और रणनीतिक अनिश्चितता का भी प्रश्न बन गया है।

इस कहानी का निर्णायक आरंभ 1953 में होता है। डॉ. मोहम्मद मोसद्देक, एक निर्वाचित प्रधानमंत्री ने ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया। उनका तर्क सीधा था कि ईरान का तेल ईरान की जनता का होना चाहिए। उस समय एंग्लो-ईरानियन ऑयल कंपनी ईरानी संसाधनों से भारी लाभ कमा रही थी। राष्ट्रीयकरण को लंदन और वाशिंगटन ने आर्थिक मतभेद नहीं, सामरिक चुनौती के रूप में देखा। अमेरिकी गुप्तचर संस्था सीआईए और ब्रिटिश खुफिया तंत्र ने मिलकर तख्तापलट की योजना बनाई। 19 अगस्त 1953 को मोसद्देक की सरकार गिरा दी गई। बाद में सार्वजनिक हुए अभिलेखों ने अमेरिकी भूमिका को स्वीकार किया। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, यह उस सोच का प्रदर्शन था, जिसमें संसाधन और भू-राजनीति लोकतांत्रिक इच्छा से ऊपर रखे जाते हैं। यहीं से ईरान-अमेरिका संबंधों में अविश्वास की वह रेखा खिंची, जो कभी पूरी तरह मिट नहीं सकी। तख्तापलट के बाद शाह मोहम्मद रजा पहलवी को अमेरिकी समर्थन मिला। विकास और आधुनिकीकरण की योजनाओं के साथ राजनीतिक दमन भी गहराया। असहमति को कुचला गया। यही अंतर्विरोध 1979 की इस्लामी क्रांति में विस्फोटित हुआ। अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमेनी के नेतृत्व में शाह का पतन हुआ और इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई। उसी वर्ष तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास पर कब्जा और 444 दिनों तक 52 अमेरिकी नागरिकों को बंधक बनाए रखना अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन था। किंतु इस घटना को 1953 की ऐतिहासिक स्मृति से काटकर नहीं समझा जा सकता। इसी कालखंड में ईरान और इजराइल के संबंधों ने निर्णायक मोड़ लिया। शाह के दौर में दोनों देशों के बीच व्यावहारिक संपर्क और अप्रत्यक्ष सहयोग मौजूद था। पर 1979 के बाद नई इस्लामी व्यवस्था ने इजराइल को वैध राज्य मानने से इनकार किया और फिलिस्तीनी प्रश्न को अपनी वैचारिक पहचान का केंद्र बना लिया। इजराइल केवल एक पड़ोसी देश नहीं रहा, वह एक वैचारिक प्रतिपक्ष बन गया। इस बदलाव ने द्विपक्षीय संबंधों को कूटनीतिक मतभेद से उठाकर अस्तित्व और पहचान के टकराव तक पहुंचा दिया।

1980 के दशक का ईरान-इराक युद्ध इस मानसिकता को और कठोर करता है। इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने ईरान पर हमला किया। ऐतिहासिक साक्ष्य बताते हैं कि अमेरिका ने उस समय इराक को राजनयिक व खुफिया सहयोग दिया। युद्ध में रासायनिक हथियारों का प्रयोग हुआ। इस अनुभव ने ईरान की सुरक्षा सोच में यह धारणा मजबूत की कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नैतिकता से नहीं, शक्ति-संतुलन से संचालित होती है। इसके बाद ईरान ने परोक्ष शक्ति-प्रयोग की नीति अपनाई। लेबनान में हिजबुल्लाह और गाजा में हमास जैसे संगठनों को समर्थन मिला। इजराइल के लिए यह सीधा सुरक्षा-खतरा था। इजराइल ने सीरिया और अन्य स्थानों पर ईरान-समर्थित ठिकानों को निशाना बनाया। यह संघर्ष वर्षों तक छाया में चलता रहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह टकराव खुलकर सामने आया। अप्रैल 2024 में, दमिश्क स्थित ईरानी परिसर पर हमले के बाद, ईरान ने सीधे इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन दागे। 2025 में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया, जो संघर्ष दशकों तक परोक्ष था, वह प्रत्यक्ष सैन्य मुठभेड़ में बदल गया। तनाव का सबसे संवेदनशील बिंदु ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की मई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के पास लगभग 233 किलोग्राम उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम था, जो आगे बढ़ाए जाने पर कम समय में कई परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए पर्याप्त माना जाता है। यह केवल आशंका नहीं, निगरानी संस्था का दर्ज तथ्य था। निरीक्षण में सीमाएं और पारदर्शिता की कमी ने संदेह को गहरा किया। ईरान का तर्क है कि यदि क्षेत्र में अन्य देशों के पास परमाणु क्षमता है, तो उसे सुरक्षा का अधिकार क्यों नहीं। परंतु अंतर्राष्ट्रीय राजनीति केवल अधिकार की भाषा से नहीं, विश्वास व पारदर्शिता से भी संचालित होती है।

अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते हैं। इजराइल सुरक्षा की दुहाई देता है, पर उसकी कार्रवाइयां भी अंतर्राष्ट्रीय कानून से परे नहीं हैं। आज तेहरान की जली इमारतें, सीमा पार दागी गईं मिसाइलें व बंकरों में शरण लेते परिवार यह बताते हैं कि महाशक्तियों की रणनीति का बोझ आम नागरिक उठाते हैं। तेल की कीमतें बढ़ती हैं, समुद्री मार्ग अस्थिर होते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। शक्ति से नियंत्रण संभव है, स्थिरता नहीं, भय से चुप्पी मिल सकती है, भरोसा नहीं और जहां भरोसा टूटता है, वहां युद्ध केवल समय का प्रश्न रह जाता है। यही इस पूरे प्रसंग का सबसे कठोर, पर सबसे सटीक निष्कर्ष है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते है।

### आमने



हम इस देश के दुश्मनों को खासकर अमेरिका और जायोनी शासन को यह बात समझा देंगे कि उन्होंने बड़ी गलती की है। यह हम अपने लोगों की ताकत, एकता और सहयोग के दम पर करेंगे। हम अपने उस बुद्धिमान और मजबूत नेता (खामेनेई) के खून की आखिरी बूंद तक चलते रहेंगे, जब तक दुश्मन हार न मान ले।

**–ब्रिगेडियर जनरल अहमद वहिदी**
सेना आर्मी चीफ, ईरान

### सामने

ईरान ने अभी कहा है कि वे बहुत ऐसा जोरदार हमला करेंगे, जितना पहले कभी नहीं किया हो, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा किया, तो हम उन्हें ऐसी ताकत से जवाब देंगे, जो दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

**– डोनाल्ड ट्रंप**
राष्ट्रपति, अमेरिका



# नई पीढ़ी तक को सराबोर कर रहीं होली परंपराएं



अजय दयाल
हल्द्वानी

होली और हुड़दंग, दो शब्द अमूमन एक दूसरे के पर्याय ही माने जाते हैं। होली का आशय रंग और भंग से है, तो हुड़दंग का अर्थ रंग में भंग डाल देने से है। रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों ने ही होली के कई उपनाम दे रखे हैं- कीचड़ वाली होली, कपड़ा फाड़ होली, गाली-गलौच वाली और तो और अश्लील होली भी, जिसमें कानफोड़ू संगीत पर फूहड़ डांस होते हैं। हालांकि समाज के संवेदनशील लोगों के बीच बदलते वक्त के साथ हर्बल होली या यूं कहें सूखी होली यानी गीले रंगों के बजाय अबीर-गुलाल वाली होली का प्रचलन बढ़ा है। गुब्बारे मारकर पीठ लाल कर देने की परंपरा भी कम पड़ी है। बावजूद इसके युवाओं का एक तबका बगैर हुड़दंग के होली नहीं मानता। रंग और भांग-शराब का कॉकटेल उन्हें इस कदर मदहोश कर देता है कि छेड़खानी जैसे अपराध ही नहीं करते, बल्कि खुद भी दुर्घटना का शिकार होकर जान तक गंवा बैठते हैं। बहरहाल, होली त्योहार का यह एक पहलू मात्र है।

दूसरा पहलू बहुत दिलचस्प और आकर्षक है, जिसमें पूजा-पाठ, शालीन नृत्य-गीत, पांव छूने और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूजे को गले लगाने की परंपरा है। इस संदर्भ में उत्तराखंड की परंपरागत होली का उदाहरण लें, तो पाएंगे कि यहां होली महज रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि बुजुर्गों की विरासत को आगे बढ़ाने वाली सांस्कृतिक पहचान है। पहाड़ों के लोग वास्तव में विरासत में मिली परंपराओं को नई पीढ़ी तक ले जा रहे हैं। खासकर होली के अवसर पर वो चौपाइयां, राग रागिनी और गीत हैं, जो उत्तराखंड के इतिहास और संस्कृति को बयां करते हैं। रंगोत्सव का पहाड़ों पर कुछ अलग रंग रूप में दिखाई देता है। न तो कोई हुड़दंगबाजी और न ही बदरंग करने को पानी की बौछार। यहां पर होलियारों की टोलियां गीत, चौपाइयां और राग रागिनियां गाकर देव स्तुति करतीं हैं तो पूर्वजों की वीरता का गुणगान भी।

उत्तराखंड मे रंगोत्सव लगभग दो माह तक चलता है। वसंत पंचमी से कुमाऊं में होली की शुरुआत हो जाती है, जो बैठकी होली के नाम से प्रचलित है। दरअसल, माना जाता है कि वसंत ऋतु में सूर्य के उत्तरायण होने पर फल-फूलों की नई सृष्टि के साथ ऋतु अमृतप्राण हो उठती है। इसलिए होली को मन्वंतरांभ और नवान्नवेष्टि यज्ञ भी करार देते हैं। इसके बाद मंदिरों में होली पर रंग चढ़ाने के साथ ही पूर्णमासी यानी होली के दिन तक खड़ी होली मनती है। इस दौरान रामायण और कृष्णा व राधा से जुड़ी चौपाइयां गूंजती हैं। इन गीतों में प्रेम का संदेश होता है, तो मर्यादाओं की बात भी। पहाड़ी राज्य के राजा-महाराजाओं की वीर गाथाएं गाई जाती हैं, तो अपने पूर्वजों का गुणगान करते हुए प्रेम गीत भी होते हैं। स्वस्थ मौज-मस्ती के रूप में भाभी देवर के रिश्तों पर भी गीत गाकर पौराणिक परंपराओं को प्रकट किया जाता है। शालीन होली पर चर्चा करते हुए यहां युवाओं का भी संदर्भ जोड़ा जाना आवश्यक है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है। होलियारों की टोली घर-घर पहुंचकर गीतों के जरिए इस परंपरा को युवाओं तक भी पहुंचने की कोशिश करती है। होलियारों का ही प्रयास है कि डिजिटल युग में नए परिवेश में पले-बड़े युवा भी अपनी संस्कृति और परंपराओं को देखें, महसूस करें और समझें। असल में युवाओं के बीच शालीन होली का संदेश इसलिए जाना आवश्यक है, क्योंकि उनमें त्योहार को लेकर उत्साह, उमंग भरपूर होता है। ऐसे में नशा या मिलावटी खानपान उनकी सेहत पर घातक प्रभाव डाल सकता है। खासकर नशा कर वाहन चलाने वालों के लिए सख्त संदेश है कि रंगोत्सव के त्योहार को दुर्घटना का शिकार होकर अपनी और परिजनों की जिंदगी बर्बाद करने का प्रयास न करें।

इस दिन ऐसे बहुतेरे अस्पताल पहुंच जाते हैं, कई जान भी गंवा देते हैं। कुछ अराजक तत्व इस मौके पर दुश्मनी निकालने की भी फिराक में होते हैं, इसलिए होश खोना ठीक नहीं वरना, जानलेवा परिणाम भी सामने आए हैं। इसीलिए पहाड़ों पर मनाई जा रही परंपरागत होली को शहरी क्षेत्र में भी संदेश के रूप में लिया जाना चाहिए। कुछ संस्थाएं ऐसा कर भी रहीं हैं। इन्हीं संस्थाओं से जुड़ी होलियारों की टोलियों प्रयासरत हैं कि अपनी परंपराओं को बचाने के लिए उन्हें जो विरासत में मिला है, उसे वह आगे की पीढ़ी को भी दें। ताकि यह परंपराएं आगे बढ़ती रहें और इतिहास को जानने के साथ हम अपनी जड़ों से भी जुड़े रह सकें।

हकीकत यह है कि आज जब होली का स्वरूप कई जगह बिगड़ रहा है, राजा-महाराजाओं के समय से लगातार चली आ रही होली, पुरानी परंपराएं और संस्कृति को बचाए हुए है। पहाड़ पर होली का परंपरागत रूप न केवल सुख शांति का प्रतीक है, बल्कि एकता और भाईचारे को भी बढ़ाने का जीवंत उदाहरण है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है।

### सोशल फोरम

## नमक की कीमत

नमक बड़ी साधारण और सस्ती सी चीज है, लेकिन जीवन के लिए उतनी ही जरूरी भी। इतनी जरूरी की एक बार इसकी कमी की अफवाह ने इसे इतना बिकवाया की ये बाजार से ही गायब हो गया। इस साधारण सी चीज को बनाने का अधिकार भी जब अंग्रेजों ने हम से छीन लिया तो गांधी जी को इसके लिए नमक सत्याग्रह करना पड़ा और खुलेआम नमक बनाकर अंग्रेजों के कानून को धत्ता बताना पड़ा। मुझे याद है बचपन में जब भी नमक लेने दुकान में जाता था, तो दुकानदार एक ठोंगा (लिफाफा) देकर दुकान से बाहर रखे बोरे से खुद ही नमक भरने के लिए कहता था और फिर ठोंगे को अंदाज से ही देखकर वो तीन से दस पैसे तक कीमत ले लिया करता था। उस वक्त नमक थोड़ा मोटा होता था। इस साधारण से नमक को कोई भी दुकानदार दुकान के भीतर नहीं रखता था। रात को भी ये बाहर खुले में ही पड़ा रहता था। मगर मजाल है कि कोई इसे चोरी कर ले।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

नमक आज बहुत साधारण प्रतीत होता है, लेकिन कभी ये बहुत दुर्लभ था। इसलिए लोकधारणा थी कि यहां बर्बाद किया गया नमक मृत्यु बाद पलकों से उठाना होगा। आज इतने सस्ते और साधारण से नमक की एक बात बहुत असाधारण है। वो आपको फिल्म शोले का डॉयलाग तो याद होगा? "सरदार मैंने आपका नमक खाया है।" नमक की यही सबसे बड़ी खासियत है कि एक बार चटा देने के बाद आप उम्मीद करते हैं कि दूसरा इसका हक जरूर अदा करेगा। इस साधारण से नमक की यही असाधारण बात मुझे चुभती रहती है। भाई क्यों हर कोई नमक का हक अदा करने की उम्मीद करता है। माता पिता, भाई बंधु, समाज, संस्थान, देश सभी नमक के हक की बात करते हैं।

नमक खाया है, तो हक जरूर अदा करना चाहिए। कायदे से ये हमारी जिम्मेदारियां हैं, लेकिन कई बार नमक का हक आपके सिद्धांतों के आड़े आ जाता है। अब यहां सवाल उठता है कि क्या नमक की कीमत सिद्धांतो की कीमत से ज्यादा है? मेरे ख्याल में बिल्कुल नहीं... नमक तो विभीषण ने भी खाया था, लेकिन उसने रामजी का साथ देना पसंद किया? नमक तो विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन पॉल असांजे ने भी खाया था, जिसने सारी दुनिया के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझी? नमक तो मोहम्मद अली ने भी खाया था, जिसने वियतनाम के विरुद्ध युद्ध मे भाग लेने से मनाकर दिया था। बहरहाल इतना कहूंगा कि नमक जीवन के लिए जरूरी है, बहुत कीमती है, लेकिन हमारे सिद्धांतो से ज्यादा कीमती नहीं। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## फिर पिंजरे का तोता साबित हुई सीबीआई

केंद्रीय जांच एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली पर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, जिससे उनकी साख प्रभावित होती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां अब भी राजनीतिक प्रभाव से मुक्त स्वतंत्र कार्यप्रणाली विकसित नहीं कर सकी हैं। हाल में दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति प्रकरण में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों के विरुद्ध दायर सीबीआई के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए उन्हें आरोपमुक्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रस्तुत दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया किसी भी आरोपी के विरुद्ध मामला बनता ही नहीं है। न्यायाधीश ने यहां तक टिप्पणी की कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में बढ़ाई गई, ताकि कमजोर कहानी को विश्वसनीयता का भ्रम दिया जा सके।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ लेखक

अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच की संस्तुति भी की। हालांकि सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर की है, परंतु निचली अदालत की कठोर टिप्पणियां उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी के मामलों में सजा की दर अत्यंत कम बताई जाती है, जिससे अभियोजन की गुणवत्ता पर भी संदेह उत्पन्न होता है। इस प्रकरण से पूर्व जमानत सुनवाई के दौरान भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने भी सीबीआई को 'पिंजरे में बंद तोता' की छवि से बाहर आने की सलाह दी थी। यह उपमा पहली बार 2013 में कोयला घोटाले की सुनवाई के समय तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आर. एस. लोढ़ा की पीठ द्वारा दी गई थी। अदालत ने कहा था कि सीबीआई वही दोहराती है, जो उसके मालिक कहते हैं। इस टिप्पणी ने जांच एजेंसी की स्वतंत्रता पर राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया था।

राजनीतिक दलों द्वारा सीबीआई के दुरुपयोग के आरोप कोई नई बात नहीं है। सत्ता में रहते हुए दल इन एजेंसियों का उपयोग करते हैं और विपक्ष में आने पर दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। एफडीआई पर संसदीय बहस के दौरान भी यह मुद्दा उठा था। पूर्व सीबीआई निदेशक उमाशंकर मिश्रा ने स्वीकार किया था कि बड़े राजनीतिक मामलों में जांच प्रतिवेदन को प्रभावित करने का दबाव बनाया जाता है। इसी प्रकार 2 जी स्पेक्ट्रम मामले में पूर्व कैग अधिकारी आर. पी. सिंह के बयान ने भी संस्थागत दबाव की चर्चा को बल दिया।

प्रश्न यह भी है कि यदि अधिकारियों पर दबाव पड़ता है, तो वे तत्काल प्रतिरोध क्यों नहीं करते और सेवानिवृत्ति के बाद ही खुलासे क्यों सामने आते हैं? लोकसेवक शपथ लेकर दायित्व निभाते हैं, अतः दबाव में आकर कार्य करना सेवा आचरण संहिता के विपरीत है। यदि संवैधानिक और वैधानिक संस्थाएं स्वयं अपने दायित्वों के प्रति कठोर नहीं होंगी, तो उनकी विश्वसनीयता पर आंच आना स्वाभाविक है। ऐसे लोगों के मनोनयन से यह तथ्य प्रमाणित होता है कि वे सत्ता पक्ष के अनुयायी बने रहे। जाहिर है, देश के लोक सेवकों को भी प्रसिद्धि और लालच की भावना से ऊपर उठकर कर्तव्य का पालन करने की जरूरत है। यदि ऐसा होता है, तो सालों जांच से जुड़े मामले लंबित नहीं रहेंगे। सीबीआई के पास ज्यादातर ऐसे मामले होते हैं, जो राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़े होते हैं। ऐसे में लटकाने के दबाव की प्रवृत्ति के चलते इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# व्हील्स

**भा**रतीय ऑटोमोबाइल बाजार में किफायती 7-सीटर गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बढ़ते परिवार, बेहतर स्पेस की जरूरत और बजट में मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल की चाह ने इस सेगमेंट को खासा मजबूत बना दिया है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए निसान ने फरवरी में अपनी नई 7-सीटर कार मीटर एमपीवी 'ग्रेवाइट' को लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये रखी गई है, जो इसे एंट्री-लेवल 7-सीटर खरीदारों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती है। कंपनी ने दमदार इंजन और प्लेटफॉर्म के साथ नई स्टाइलिंग, बेहतर फीचर्स और उन्नत सुरक्षा पैकेज देकर इसे फैमिली-फ्रेंडली कार के रूप में पेश किया है। ऐसे में कम बजट में 7-सीटर की तलाश कर रहे ग्राहकों के लिए ग्रेवाइट एक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकती है।

*- फीचर डेस्क*

### वेरिएंट और कीमत

ग्रेवाइट को चार प्रमुख वेरिएंट- VXiA, Acenta, N-Connecta और Tekna में उतारा गया है। ट्रांसमिशन के तौर पर 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत और ड्राइविंग सुविधा के अनुसार चयन कर सकते हैं। कीमत की बात करें, तो यह 5.65 लाख रुपये से शुरू होकर लगभग 8.93 लाख रुपये (टेकना लॉन्च एडिशन एएमटी) तक जाती है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और डिलीवरी मार्च 2026 से प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। निसान की रणनीति स्पष्ट है कि कम कीमत में भरोसेमंद 7-सीटर विकल्प देकर बड़े ग्राहक वर्ग को आकर्षित करना।




### एक्सटीरियर : ज्यादा बोल्ड और मस्कुलर

इसकी बेसिक बॉडी शेप ट्राइबर से प्रेरित दिखाई देती है, लेकिन ग्रेवाइट को अलग पहचान देने के लिए कई नए स्टाइलिंग एलिमेंट्स जोड़े गए हैं। फ्रंट फेसिया पर बड़ी हनीकॉम्ब पैटर्न ग्रिल, बोनट पर 'Gravite' बैजिंग और स्लिम एलईडी डीआरएल्स इसे आधुनिक और दमदार लुक देते हैं। साइड प्रोफाइल में ऊंची रूफलाइन और सीधा स्टांस इसे ज्यादा स्पेशियस और प्रैक्टिकल दर्शाते हैं। 15-इंच स्टील व्हील्स और रूफ रेल्स इसकी यूटिलिटी अपील को मजबूत बनाते हैं। रियर सेक्शन में रैपअराउंड एलईडी टेललैंप्स, क्रोम स्ट्रिप और सी-शेप्ड सिल्वर एक्सेंट इसे प्रीमियम टच प्रदान करते हैं। कलर ऑप्शन की बात करें, तो यह ओनिक्स ब्लैक, स्टॉर्म व्हाइट, मेटैलिक ग्रे, ब्लेड सिल्वर और फॉरेस्ट ग्रीन जैसे पांच आकर्षक रंगों में उपलब्ध है।

# Nissan Gravite
## कम बजट में बड़ा स्पेस






### फीचर और सेफ्टी

निसान ने ग्रेवाइट को फीचर्स के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की कोशिश की है। इसमें क्रूज कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जर और रियर एसी वेंट्स जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सुरक्षा के लिहाज से छह एयरबैग स्टैंडर्ड दिए गए हैं, जो इस कीमत में एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके अलावा एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ESC), रियर पार्किंग कैमरा, पार्किंग सेंसर और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) भी शामिल हैं। सेगमेंट में स्टैंडर्ड छह एयरबैग का मिलना इसे सुरक्षा के मामले में मजबूत दावेदार बनाता है।

### इंटीरियर : सादगी और उपयोगिता का मेल

- ग्रेवाइट का केबिन डिजाइन सादा, लेकिन कार्यात्मक है। डुअल-टोन ब्लैक और बेज थीम के कारण अंदर का माहौल खुला और हवादार महसूस होता है। डैशबोर्ड लेआउट परिचित जरूर है, लेकिन प्रेजेंटेशन में हल्के बदलाव इसे नया रूप देते हैं।
- बीच में 8-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। इसके नीचे मैनुअल क्लाइमेट कंट्रोल के लिए तीन रोटरी नॉब्स दिए गए हैं, जो उपयोग में सरल हैं।
- 7-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, पुश-बटन स्टार्ट और कीलेस एंट्री जैसे फीचर इसे आधुनिक स्पर्श देते हैं। सीटों पर लेदरेट फिनिश दी गई है और 8 एसी वेंट्स सुनिश्चित करते हैं कि सभी यात्रियों तक पर्याप्त ठंडी हवा पहुंचे। कुल मिलाकर, इसका इंटीरियर लक्जरी से ज्यादा व्यावहारिकता पर केंद्रित है।



### इंजन परफॉर्मेंस

ग्रेवाइट में 1-लीटर, 3-सिलेंडर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 72 पीएस की पावर और 96 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। माइलेज की बात करें, तो मैनुअल वर्जन 19.3 किमी/लीटर और एएमटी वर्जन 19.6 किमी/लीटर तक का सर्टिफाइड माइलेज देने का दावा करता है। यह इंजन मुख्य रूप से शहरी उपयोग और परिवारिक ड्राइविंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालांकि हाईवे पर फुल लोड के साथ इसकी परफॉर्मेंस औसत रह सकती है।

---

**मॉम फर्स्ट राइड**

## उत्साह, हिम्मत और आत्मनिर्भरता की यात्रा



मैंने जब गाड़ी चलाना सीखने के बारे में सोचा, तब मैं बहुत ज्यादा उत्साहित थी। सच कहूं तो मुझे पहले कभी अंदाजा नहीं था कि मैं भी गाड़ी चला पाऊंगी, लेकिन मन के भीतर एक दृढ़ इच्छा थी कि मुझे सीखना है। मुझे लगता था कि अगर घर में कोई भी व्यक्ति वाहन चला सकता है, तो मुझे भी यह कौशल आना चाहिए। यही सोच मेरे हौसले की सबसे बड़ी ताकत बनी।

इस पूरे सफर में मेरे पति और मेरी छोटी-सी बेटी ने मेरा बहुत साथ दिया। आज भी मुझे वह दिन याद है, जब पहली बार ड्राइविंग स्कूल के इंस्ट्रक्टर हमें सिखाने आते थे। उनका मॉर्निंग शेड्यूल होता था, इसलिए हमें सुबह लगभग साढ़े पांच या छह बजे तक पहुंच जाना पड़ता था। मेरे पति हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते थे और मेरी छोटी बेटी भी जाग जाती थी और कहती "मम्मी आपको सीखने जाना है।" उसका वह मासूम उत्साह मेरे लिए प्रेरणा बन जाता था।

पहली बार जब मैंने सड़क पर गाड़ी चलाई, तो दिल में थोड़ा डर था। वजह भी साफ थी कि सड़क पर गाड़ी चलाना सिर्फ खुद को संभालना नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी होता है। शुरुआत में हर मोड़ और हर ब्रेक पर घबराहट महसूस होती थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और अभ्यास बढ़ता गया, मेरे अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ने लगा। धीरे-धीरे डर की जगह विश्वास ने ले ली और ड्राइविंग मुझे मुश्किल नहीं, बल्कि आनंददायक लगने लगी।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो महसूस करती हूं कि मेरे परिवार के सहयोग और मेरे खुद के हौसले की वजह से ही मैं आज इतनी आत्मविश्वास से गाड़ी चला पाती हूं। यह अनुभव मेरे लिए सिर्फ एक नई स्किल सीखने का नहीं था, बल्कि खुद पर भरोसा करना और अपने डर को हराना सीखने का भी था। सच में, मेरा ड्राइविंग का अनुभव बहुत अच्छा रहा, क्योंकि इसमें मेहनत, साहस और अपनों का साथ तीनों शामिल थे। गाड़ी सीखने के शुरुआती दिनों में कई बार ऐसा हुआ कि चलते-चलते गाड़ी बंद हो जाती, क्लच ठीक से संभलता नहीं था और गियर बदलते समय समझ ही नहीं आता था कि क्या करूं। बीच सड़क पर ट्रैफिक चल रहा होता और मेरी गाड़ी रुकी खड़ी रहती, तो एक पल के लिए लगता था कि शायद मुझसे नहीं हो पाएगा, लेकिन अगले ही क्षण मैंने खुद को हौसला दिया, नहीं मुझे यह जरूर सीखना है। यही आत्मविश्वास धीरे-धीरे मेरे डर को ताकत में बदलता गया और आखिरकार मैं सफल हो गई।

***-प्रगति श्रीवास्तव, वाइस प्रिंसिपल, सरयू इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या।***

---

**काम की बात**

## होली के रंगों से अपनी कार को ऐसे रखें सुरक्षित

होली खुशियों, उमंग और रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग खुलकर जश्न मनाते हैं, लेकिन यही रंग और पानी हमारी कार के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। हवा में उड़ता गुलाल, पानी से भरे गुब्बारे और केमिकल युक्त रंग कार के पेंट पर जिद्दी दाग छोड़ जाते हैं। कई बार ये निशान इतने गहरे हो जाते हैं कि उन्हें हटाने के लिए प्रोफेशनल डिटेलिंग की जरूरत पड़ती है। अगर आप चाहते हैं कि होली के बाद भी आपकी कार पहले जैसी चमकती रहे, तो कुछ आसान सावधानियां अपनाना जरूरी है।

### सही जगह पार्किंग

कोशिश करें कि होली के दिन कार को कवर पार्किंग में ही खड़ा करें। यदि ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो अच्छी क्वालिटी का कार कवर जरूर इस्तेमाल करें। यह कवर रंगों के साथ-साथ धूल, धूप और अन्य बाहरी तत्वों से भी सुरक्षा प्रदान करता है। अगर कवर भी उपलब्ध न हो, तो कार को ऐसी जगह पार्क करें, जहां होली खेलने वाली भीड़ के पहुंचने की संभावना कम हो।

### कार पर वैक्स की परत

वैक्स पेंट के ऊपर एक सुरक्षात्मक लेयर बना देता है, जिससे रंग सीधे पेंट पर नहीं चिपकते। इससे बाद में सफाई करना भी आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, वैक्स कार को तेज धूप, धूल और पक्षियों की बीट से भी बचाने में मदद करता है। होली से पहले एक बार वैक्स करवा लेना समझदारी भरा कदम हो सकता है।

### खिड़कियां बंद रखना बेहद जरूरी

अक्सर लोग जल्दी में कार पार्क करते समय खिड़कियां पूरी तरह ऊपर करना भूल जाते हैं। इससे रंग या पानी कार के अंदर जा सकता है। खिड़कियां बंद रखने से न केवल केबिन सुरक्षित रहता है, बल्कि धूल और कीड़े-मकोड़े भी अंदर नहीं आते। यह आदत सिर्फ होली के लिए ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

### कार का इंटीरियर

कार के इंटीरियर की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी बाहरी हिस्से की। यदि आप होली खेलकर लौट रहे हैं, तो कोशिश करें कि गीले या रंग लगे कपड़ों में सीधे कार में न बैठें। बेहतर होगा कि एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़े साथ रखें। अगर कपड़े बदलना संभव न हो, तो सीट पर तौलिया बिछा लें ताकि रंग सीधे सीट से संपर्क में न आए। डैशबोर्ड और अन्य हिस्सों को बचाने के लिए प्लास्टिक शीट या कवर का उपयोग किया जा सकता है।

### अच्छे शैंपू से धोएं कार

यदि सभी सावधानियों के बावजूद कार पर रंग लग ही जाए, तो देर न करें। जितनी जल्दी सफाई की जाएगी, दाग उतनी आसानी से हटेंगे। कार को साफ पानी और अच्छे कार शैंपू से धोएं। कठोर केमिकल का उपयोग करने से बचें, क्योंकि इससे पेंट को नुकसान हो सकता है। इंटीरियर की सफाई के लिए भरोसेमंद क्लीनर का इस्तेमाल करें।



---

## सड़कों का महाजाल: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे के बीच का अंतर

*भारत का सड़क नेटवर्क आज दुनिया के सबसे विशाल और सुदृढ़ नेटवर्कों में से एक गिना जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक फैली ये सड़कें देश की अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। जब भी हम लंबी दूरी की यात्रा की योजना बनाते हैं, तो दो शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे। हालांकि आम बोलचाल में लोग इन्हें एक ही समझ लेते हैं, लेकिन तकनीकी, सुरक्षा और सुविधा के मामले में इनके बीच जमीन-आसमान का अंतर है। आइए आपको इनके बीच का अंतर बताते हैं।*



### नेशनल हाईवे

नेशनल हाईवे यानी राष्ट्रीय राजमार्ग, भारत के वे प्राथमिक मार्ग हैं, जो राज्यों की राजधानियों, बड़े औद्योगिक केंद्रों, महत्वपूर्ण बंदरगाहों और रणनीतिक सीमावर्ती क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य अंतर्राज्यीय परिवहन को सुगम बनाना है।

### प्रबंधन और विस्तार

इनका निर्माण और रख-रखाव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के अंतर्गत भारतीय नेशनल हाईवे प्राधिकरण (NHAI) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में भारत में 200 से अधिक मुख्य नेशनल हाईवे हैं, जिनका नेटवर्क लगभग 1.3 लाख किलोमीटर तक फैला हुआ है।

### बनावट और गति

ये सड़कें सामान्यतः दो से चार लेन की होती हैं। नेशनल हाईवे की एक मुख्य विशेषता यह है कि ये शहरों और कस्बों के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे स्थानीय यातायात भी इसमें शामिल हो जाता है। यहां कारों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी/घंटा और दोपहिया वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा निर्धारित की गई है।

- **एक रोचक तथ्य** – भारत का सबसे लंबा राजमार्ग NH-44 है, जो उत्तर में श्रीनगर से शुरू होकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक 3,745 किलोमीटर की अविश्वसनीय दूरी तय करता है।
- **एक्सप्रेसवे** – एक्सप्रेसवे को आप 'हाईवे का एडवांस वर्जन' कह सकते हैं। ये विशेष रूप से उच्च गति और निर्बाध यात्रा के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य दो बड़े बिंदुओं के बीच यात्रा के समय को न्यूनतम करना है।
- **कंट्रोल्ड ऐक्सेस**– एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत इसका 'कंट्रोल एक्सेस' होना है। इसका मतलब है कि आप अपनी मर्जी से कहीं से भी सड़क पर नहीं चढ़ सकते और न ही उतर सकते हैं। इसके लिए विशिष्ट 'एंट्री' और 'एग्जिट' पॉइंट्स बनाए जाते हैं।
- **लेन और सुविधाएं**– एक्सप्रेसवे आमतौर पर 6 से 8 लेन के होते हैं। यहां बीच में कोई चौराहे या रेड लाइट नहीं होती। सुरक्षा के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस लेन की व्यापक व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (302 किमी) इसकी आधुनिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- **रफ्तार का रोमांच**– एक्सप्रेसवे पर कारों के लिए गति सीमा 120 किमी/घंटा तक होती है। यहां छोटे रास्ते या गलियां सीधा नहीं जुड़तीं, जिससे दुर्घटना की संभावना काफी कम हो जाती है।

### मुख्य अंतर

- **ऐक्सेस कंट्रोल**– हाईवे पर कई छोटे रास्ते जुड़ते हैं, जबकि एक्सप्रेसवे पर केवल निर्धारित एंट्री-एग्जिट पॉइंट होते हैं।
- **सुरक्षा और चौड़ाई**– एक्सप्रेसवे ज्यादा चौड़े, सुरक्षित और तेज रफ्तार यात्रा के लिए बनाए जाते हैं।
- **वाहन नियम**– हाईवे पर दोपहिया चलते हैं, लेकिन एक्सप्रेसवे पर आमतौर पर इनकी अनुमति नहीं होती।
- **ड्राइविंग नियम**– हाईवे पर गति सीमा का पालन करें और छोटे कस्बों से गुजरते समय सावधानी बरतें।
- एक्सप्रेसवे पर लेन अनुशासन और निर्धारित प्रवेश-निकास का पालन अनिवार्य है।
- दोनों ही सड़कों पर ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में गाड़ी चलाना गंभीर अपराध माना जाता है।

## आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है भारत का इस्पात उद्योग

**नयी दिल्ली।** एक और जहां वैश्विक स्तर पर और चीन के इस्पात बाजार में गिरावट देखी जा रही है, वहीं भारत का इस्पात उद्योग लगभग आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर बनाए हुए है। सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एडवांस्ड रोलिंग टेक्नोलॉजी' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएमएमएस 2026) के उद्घाटन सत्र में सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्यिक - अतिरिक्त प्रभार) ए के पांडा ने कहा कि इस्पात उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 2 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2550, राज श्री 1860, फॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2040, सचिन 2080, सूरज 2065, अवसर 1930, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1930, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2260, चक्र टिन 2315, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2505 **किराना**–महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100 **चावल** –( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200 **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100 चीनी– पीलीभीत 4430, बहेड़ी 4270 **बरेली सर्राफा**–( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 171500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 167500, सिल्वर ( पक्की) 2950 (अनुमानित )

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती– 3200 मसूरी– 1400 बासमती– 7000–9200 परमल– 1800–3200 **दाल दलहन**– काला चना– 2200–3400 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 8000–11800 दाल उड़द– 6000 साबुत मसूर दाल– 3400 मसूर दाल– 1200 उड़द साबुत– 10000 काबुली चना– 6200–10200 अरहर दाल– 10200 –12400 लोबिया/करमानी– 2000–3800

### सतर्क रहें, सुरक्षित रहें




जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को समाज के हर वर्ग से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश करने वालों और आतंकी तंत्र को बनाए रखने के प्रयास करने वाले तत्वों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। श्री सिन्हा फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) द्वारा आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) अब जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। फोटो : एजेंसी

# फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस वृद्धि में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे। इसके अलावा कुछ चुनिंदा अति-विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत का स्लैब रखा गया था। कर कटौती लागू होने के पहले महीने में जीएसटी संग्रह में शुरुआती गिरावट देखी गई और नवंबर में राजस्व घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में हुई वृद्धि ने कर दरों में की गई कटौती की भरपाई कर दी है।

# ईरान संकट: पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक

## इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन ने निर्यातकों को दी एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करने की सलाह

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद हरियाणा के चावल निर्यातकों को ईरान और अफगानिस्तान जाने वाली खेप में व्यवधान और भुगतान में देरी का डर सता रहा है। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आवाजाही बाधित होने की आशंका के बीच शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालने की सलाह दी गयी है।

राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने रविवार को कहा कि व्यापार पर संघर्ष का कुछ असर पहले ही शुरू हो चुका है। ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह- बंदर अब्बास के रास्ते ईरान या अफगानिस्तान जाने वाली खेप रुक गई है। जैन ने बताया कि स्थिति सुधरने तक ये खेप फंसी रहेगी, जिससे बाजार प्रभावित होगा। भुगतान में भी देरी हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि संघर्ष कितने समय तक चलता है। बासमती निर्यात के बारे में जैन ने बताया कि भारत के कुल वार्षिक निर्यात में हरियाणा का योगदान लगभग 35 प्रतिशत है।




● **संघर्ष का असरः रुक गयी बंदर अब्बास के रास्त ईरान-अफगानिस्तान जाने वाली खेप**

इसबीच इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने अपने सदस्यों को ईरान और खाड़ी के कुछ हिस्सों के लिए नए सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) सौदों से बचने की सलाह दी है। फेडरेशन ने रविवार को जारी एक परामर्श में निर्यातकों से कहा है कि जहां तक संभव हो वे एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करें। इस व्यवस्था के तहत अंतरराष्ट्रीय खरीदार माल ढुलाई, बीमा और संबंधित जोखिमों को वहन करता है, जिससे भारतीय निर्यातक निश्चित मूल्य वाले अनुबंधों पर अचानक बढ़ने वाली लागत के जोखिम से बच जाते हैं।

निर्यातकों के निकाय ने चेतावनी दी कि ईरान और यूएई के घटनाक्रम 'बंकर' (मालवाहक जहाजों में प्रयुक्त ईंधन) की कीमतों को बढ़ा सकते हैं... कम समय के नोटिस पर कंटेनर और बल्क फ्रेट में भारी वृद्धि हो सकती है। साथ ही, बीमा प्रीमियम में भी तेज उछाल की आशंका जताई गई है। भारत के चावल निर्यात के लिए यह संकट काफी बड़ा है, क्योंकि अफ्रीका और पश्चिम एशिया को होने वाला निर्यात कुल राष्ट्रीय चावल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है।

करनाल के चावल मिल मालिक नीरज कुमार ने कहा कि कल संघर्ष शुरू होने के बाद से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। ईरान बासमती का हमारा सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि इसका निर्यात यूएई, ओमान, यमन और इराक जैसे अन्य देशों में भी किया जाता है।

### सरकार-निर्यातकों-शिपिंग कंपनियों की बैठक आज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों के बीच भारतीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में निर्यातकों, शिपिंग कंपनियों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तेजी से बदलते हालात के बीच भारतीय व्यापार पर इसके असर को समझने के लिए आयोजित इस बैठक में कुछ लोग सीधे और कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल होंगे। निर्यातकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होंगे।

# इजराइलः हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षितः अदाणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ईरान के साथ बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि इजराइल स्थित उसका 'हाइफा बंदरगाह' पूरी तरह सुरक्षित है और परिचालन की स्थिति में है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) ने एक बयान में कहा कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां तथा बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें हाइफा को भी निशाना बनाया गया है।

बयान में कहा गया, "हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित एवं परिचालन की स्थिति में है।" हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ईरान के किसी ड्रोन या मिसाइल ने बंदरगाह को नुकसान पहुंचाया है या नहीं।

### तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं, बढ़ सकती हैं कीमतें

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों की राय में हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की संभावना कम है। केपलर के शीर्ष शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शुरुआती प्रभाव मात्रा के बजाय कीमत आधारित होने की संभावना है।

### बिजनेस ब्रीफ

#### एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में भी उनका निवेश 18,791 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 3,896 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

#### दीपक गुप्ता ने गेल का चेयरमैन पद संभाला

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पद संभाल लिया है।

# टॉप नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.18 हजार करोड़ रुपये घटा

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,18,902 करोड़ रुपये घट गया जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर (एचयूएल) को एमकैप में फायदा हुआ है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप सबसे ज्यादा 55,852 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,580 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 34,846 करोड़ रुपये घट गया। बजाज फाइनेंस को एमकैप में 20,316 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को 18,181 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सार्वजनिक

● **एयरटेल का एमकैप सर्वाधिक 55,852 करोड़ रुपये घटा**

क्षेत्र के एलआईसी का एमकैप 14,990 करोड़ रुपये कम हुआ। निर्माण एवं अभियांत्रिकी कंपनी एलएंडटी का बाजार पूंजीकरण 13,715 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 13,061 करोड़ रुपये घट गया। आईसीआईसीआई बैंक को एमकैप में 10,360 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एफएमसीजी कंपनी एचयूएल का एमकैप 5,463 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,86,833 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम है।

एचडीएफसी बैंक 13,65,659 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और स्टेट बैंक 11,09520 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

# धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों - राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी।

धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब एसबीआई ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ऋण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के पारित उन आदेशों को बरकरार रखते हुए इन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

# पहली अप्रैल से लागू होगी सीमा शुल्क बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई'

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी। इसके तहत आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी। एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-




टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

इसमें आगे कहा गया कि यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'''' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान ''आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016'' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

ईएमआई योजना को भरोसे पर आधारित सुविधा के तौर पर डिजाइन किया गया है, जो नियमों का पालन करने वाले विनिर्माताओं को आसान प्रक्रिया का लाभ उठाने का अवसर देती है। इसके अलावा इससे अनुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।

# राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू' (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर एजेंसी द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है।

### विस्तार

## यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक अगुवा बनने का इरादा

# अब शिक्षा क्षेत्र में दांव लगाने को तैयार मफतलाल समूह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

कभी मशहूर कपड़ा ब्रांड रहा अरविंद मफतलाल समूह अब शिक्षा क्षेत्र में बड़ा दांव लगाने जा रहा है। समूह का इरादा यूनिफॉर्म (स्कूलों, अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली वर्दी) से लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) तक की पेशकश करने का है। समूहके वाइस-चेयरमैन प्रियव्रत मफतलाल ने यह जानकारी दी।

समूह की प्रमुख कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज कपड़ा, विशेषरूप से यूनिफॉर्म क्षेत्र पर खास ध्यान देगी। इसके साथ ही कंपनी प्रौद्योगिकी, भविष्य के कौशल, उद्यमिता और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। परिवार की तीसरी पीढ़ी से जुड़े प्रियव्रत मफतलाल ने एजेंसी के साथ साक्षात्कार में समूह की दीर्घावधि की महत्वाकांक्षा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम सिर्फ कपड़ा क्षेत्र के अलावा और भी बहुत कुछ कर रहे हैं...।

मफतलाल इंडस्ट्रीज जिसकी 120 साल से ज्यादा की विरासत है। स्कूल, कॉरपोरेट और अस्पतालों के लिए यूनिफॉर्म या वर्दी बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। समूह की दूसरी कंपनियों में रबड़ केमिकल बनाने वाली एनओसीआईएल, भविष्य के कौशल पर केंद्रित लर्निंग स्टार्टअप '' गेट सेट लर्न'' और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी व्रत टेक साल्यूशंस शामिल हैं।



प्रियव्रत मफतलाल

उन्होंने कहा कि कपड़ा स्पष्ट तौर पर हमारा मुख्य क्षेत्र है। यूनिफॉर्म ऐसी चीज़ है जिसे हम बदलना चाहते हैं...आज किसी के पास कपड़ा खरीदने, दर्जी के पास जाने का समय नहीं है। आप चाहते हैं कि सिलेसिलाए कपड़े आपके घर आएं, खासकर यूनिफॉर्म के लिए।'

मफतलाल ने कहा, हालांकि कुछ कंपनियां घर पर रेडिमेड यूनिफॉर्म की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन अगर हम इसे बड़े पैमाने पर कर सकें, तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। शिक्षा के क्षेत्र में, उन्होंने कहा कि समूह स्तर पर, हम शायद दुनिया के अकेले या उन कुछ खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित होना चाहेंगे जो आपको यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक सब कुछ दे रहे हैं।

बताया-हम सरकारी स्कूलों में कक्षाओं को डिजिटल कर रहे हैं। उन्हीं सरकारी स्कूलों के साथ, अब हम आईसीटी लैब, पीएएल लैब और रोबोटिक लैब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'गेट सेट लर्न' का जिक्र करते हुए, मफतलाल ने कहा कि यह सिर्फ भविष्य के कौशल... उद्यमिता और भविष्य के उद्यमिता रोबोटिक्स, एआई, करियर और जीवन में काम आने वाले कौशल पर काम कर रही है। हम इसे दुनिया के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे हार्वर्ड, कैम्ब्रिज, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी रुड़की, वीईएक्स... के साथ बना रहे हैं। वे भविष्य के कौशल के तहत आने वाले इस सफर पर मिलकर चलने के लिए हमारे साथ भागीदारी कर रहे हैं। यह बताते हुए कि समूह स्वच्छता क्षेत्र में स्क्रब, अस्पताल कर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी, डायपर और सैनिटरी नैपकिन में भी मुख्य रूप से शामिल है।

# सावधान ! 'सिम बाइंडिंग' नियम लागू बिना सिम कार्ड नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में डिजिटल सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए भारत सरकार ने आज पहली मार्च 2026 से मैसेजिंग ऐप्स के लिए नए 'सिम बाइंडिंग' नियमों को अनिवार्य कर दिया है। अब व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे प्लेटफॉर्म्स का उपयोग केवल तभी किया जा सकेगा जब संबंधित मोबाइल नंबर का फिजिकल सिम कार्ड डिवाइस में सक्रिय रूप से मौजूद हो।

**क्या है नया नियम?**

दूरसंचार विभाग के टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी (टीसीएस) रूल्स, 2024 के तहत अब मैसेजिंग ऐप्स का सीधा जुड़ाव




सक्रिय सिम कार्ड से होगा। पहले केवल एक बार ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होता था, जिसके बाद सिम हटा देने पर भी ऐप चलता रहता था। लेकिन अब सिम कार्ड निकालते ही या इनएक्टिव होते ही व्हाट्सएप काम करना बंद कर देगा। व्हाट्सएप वेब पर भी सख्ती डेस्कटॉप या लैपटॉप पर व्हाट्सएप वेब इस्तेमाल करने वालों को अब हर 6 घंटे में ऑटो-लॉगआउट का सामना करना पड़ेगा। दोबारा लॉगिन के लिए यूजर को अपने उसी प्राइमरी फोन की जरूरत होगी जिसमें सिम कार्ड लगा है।

यह कदम साइबर अपराधियों द्वारा वेब वर्जन के जरिए किए जाने वाले अवैध एक्सेस को रोकने के लिए उठाया गया है।

**इन ऐप्स पर पड़ेगा असर**

यह नियम उन सभी ऐप्स पर लागू है जो मोबाइल नंबर आधारित लॉगिन का उपयोग करते हैं, जिनमें WhatsApp, Telegram, Signal, Snapchat, JioChat और Arattai शामिल हैं।

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हमले को किया नाकाम

● पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार सुबह की थी हमले की कोशिश



**काबुल, एजेंसी**

पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया । पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया, बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ।

## क्या टूट जाएगी तेल की धारा

## होर्मुज जलडमरूमध्य



होर्मुज जलडमरूमध्य वर्तमान वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था का वह चोक पॉइंट है, जिसकी धड़कनें रुकने का अर्थ है पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का थम जाना। इसे दुनिया की तेल की जीवन रेखा कहा जाता है। जब भी मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, चाहे वह ईरान-इजराइल संघर्ष हो या ईरान-अमेरिका टकराव, ईरान अक्सर इस रास्ते को बंद करने की धमकी देता है। इस बार अमेरिकी-इजराइली हमले के बाद भी उसने यह धमकी दी है। ईरान के पास इस जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ है, इसका पूरा उत्तरी तट ईरान के नियंत्रण में है। यदि ईरान इस रास्ते को बंद करता है, तो केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक सुनामी होगी। तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का टूटना और ऊर्जा सुरक्षा पर मंडराता खतरा दुनिया को एक गहरी मंदी की ओर धकेल सकता है।

### कच्चे तेल का अहम रास्ता

● होर्मुज जलडमरूमध्य केवल पानी का एक संकरा रास्ता नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता के पहियों को घुमाने वाला मुख्य धमन मार्ग है। भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तर में ईरान और दक्षिण में ओमान व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। इसकी सबसे कम चौड़ाई मात्र 33 किलोमीटर के आसपास है, लेकिन इसका महत्व इसकी चौड़ाई से कहीं अधिक विशाल है। दुनिया भर में खपत होने वाले कुल कच्चे तेल का लगभग 20% से 30% हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। सांख्यिकीय दृष्टि से देखें तो प्रतिदिन लगभग 1.9 से 2.1 करोड़ बैरल तेल यहाँ से टैंकरों के माध्यम से निकलता है।

### भारत के लिए गहरा संकट

● भारत अपनी जरूरत का 85% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा फारस की खाड़ी से आता है।

● आर्थिक झटका : तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी भारत के राजकोषीय घाटे को बढ़ा देती है। यदि कीमतें दोगुनी हुईं, तो भारतीय रुपया ऐतिहासिक गिरावट देख सकता है।

● पेट्रोल-डीजल के दाम : देश में ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी, जिससे माल ढुलाई महंगी होगी और आम आदमी की थाली पर सीधा असर पड़ेगा।

● ऊर्जा सुरक्षा : भारत के रणनीतिक तेल भंडार केवल कुछ ही दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। लंबे समय तक रास्ता बंद रहने पर उद्योग ठप हो सकते हैं।

● प्रवासी भारतीय : खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति में उनकी सुरक्षा और वहां से आने वाले रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर खतरा मंडराएगा।

### दुनिया के सामने क्या हैं विकल्प

● पाइपलाइन का विस्तार : सऊदी अरब ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन बनाई है जो तेल को लाल सागर तक ले जा सकती है। इसी तरह यूएई ने हबशान-फुजैराह पाइपलाइन बनाई है।

● रणनीतिक भंडार : भारत, अमेरिका और चीन जैसे देश अपने जमीन के नीचे स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व कर रहे हैं ताकि संकट के समय 15-90 दिनों तक काम चल सके।

● नवीकरणीय ऊर्जा : इस निर्भरता को कम करने का दीर्घकालिक समाधान सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना है।

● कूटनीति : अमेरिकी टास्क फोर्स इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अजय डबास डेल्टा फोर्स के जीओसी बने

**जम्मू।** मेजर जनरल अजय सिंह डबास ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बल (डेल्टा) की कमान संभाल ली है। उन्होंने मेजर जनरल ए.पी.एस. बल का स्थान लिया है। डेल्टा फोर्स का गठन पांच सितंबर 1994 को हुआ था और इसका मुख्यालय रामबन जिले के बटोटे क्षेत्र में स्थित है। यह बल चेनाब घाटी के रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद को काफी हद तक समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। पदभार संभालने के बाद, मेजर जनरल डबास ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी

**नई दिल्ली।** ब्लूम्सबरी इंडिया ने अपनी पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तके जारी कीं, जिनमें हैरी पॉटर के अलग-अलग पात्रों से जुड़ी कहानियों के अहम पल और मजेदार जानकारियां शामिल हैं। ये दोनों पुस्तकें लूना लवगुड और एल्बस डंबलडोर के किरदारों को समर्पित हैं। पिछले साल हैरी पॉटर, रॉन वीस्ली और हर्मियोनी ग्रेंजर पर आधारित पुस्तकें पॉकेट पॉटर्स के नाम से जारी हुई थीं। भारत में हैरी पॉटर के आधिकारिक प्रकाशक ब्लूम्सबरी ने बताया कि डॉबी और हैग्रिड पर आधारित अतिरिक्त पुस्तकें अगस्त में जारी किए जाने की योजना है।

### सीजेआई ने तिरुमला मंदिर में की पूजा

**तिरुमला।** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार सुबह विश्व प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सीजेआई का पद संभालने के बाद शनिवार शाम मंदिर नगरी का अपना पहला दौरा किया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पुजारियों और अधिकारियों ने मुख्य मंदिर परिसर के महाद्वारम पर आगमन के समय उनका पारंपरिक स्वागत किया।

### कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान स्थित (केएनपी) कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा तथा इसे वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यादव ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उद्यान के अंदर पालपुर किले के पास कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुओं को छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाल और कछुओं की आबादी का संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

● पुडुचेरी में 2700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की

**पुडुचेरी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस केंद्र शासित प्रदेश में उसका शासन राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, तथा यह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम की तरह था। द्रमुक पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जनता पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची देख सकती है, जहां द्रविड़ पार्टी का शासन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस के पूर्व शासनकाल के दौरान राशन की दुकानों में चावल नहीं था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडे तथा ड्रग माफिया का राज था। मोदी ने यहां नई परियोजनाओं की शुरुआत और नई पहलों के लिए आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक पुडुचेरी के विकास पथ में गतिरोधक बन गए हैं। यहां 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को केवल राज्यों के लिए बनाई गई पूंजी निवेश से जुड़ी विशेष सहायता योजना में शामिल किया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में पुडुचेरी क्षेत्र की भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक हमें एक विकसित पुडुचेरी, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा, पुडुचेरी की डबल इंजन सरकार इस मिशन में आपके साथ है और हम सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी के लिए काम करते रहेंगे।



पुडुचेरी में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### युवाओं के सपने साकार करने को कर रहे काम

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना में शामिल किया है, जो केवल राज्यों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कदम से सड़कों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के रूप में केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पांडिचेरी विश्वविद्यालय में भी बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है। उन्होंने कहा, सशक्त युवा ही विकास की नींव हैं। हम उनके सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और आधुनिक छात्रावास सुविधाएं कई छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा को मजबूत करेंगी।

### पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग

एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार के प्रमुख मुख्यमंत्री एन रंगासामी ने प्रधानमंत्री से पुडुचेरी की राज्य का दर्जा देने की मांग को स्वीकार करने की अपील की। कार्यक्रम में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पुडुचेरी वर्षों से लगातार राज्य का दर्जा देने की गुहार लगा रहा है और प्रस्तावों के माध्यम से केंद्र से मांग कर रहा है। रंगासामी ने कहा कि विधानसभा में 13 मौकों पर प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने के लिए केंद्र को भेजा गया। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा देने की मांग पुडुचेरी के लोगों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हमारी मांग मान लेंगे।

## जम्मू में सुशासन सम्मेलन कराएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से तीन मार्च को जम्मू में एक-दिवसीय राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के जिलों द्वारा अपनाई गई उन नवोन्मेषी शासन पद्धतियों को प्रदर्शित और प्रसारित करना है, जिनसे सेवा वितरण, नागरिक कल्याण और स्थानीय विकास में सुधार हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन करेंगे। कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का विषय 'जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में परिवर्तन' है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित 2023 और 2024 की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले सत्र से होगा, जिसमें एलुरु (आंध्र प्रदेश), गोमती (त्रिपुरा), कोरापुट (ओडिशा) और करगिल सहित विभिन्न जिलों एवं संस्थानों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। सम्मेलन में उन शासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के तहत मान्यता प्राप्त हुई है।

# प. बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटाया गया

● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया दावा



**कूच बिहार, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

कूच बिहार में पार्टी की परिक्रमा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। ये न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया।

### तो मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जाएंगे: नड्डा

कृष्णानगर। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को घुसपैठियों का केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है।

# विकसित भारत युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

● परमेश्वरन स्मृति व्याख्यानमाला में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की।

सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विवि व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## महासमुंद जिले में 15 नक्सलियों ने डाले हथियार

**महासमुंद।** माओवदियों के संगठन में विशेष क्षेत्रीय समिति स्तर के सदस्य विकास सहित 15 नक्सलियों ने रविवार को महासमुंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली प्रतिबंधित संगठन के बालांगीर-बरगढ़-महासमुंद डिवीजन से संबंधित थे और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग की भी जिम्मेदार संभाल रहे शर्मा ने इस घटनाक्रम को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्रशिक्षण देने त्रिंकोमाली पहुंचा आईएनएस तरंगिनी

● श्रीलंका की नौसेना के चयनित जवान पोत पर होंगे सवार

**नई दिल्ली/कोलंबो, एजेंसी**

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिनी एक प्रशिक्षण यात्रा के हिस्से के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंच गया है। नौसेना प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यात्रा के दौरान तरंगिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के उप कमांडर कोमोडोर हरिता जयदेवत से मुलाकात की और पाल प्रशिक्षण में सहयोग पर चर्चा की।

जहाज ने श्रीलंकाई सैनिकों, उनके परिवारों और प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जहाज पर एक परिचय दौरे की मेजबानी की। जहाज के इस बंदरगाह प्रवास के दौरान सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों और प्रशिक्षण आदान-प्रदान की योजना बनाई गई है। श्रीलंका नौसेना और समुद्री अकादमी के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी कोलंबो तक की यात्रा के लिए आईएनएस तरंगिनी पर सवार होंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। आईएनएस तरंगिनी की संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डिजाइनर कॉलिन मुडी ने की थी और इसका निर्माण स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया था। पोत में एक मजबूत स्टील हल है और एल्युमीनियम डेकहाउस है और सागौन लकड़ी की बारीक नक्काशी से इसके आंतरिक भाग को सजाया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज व्यवसाय में वृद्धि हेतु कुछ धन का निवेश कर सकते हैं। पुराने संपर्क से लाभ होगा। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला** – आज नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों के कारण लोकप्रियता बढ़ेगी। धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**वृष** – आज नया काम शुरु न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है।

**वृश्चिक** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। अनुभवी लोगों से आपके संबंध मधुर होंगे।

**मिथुन** – आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। काम का दबाव बढ़ने से आप थोड़े नाखुश रहेंगे।

**कर्क** – आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में नए प्रयोग लाभकारी हो सकते हैं। मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा।

**मकर** – आज कोई बड़ा निर्णय न लें। व्यापार में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नई जॉब ढूंढ रहे लोगों को परेशानी होगी।

**सिंह** – आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। प्रेम-संबंधों में निकटता बढ़ेगी। धार्मिक लोग किसी साधना को लेकर विचारशील रहेंगे।

**कुंभ** – आज अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस से बहस होने की आशंका है।

**कन्या** – आज सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे। संपत्ति के विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान कर सकते हैं।

**मीन** – आज प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होंगे। आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

# सिद्धार्थ चटर्जी वियना स्थित थिंक टैंक की संभालेंगे कमान

● बनाए गए ग्लोबल नेबर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**बीजिंग, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र के भारतीय मूल के अनुभवी राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी को वियना स्थित थिंक टैंक ग्लोबल नेबर्स का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। चीन में रविवार को संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर (आरसी) के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद चटर्जी (62) की यह नियुक्ति हुई है।

चीन में 2021 में संयुक्त राष्ट्र के 26 कार्यालयों के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति काफी चर्चा में रही थी क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख गतिरोध को लेकर भारत-चीन तनाव के बीच हुई थी। भारत में पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे चटर्जी ने संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी थीं और उन्हें 1995 में वीरता के लिए सम्मानित किया गया था। ग्लोबल नेबर्स द्वारा जारी बयान में कहा गया कि चटर्जी को दो मार्च से प्रभावी रूप से इसका सीईओ नियुक्त किया गया है। ग्लोबल नेबर्सकी स्थापना 2022 में उद्यमी जोवांका पोर्श, ऑस्ट्रिया के पूर्व चांसलर क्रिश्चियन केर्न और जर्मनी के पूर्व उप-चांसलर फिलिप रोस्लर ने की थी। इसका उद्देश्य व्यापार, राजनीति और समाज के हितधारकों के बीच तथ्य-आधारित संवाद के लिए एक मंच तैयार कर यूरोप, एशिया और अन्य क्षेत्रों के बीच सेतु का निर्माण करना है।

**भारतीय संगीत परंपरा** | उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने केरल के त्रिशूर में रखी चेतना गणाश्रम की नींव


# लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है संगीत

● भारत में संगीत की समृद्ध परंपरा हजारों साल पुरानी

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**

उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत में संगीत एक ऐसा शक्तिशाली सूत्र है, जो लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने यहां नादतारा में कुरियाकोस इलियास सर्विस सोसाइटी की पहल गणाश्रम (संगीत-आध्यात्मिक केंद्र) के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। राधाकृष्णन ने कहा, भारत की अपनी समृद्ध संगीत परंपरा है, जो हजारों साल पुरानी है।

भारत का संगीत एक आध्यात्मिक सफर, ध्यान, प्रार्थना और जीवन का उत्सव है। संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने कहा कि भारत की बात करते समय हम एक प्राचीन सभ्यता की बात करते हैं, जिसकी आत्मा संगीत में अपनी शुद्धतम अभिव्यक्ति पाती है। उन्होंने कहा, वेदों के स्तोत्रों से लेकर संतों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों तक, संगीत हमारी सभ्यता में पवित्र गंगा की तरह बहता रहा है। उन्होंने कहा कि सामवेद के मंत्र दुनिया में व्यवस्थित संगीत के शुरुआती आधारों में से हैं। उन्होंने कहा, चोल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों में प्राचीन दक्षिण भारत की संगीत संस्कृति के जीवंत प्रमाण मिलते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत की संगीत विरासत अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत परंपराओं की बड़ी विविधता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर की हिंदुस्तानी और दक्षिण की कर्नाटक शास्त्रीय परंपराएं ध्वनि की गहन प्रणालियां हैं, जिन्हें सदियों से महान गुरुओं ने समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, त्यागराज की अमर रचनाएं आज भी मन में नयी उमंग भर देती हैं। तानसेन की प्रतिभा इतिहास में गूंजती है।



### हमारे भीतर की भावना से जुड़ता है सप्तस्वर

राधाकृष्णन ने कहा कि पश्चिमी संगीत हो या भारतीय, दुनिया भर में स्वर तो सात ही हैं। उन्होंने कहा, प्रत्येक सप्तस्वर हमारे भीतर की भावनाओं से जुड़ता है। एक सुकून देने वाला राग चिंता कम कर सकता है, भक्तिमय रचना मनोबल बढ़ा सकती है और जीवंत धुन ऊर्जा भर सकती है।" उन्होंने कहा, संगीत और ध्यान के जरिए सभी धर्मों के लोगों को एक आध्यात्मिक छत्र के नीचे लाने के लिए मैं गणाश्रम की सराहना करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 17.55 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्लेषा 19.51 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

### सुडोकू - 77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |



मुझे लगता है कि हम एक भी विभाग में रणनीति पर अमल नहीं कर पाए। गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों ने कुछ असाधारण शॉट खेले। हमने वापसी की कोशिश की लेकिन असफल रहे। बल्लेबाजी में भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए।
–प्रतिका रावल


# स्टेडियम

हल्द्वानी, सोमवार, 2 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराकर जीती सीरीज

**सेडन पार्क।** न्यूजीलैंड ने रविवार को सेडन पार्क में जिम्बाब्वे के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए, हैमिल्टन में अपने विरोधियों को 10 विकेट से हराकर महिला सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। नेन्सी पटेल (8 रन देकर 3 विकेट) और जेस केर (6 रन देकर 2 विकेट) ने जिम्बाब्वे को सिर्फ़ 64 रन पर रोक दिया, यह टारगेट न्यूज़ीलैंड ने 5 .4 ओवर में हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का ज़िम्बाब्वे का फ़ैसला बहुत बुरा साबित हुआ। उनकी पारी पावरप्ले में ही बिखर गई, और एक डिसिप्लिन्ड अटैक ने उन्हें बुरी तरह हरा दिया। जेस केर ने तीसरे ओवर में केलिस नधलोवू को आउट करके पहला विकेट लिया। अगली ही गेंद पर मोडेस्टर मुपाचिकवा रन आउट हो गयी, जो एक ऐसी बड़ी गलती थी जिससे पता चलता है कि टीम पहले से ही परेशान थी।

### आकिब ने दिलाई जम्मू-कश्मीर को नई पहचान


**श्रीनगर।** आक़िब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान, ये जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आक़िब नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफ़ी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आख़िरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था।

### गुकेश को नवारा ने बराबरी पर रोका

**प्राग (चेक गणराज्य)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं।

### जयसूर्या छोड़ेंगे मुख्य कोच का पद

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने कहा मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा।



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

# वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

## टी-20 विश्व कप : संजू सैमसन ने खेली नाबाद 97 रनों की पारी, फाइनल के लिए इंग्लैंड से होगा मुकाबला

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत के खिलाफ 'क्वार्टर फाइनल' की तरह खेले जा रहे टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 195 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन की 97 रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले रोस्टन चेस ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 25 गेंद में 40 रन बनाए। उन्होंने शाइ होप के साथ पहले विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। होप ने 33 गेंद में 32 रन बनाये। दोनों ने अच्छी शुरूआत करते भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

भारत ने हालांकि 12वें ओवर में वापसी की जब जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाए। इसके बाद हालांकि रोवमैन पॉवेल और जैसन होल्डर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांचवें विकेट के लिये सिर्फ 35 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। पॉवेल ने 19 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाये जबकि होल्डर ने 22 गेंद में 37 रन बनाये जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। बीच के ओवरों में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत ने उन्हें डैथ ओवरों के लिये बचाकर रखा जिसका कोई फायदा नहीं हुआ। पॉवेल ने अर्शदीप सिंह को 16वें ओवर में अच्छी खासी नसीहत देते हुए 24 रन निकाले।

अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बुमराह ने चार ओवर में 36 रन देकर दो विकेट चटकाये। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारतीय टीम शुरूआत में दबाव में दिखी जब वेस्टइंडीज ने 53 गेंद में 68 रन जोड़ लिये।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर कप्तान होप और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए चेस ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन बनाये। इसके बाद होप ने हार्दिक पंड्या को मिडविकेट पर छक्का लगाया। अक्षर ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत का क्षेत्ररक्षण ढीला था। चेस को जीवनदान भी मिला जब वरूण चक्रवर्ती ने गलत छोर पर थ्रो फेंककर रनआउट का मौका गंवा दिया।

इसके बाद अभिषेक शर्मा ने कवर पर उनका आसान कैच छोड़ा जब वह 14 रन पर थे। वरुण को नौवें ओवर में गेंद सौंपी गई जिन्होंने होप को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। शिमरोन हेटमायेर ने आते ही पंड्या को छक्का लगाया और उस ओवर में 13 रन बने। इसके बाद उन्होंने वरुण को चौका और छक्का जड़ा। बुमराह ने 12वें ओवर में हेटमायेर और चेस को आउट किया। हेटमायेर ने 12 गेंद में 24 और चेस ने 25 गेंद में 40 रन बनाए।



एक-दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### वेस्टइंडीज

**195/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शाइ होप बो वरूण | 32 |
| रोस्टन चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| हेटमायेर का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-43-0, पंड्या 4-0-40-1, अक्षर 4-0-35-0 बुमराह 4-0-36-2, वरुण 4-0-40-1

**02** विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे जसप्रीत बुमराह

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.259 |
| 2. भारत | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.106 |
| 3. वेस्टइंडीज़ | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.993 |
| 4. जिम्बाब्वे | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.415 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर शृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की

**होबार्ट, एजेंसी**

कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर शृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी।

हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे। वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए।



शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करतीं कप्तान एलिसा हीली। एजेंसी

- कप्तान एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

### किसी परीकथा जैसा था आखिरी मैच : हीली

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी मैच में 158 रन की शानदार पारी खेलकर विश्व चैंपियन भारत पर 185 रन की जीत से वनडे से शानदार विदाई लेने के बाद क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया अदा किया। पैंतीस साल की हीली के लिए यह किसी परीकथा जैसा आखिरी पल था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई हीली ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि हम कितना अजीब खेल खेलते हैं कि यह आपको इतनी बार नीचे गिरा सकता है और फिर आपको आज जैसे मौके दे सकता है। उन्होंने कहा मुझे हर उपलब्धि वाला मैच पसंद नहीं आया इसलिए आज बस क्रीज पर जाकर उसका मजा लेने का मौका था।

# दक्षिण अफ्रीका ग्रुप में टॉप पर जिम्बाब्वे खाता नहीं खोल सका



जीत दर्ज करने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों से हाथ मिलाते साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को यहां पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तब सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा।

रजा की 43 गेंद में आठ चौके और चार छक्के समेत 73 रन की पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जायेगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले ओवर में ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर चलता करने के बाद कप्तान एडेन मारक्रम (चार) को पवेलियन की राह दिखाई। डिकॉक का कैच विकेटकीपर मारुमनी ने लपका जबकि मारक्रम बोल्ड हुए।

- जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने हरफनमौला खेल से सराहनीय प्रदर्शन किया

### जिम्बाब्वे

**153/7** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| तदिवानाशे मारुमनी बो मफाका | 07 |
| ब्रायन बेनेट का मारक्रम बो नोर्किया | 15 |
| डियोन मायर्स का ब्रेविस बो लिंडे | 11 |
| सिकंदर रजा का मिलर बो मफाका | 73 |
| रेयान बर्ल पगबाधा एनगिडी | 05 |
| टोनी मुनयोंगा बो बोश | 02 |
| क्लाइव मदांडे नाबाद | 26 |
| ब्रैड इवांस बो बोश | 08 |
| वेलिंगटन मसाकदजा नाबाद | 01 |

गेंदबाजी : लिंडे 3-0-22-1, मफाका 4-0-21-2, एनगिडी 4-0-29-1, नोर्किया 4-0-29-1, बोश 4-0-40-2, मारक्रम 1-0-11-0

### दक्षिण अफ्रीका

**154/5** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम बो सिकंदर रजा | 04 |
| डिकॉक का मारुमनी बो रजा | 00 |
| रेयान रिकेल्टन का बर्ल बो इवांस | 31 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्ल बो रजा | 42 |
| मिलर का मायर्स बो मुजरबानी | 22 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 |
| जॉर्ज लिंडे नाबाद | 30 |

गेंदबाजी : रजा 4-0-29-3, मुजरबानी 3 .5-0-22-1, इवांस 3-0-22-1, क्रीमर 2-0-27-0, मसाकद्जा 2-0-23-0, बर्ल 2-0-12-0

**13** गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका ने हासिल किया लक्ष्य

## प्रतिक्रिया

### टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटर बोले- दो साल बाद मिले मौकों को भुना नहीं पा रहे हम

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत में फैली घोर निराशा



**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान ने भले ही अपना टी-20 विश्व कप अभियान जीत के साथ खत्म किया हो लेकिन इस बड़े टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से देश का क्रिकेट जगत बहुत निराश है।

पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने रविवार को कहा आपको अपने देश के क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की छाप छोड़ने के लिए दो साल में एक मौका मिलता है और आप फिर से विफल हो जाते हैं। यह सब देखना बहुत निराशाजनक है। मियांदाद ने कहा कि ऊंची रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ टीम का प्रदर्शन बहुत बड़ी चिंता की बात है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अब कुछ बड़े फैसले लेने की जरूरत है।

पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में खुद को स्थापित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए और वे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा अब आगे बढ़ने और अपनी गलतियों से सीखने का समय है।

पूर्व कप्तान मोइन खान ने कहा कि जब तक पाकिस्तान ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हरा पाता, तब तक वह कभी भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाएगा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा आप कोई बड़ा टूर्नामेंट तब तक नहीं जीत सकते जब तक आपके पास शीर्ष टीमों को हराने की काबिलियत नहीं हो। बदकिस्मती से हमने चयन और मैदान पर बहुत सारी गलतियां की हैं। हमारे मुख्य खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा नहीं कर पाए।

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मौजूदा कप्तान सलमान अली आगा और शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज जैसे दूसरे सीनियर खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हो रही है। आगा के घर लौटने के बाद उन्हें कप्तानी के पद से हटाने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के कोच रह चुके सकलेन मुश्ताक को भी अपने दामाद शादाब के प्रदर्शन का दोष मुख्य कोच माइक हेसन पर डालकर उनका बचाव करने की कोशिश करने के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए : आगा

**पल्लेकल।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। पर यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे।